फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 48 प्रभात जयपुर, रविवार 18 सितम्बर, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Selectors need to have a vision, else it won't work out: Dilip


The Mumbai-based Vengsarkar spoke to this Columnist for over an hour.

The Chewy Chapter

YOGA: Manage Diabetes with These Asanas

Yoga can do more than just relax your body & mind.





*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर नामीबिया से आए चीतों को मध्यप्रदेश के कूनो नैशनल पार्क में छोड़कर लगभग 70 वर्षों बाद देश में फिर से चीता बसाने की महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की। नामीबिया से पहले चरण में आठ चीते विशेष विमान से मध्यप्रदेश लाए गए, जिनमें पांच मादा और तीन नर हैं। केन्द्र सरकार की देश में चीतों को फिर से बड़े पैमाने पर बसाने की योजना के तहत सबसे पहले कूनो नैशनल पार्क में चीतों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल इन चीतों को वन्यजीव विशेषज्ञों की देखरेख में रखा गया है, ये लोग चीतों की प्रत्येक गतिविधि पर बारीकी से नजर रखेंगे। लगभग पांच घंटों की मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान मोदी ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों के लिए बनाए गए विशेष बाड़े के पास बनी मचान पर खड़े होकर दो विशेष पिंजरे खोले, जिसके साथ ही चीते बाहर निकलकर बाड़े में विचरण करने लगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में मोदी ने चीतों को विचरण करते हुए न सिर्फ काफी नजदीक से देखा, बल्कि इन ऐतिहासिक क्षणों को अपने कैमरे में कैद भी किया। मोदी ने राष्ट्रीय उद्यान में ही चीता मित्रों से संवाद किया। राष्ट्रीय उद्यान के कारण विस्थापित ग्रामीणों में से कुछ का चयन कर उन्हें चीता मित्र बनाया गया है, जो चीतों की सुरक्षा का कार्य देखेंगे। इसके अलावा उन्हें रोजगार मुहैया कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्र.मंत्री मोदी ने चीतों को पार्क में छोड़ने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए चीतों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि, देश में 70 सालों के बाद चीते बसाने का कार्य हो रहा है और देश के साथ ही मध्यप्रदेश के लोगों ने हमेशा उनका भरोसा कायम रखा है। इसलिए सब लोग चीतों की सुरक्षा का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि ''विदेश से आए चीतों को अभी अपना घर बनाना है। इसलिए लोगों को चीतों को देखने के लिए धैर्य रखना होगा। अभी ये चीते क्षेत्र से अनजान हैं। इसलिए उन्हें कुछ महीनों का समय देना होगा।''*

# अब निगाह इस पर टिकी है, कब सोनिया गांधी गहलोत को दिल्ली बुलाती हैं

## यह माना जा रहा है कि, सोनिया गांधी, गहलोत से मु.मंत्री पद से इस्तीफा ले लेंगी और तब गहलोत से कांग्रेसाध्यक्ष के पद के लिए चुनाव का पर्चा दाखिल करवायेंगी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। इस समय सभी लोगों की नज़रें कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर टिकी हुई हैं कि वे अशोक गहलोत को मिलने के लिये कब बुलाती हैं। पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि वे अशोक गहलोत को, पार्टी अध्यक्ष पद के लिए पर्चा भरने से पहले, राजस्थान के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिये कह सकती हैं ताकि नये मुख्यमंत्री की नियुक्ति कर रास्ता साफ हो सके तथा पार्टी नेतृत्व इसके लिए पर्यवेक्षक भेजे तथा वह सारी कवायद हो, जो इस प्रकार की प्रक्रियाओं का हिस्सा बन चुका है।

सूत्रों ने कहा कि इस मुद्दे की गहन जानकारी रखने वाले लोगों का मानना है कि अशोक गहलोत पार्टी अध्यक्ष एवं तथाकथित हाईकमान बन जाने के बाद,

- **तर्क यह है कि, कांग्रेसाध्यक्ष बनने के बाद गहलोत अपना वीटो इस्तेमाल कर सकते हैं, सचिन पायलट को मु.मंत्री बनने से रोकने के लिये।**
- **बहरहाल 24 सितम्बर को कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये पर्चा दाखिल होंगे, तब स्थिति और स्पष्ट हो जायेगी।**
- **फिलहाल दिल्ली में वरिष्ठ नेता व राजनीतिक ऑब्ज़र्वर अभी भी मानते हैं कि, गहलोत किसी न किसी तरह यह ''मैनेज'' करने में सफल होंगे कि, पायलट मु.मंत्री न बनें।**
- **एक तर्क यह है कि, गांधी परिवार कांग्रेस का नेतृत्व अपने पास ही रखना चाहेगा, ताकि भाजपा द्वारा ई.डी. आदि केन्द्रीय एजेंसियों के जरिए पूछताछ के नाम पर लगातार उन्हें तंग करने के प्रयास को विफल किया जा सके।**

सचिन पायलट के नाम के खिलाफ अपने विशेषाधिकार (वीटो) का उपयोग कर सकते हैं तथा यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे मुख्यमंत्री न बनें।

दिल्ली के ज्यादातर राजनैतिक पर्यवेक्षकों तथा नेताओं का गहलोत की इस क्षमता में पूरा विश्वास है कि वे सचिन पायलट का पूरा खेल बिगाड़ते हुये, उन्हें दरकिनार कर दें।

अध्यक्ष पद की नामांकन प्रक्रिया 24 सितम्बर को शुरू होगी तथा उससे पहले ही, राजस्थान कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट हो जाने की उम्मीद की जा रही है। कांग्रेस के कुछ वर्गों का विचार है कि इस समय गांधी परिवार को नेतृत्व अपने पास ही रखने की जरूरत है ताकि वह भाजपा नेतृत्व द्वारा परेशान किये जाने से बचा रहे, जैसा कि नेशनल हैरल्ड केस में ई.डी. द्वारा किया गया था।

## ज्ञानवापी मस्जिद

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। मुस्लिम समुदाय ने ज्ञानवापी मस्जिद पर दिए गए वाराणसी जिला जज के

- **मुस्लिम संगठन अडिग हैं कि, ज्ञानवापी मस्जिद में हिन्दुओं को पूजा नहीं करने दी जाएगी और इसके लिए वह सुप्रीम कोर्ट तक जाने की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि, इलाहाबाद जिला जज का फैसला 1991 के पूजा स्थल कानून का उल्लंघन है।**

12 सितम्बर के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है, वाराणसी जिला जज ने ज्ञानवापी में मस्जिद में हिंदुओं को प्रार्थना पूजा का अधिकार दिया है। यही नहीं मुस्लिम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अपनी लगातार जीत से चिंतित है यूक्रेन

## भय है कि, रूस की लगातार हो रही हार व रूसी सैनिकों की युद्ध में भारी संख्या में हुई मृत्यु से कहीं पुतिन का सब्र न टूट जाये तथा वे युद्ध को और खतरनाक स्तर पर न ले जायें

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। सात माह हो चुके हैं, क्या रूस-यूक्रेन विवाद ''तीसरे विश्व युद्ध'' के कगार पर है? वैस्टर्न मीडिया की ग्राउण्ड रिपोर्ट्स बताती हैं कि रूस युद्ध में सबसे बड़ी क्षति का अनुभव कर रहा है क्योंकि यूक्रेन की फौजों ने हारी हुई जमीन का अधिकांश हिस्सा पुन: जीत लिया है जिससे रूस की फौज के मनोबल पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। कई अज्ञात बीमारियों से पीड़ित राष्ट्रपति पुतिन का धैर्य जवाब दे रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलेन्स्की ने रूस की सेना के विरूद्ध बड़ी दृढ़ता से जवाबी प्रहार किया और यूक्रेन को पश्चिमी देशों से मिली सुरक्षा गारंटी ने पुतिन को और क्रुद्ध कर दिया है।

मीडिया की खबरें संकेत देती हैं कि रूस की सैन्य विफलता के कारण राष्ट्रपति पुतिन को उस नए विपक्ष से चुनौती मिल सकती है जो यूक्रेन पर रूस

- **इस आशंका को भुनाते हुए यूक्रेन ने अमेरिका व अन्य नाटो राष्ट्रों से और अधिक आधुनिक हथियारों की मांग की है, जिसकी पूर्ति के लिये अमेरिका व यूरोपीय देश लगभग तैयार हैं।**
- **रूस ने और अधिक हथियार देने के खिलाफ नाटो देशों को चेतावनी व धमकी भी दी है।**

की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ है। त्वरित जीत दर्ज ना कर पाने और अब जवाबी हमला होने के कारण रूस अपने कई सैनिकों और सैन्य उपकरणों हथियारों को खो चुका है। इससे रूस के लोगों में भारी गुस्सा है, जिसे पुतिन के विरोधी भुनाने की कोशिश कर रहे हैं।

स्पेनिश न्यूज़ ऑनलाइन ए.एस. के अनुसार यूक्रेन की सेना देश के दक्षिण और उत्तर में हारी हुई जमीनों पर फिर से कब्जा जमा रही हैं, लेकिन मॉस्को से एक बड़ा जवाबी हमला होने की आशंकाओं को लेकर चिन्ता है जो कि इस युद्ध के अपेक्षाकृत अधिक नृशंस चरण में आ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ैलेन्स्की और उनकी सरकार ने पश्चिमी देशों से भविष्य का समर्थन सुनिश्चित करने को लेकर नई सुरक्षा गारंटियों के दस्तावेज तैयार किए हैं। जाहिर तौर पर इस दस्तावेज का उद्देश्य आगे होने वाले हमलों के विरूद्ध यूक्रेन की रक्षात्मक क्षमताओं की किलेबंदी करना है, लेकिन ज़ैलेन्स्की द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों में और आगे की बात कही गई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## डब्ल्यु.एच.ओ. की चेतावनी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यु.एच.ओ.) ने कोविड-19 के लिए असाध्य रोगियों के लिए उपयोग की जाने वाली रैमडेसिविर एंटीवायरल दवा के विरूद्ध कड़ी चेतावनी है।

- **वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइज़ेशन ने एक शोध के आधार पर कोविड-19 के गंभीर मरीजों में रैमडैसिविर दवा का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी है और कहा है कि, यह दवा ओमक्रॉन पर भी कारगर नहीं है।**

इसके इस्तेमाल को लेकर यह कठोर सिफारिश पूर्व सशर्त सिफारिशों का स्थान लेती और यह लैबोरेट्री स्टडीज़ से मिले उस साक्ष्य पर आधारित है जिसमें कहा गया है कि यह दवा के ओमक्रॉन जैसे वर्तमान प्रसारित वेरिएन्ट्स के विरूद्ध संभवतया असर नहीं करती है। भारत में शनिवार को कोविड-19 के केसों की संख्या कम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# निज़ाम शासन से मुक्ति दिवस या ''तेलंगाना इन्टिग्रेशन डे''

## अमित शाह व तेलंगाना के मु.मंत्री के.सी.आर. ने कुछ किलोमीटर की दूरी पर अलग-अलग झण्डा रोहण किया, एक ही दिन

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। तेलंगाना की राजधानी, यानी हैदराबाद शहर शनिवार को हॉटस्पॉट बन गया। इस विशिष्ट दिवस पर आयोजित समारोहों के माध्यम से केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव ने एक दूसरे की बराबरी की टक्कर दी।

जहाँ केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा निज़ाम के शासन से तेलंगाना की आज़ादी का जश्न मना रही थी, वहीं तेलंगाना सरकार इस दिवस को ''तेलंगाना एकीकरण दिवस'' के रूप में मना रही थी तथा इस प्रकार दो विचार धाराओं के बीच सीधा टकराव देखने को मिला रहा था। दोनों ही राजनैतिक संगठन चुनावी जंग की तैयारी करते नजर आ रहे थे। जहाँ एक दल मुनूगोडे विधान सभा सीट के लिये शीघ्र ही होने वाले उप चुनाव को ध्यान में रखे हुये था, वहीं दूसरा दल अगले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **अमित शाह ने इस अवसर पर, 17 सितम्बर, 1948 को हैदराबाद को निजाम के शासन से मुक्ति मिलने के दिन को याद किया।**
- **मु.मंत्री के.सी.आर. ने इस दिन को, ''तेलंगाना एकीकरण दिवस'' के रूप में मनाया।**
- **दोनों ओर से झण्डा रोहण में धुआंधार भाषण हुए, एक दूसरे (भाजपा व टी.आर.एस.) के खिलाफ।**
- **मु.मंत्री ने आरोप लगाया कि, इस अवसर का उपयोग भाजपा जनता को धर्म व साम्प्रदायिकता पर बांटने के लिए कर रही है। केवल आगामी उपचुनाव व बाद में अगले वर्ष तेलंगाना विधानसभा को देखते हुए ही भाजपा ''हैदराबाद मुक्ति दिवस'' का आयोजन कर रही है। अन्यथा आज़ादी के बाद जूनागढ़ का भी भारत में विलय हुआ, उसे भाजपा समारोह के रूप में क्यों नहीं मना रही।**
- **अमित शाह ने तेलंगाना की के.सी.आर. सरकार पर व्यंग्य करते हुए कहा कि, वोट बैंक की राजनीति के कारण ही तेलंगाना सरकार हैदराबाद को निज़ाम शासन से मुक्ति मिलने की खुशी के रूप में मनाने से डरती है।**

## नीतीश-सोनिया मुलाकात

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में

- **बिहार के मु.मंत्री नीतीश कुमार ने आगामी 25 नवम्बर को या अगले सप्ताह में कभी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात का समय मांगा है, वे उन्हें केजरीवाल, के.सी.आर. और ममता बनर्जी से मतभेद खत्म करने के लिए मनाने का प्रयास करेंगे।**

विपक्ष को एकजुट करने के लिए भाजपा का साथ छोड़ दिया था, ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश अध्यक्ष और ए.आई.सी.सी. सदस्य बनाने का अधिकार सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया गया

## राजस्थान के रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्ताव पारित हुआ पी.सी.सी. की बैठक में

जयपुर, 17 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सदस्य बने नेताओं की पहली बैठक में प्रदेश रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र कुंपावत के सामने एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा राजस्थान से बनने वाले एआईसीसी सदस्यों के चुनाव का अधिकार सर्वसम्मति से दे दिया गया। इसके बाद कुंपावत बैठक से बाहर आ गए, लेकिन बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी सदस्यों से राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर मंशा जानी, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी राय सहमति के रूप में दी।

हालांकि अशोक गहलोत की ओर से इस बारे में सिर्फ राय जानी गई थी, यह प्रस्ताव नहीं था, लेकिन इसके बावजूद बैठक के बाद मंत्रियों से यह कहलाया गया कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से

- **पर एक अनावश्यक विवाद खड़ा हुआ पी.सी.सी. की बैठक के बाद, जब कुछ वरिष्ठ मंत्रियों ने बैठक से बाहर आकर कहा कि, बैठक में यह प्रस्ताव भी ''पारित'' हुआ पी.सी.सी. सदस्यों की तरफ से कि, राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाये।**
- **विवाद का जन्म तब हुआ, जब बैठक से प्रदेश रिटर्निंग ऑफीसर के जाने के बाद मु.मंत्री ने, राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने के बारे में सभी सदस्यों की ''मंशा'' जानने का प्रयास किया, सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर अपनी मंशा का इज़हार किया।**
- **पर मंशा व्यक्त करना व अधिकृत प्रस्ताव पारित करने में स्वाभाविक ही है, भारी अंतर है।**
- **बैठक के बाद राजस्थान के प्रभारी अजय माकन ने भी बैठक में एक प्रस्ताव पारित होने की पुष्टि की।**

राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव पास किया गया है। हालांकि राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश के प्रभारी अजय माकन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि पीआरओ की अध्यक्षता में हुई पीसीसी सदस्यों की बैठक में सिर्फ एक आधिकारिक प्रस्ताव पारित हुआ है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष तथा एआईसीसी डेलीगेट्स चुनने का सर्वसम्मति से अधिकार दिया गया है। इसी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारी मंशा है कि हमारे नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। ऐसे में राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर सभी सदस्यों की मंशा तो रही है, लेकिन किसी तरह का प्रस्ताव नहीं लाया गया है।

इससे पहले, नए बनाए गए पीसीसी सदस्यों की शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में सबसे पहले प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर की मौजूदगी में राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष और एआईसीसी सदस्यों के निर्वाचन का फैसला लेने का अधिकार हाईकमान पर छोड़ने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव के बाद प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर- पीआरओ बैठक से चले गए। यही प्रस्ताव दिल्ली भेजा जाएगा।

पीआरओ के जाने के बाद गहलोत ने बैठक में कहा कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, इस पर सभी अपनी राय रखें। गहलोत ने बैठक में मौजूद लोगों से राहुल को अध्यक्ष बनाए जाने पर राय जानी तो सबने हाथ खड़े करके समर्थन किया। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर के जाने के बाद रखा गया। ऐसे में यह प्रस्ताव नहीं माना जा सकता, यह सिर्फ सदस्यों की भावना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'भारत जोड़ो यात्रा से कोई समस्या नहीं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। सी.पी.आई. (एम) अर्थात माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने कुछ पार्टी नेताओं द्वारा किये गये उन ट्वीट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें इस बात

- **कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा माकपा शासित केरल में प्रवेश कर गई है, जहां वह 18 दिन रहेगी हालांकि माकपा का कहना है कि, उन्हें कांग्रेस की इस यात्रा से कोई समस्या नहीं है, वे इसका विरोध नहीं करेंगे।**

पर आपत्ति की गई थी कि कांग्रेस की ''भारत जोड़ो यात्रा'' कम्यूनिस्ट शासित केरल में 18 दिन तथा भाजपा-शासित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# वनानुभव, योग और व्यायाम

प्रकृति-अनुभव और वनानुभव चिकित्सा का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह आयुर्वेद की एक श्रेष्ठ गैर-औषधीय चिकित्सा है जिस पर समकालीन शोध भी बहुत समृद्ध है। हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति-अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण-आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2022में प्रकाशित शोध को समाहित कर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

जैसा कि पूर्व में बताया गया था, संहिताओं में स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि.2/3, 26-30, च.चि.4.106-109; च.वि.6.17, सु.उ.47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धृत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक 'द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर-अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव' वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेलकपलान और स्टेफेनकपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों का एक प्रमाण-आधारित लेखा-जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं।

आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि मानव और संसारएक समान हैं (च.शा.5.3: पुरुषोऽयंलोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा-सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3: लोकपुरुषयोःसामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है या अकल तभी आती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोकेसममनुपश्यतः सत्या बुद्धिःसमुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायोहि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुयेप्रकृति-अनुभवअपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना-फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति-अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है? अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छीनिद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द-नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है। वनानुभव-चिकित्सा (वनों में घूम-फिर कर प्रकृति का अनुभव करना) इम्यूनिटी भी बढ़ाती है (देखें, वाय. चे इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(16), 2021)।

**सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये।**

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य-लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा-एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे-जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे-वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय-पूर्व प्रसव-जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त-कारण मृत्यु दर (आल-कॉजमोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग-अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग-बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटलरिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त-पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआ जर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य-निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन में विश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा-एनालिसिस में प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुये शेष 77 अध्ययनों में से 68 (88प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजसरुएडा आदि, द लैंसेटप्लेनेटरीहेल्थ, 3,11:ई469-ई477,2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा-एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था मंह प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर 1.19 करोड़ (11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ-जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)। हाल ही में वनानुभव को मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी लाने के ठोस प्रमाण मेटा-एनालिसिस से प्राप्त हुए हैं (देखें, वाई. कोटेरा इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन, 20(1):337-361, 2022)। एक अन्य मेटा-एनालिसिस से सिद्ध होता है कि वनानुभव अवसाद व चिंता से बचाने हेतु श्रेष्ठ गैर-औषधीय युक्ति है (पी.एस. येओन इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(23): 2021)। रैंडमाइज्दकंट्रोल्डट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस का निष्कर्ष भी स्पष्ट करते हैं कि वन-आधारित गैर-औषधीय चिकित्सकीय दखल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं (देखें, एम.जे. कांग इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 19(8): 2022)। हाल ही में 52 अध्ययनों में समाहित 5.2 मिलियन लोगों के आंकडों को लेकर की गई मेटा-एनालिसिस सिद्ध करती है कि ग्रीन-स्पेस के आसपास रहने वाले लोगों में डायास्टोलिक और सिस्टोलिक ब्लडप्रेशर में सुधार होता है (देखें, वाई. झाओ इत्यादि, साइंसऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 817: 152513,2022)

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन-विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति-उन्मुखता से प्रकृति-विमुखता की ओर जा रहा है। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति-अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य-लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।


इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वनानुभव और प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदि सब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**


**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

## राजस्थान के सृजक-गुमनाम नायक

# गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी व प्रथम पत्रकार-पूर्णचन्द्र टंकुलिया



यादरामसिंह यादव



**पूर्णचन्द्र** टंकुलिया, जिन्हें सर्वोदयी व गांधीवादी कार्यकर्ता आदर से भाईसाहब 'पूर्णजी' के नाम से पुकारते थे। उनका जन्म 30 सितम्बर 1909 को पिता गोकुलचन्द्र टंकुलिया एवं माता केसरबाई के घर, जयपुर में हुआ था। पिताजी रजवाड़ों के समय में 'महकमा तार तरंग' में सरकारी हाकिम थे। माता-पिता के संस्कारों का बालक पूर्णचन्द्र पर गहरा असर पड़ा था। वह शिक्षा के साथ तैराकी एवं कुश्ती में भी पारंगत हो गये थे।

वर्ष 1997 में लिये गये एक साक्षात्कार में पूर्णचन्द्र टंकुलिया (जैन) ने बताया कि, जयपुर से हाईस्कूल व बी.ए. की शिक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 1932 में आगरा यूनिवर्सिटी से हिन्दी में एम.ए. किया था। शिक्षा पूरी करने के बाद जोबनेर के हाईस्कूल में सन् 1932-36 चार वर्ष तक गणित के अध्यापक की नौकरी की। जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री व उपराष्ट्रपति भैंरूसिंह शेखावत उनके शिष्य रहे थे। पूर्णचन्द्र ने तत्कालीन समय में जनजागृति व समाजसेवा के जुनून को पूरा करने के लिए 'शिक्षक' की नौकरी छोड दी और सन् 1939 में प्रजामण्डल में शामिल हो गये। बाद में विनोबा जी के भूदान तथा ग्रामदान आन्दोलन से जुड गये। सन् 1955 में वह सर्वोदय क्षेत्र की जिम्मेदारियों के साथ अध्ययन व लेखन कार्य करते थे। तदुपरान्त वह अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ तथा गांधी स्मारक निधि के 1976-79 तक मंत्री व बाद में अध्यक्ष रहे और शुरू से ही राजस्थान में खादी आन्दोलन से जुडे रहे।

पूर्णचन्द्र जैन ने बताया कि, विनोबा जी के द्वारा उन्हें राज्य सरकार द्वारा गठित भूदान बोर्ड का अध्यक्ष मनोनीत करवाया था और नौ वर्ष तक लगातार बोर्ड के अध्यक्ष पद पर रहे। राज्य में ता-जीवन खादी आन्दोलन से जुड़े रहे और लम्बे समय तक खादीसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने बताया कि सर्वोदय आन्दोलन के मूल उद्देश्य ग्रामोद्योग प्रधान, विकेन्द्रीकरण व अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण के थे। जिसमें विनोबाजी के अनुसार "उपज पर मिल्कियत उत्पादक की रहनी चाहिए।"

अपने पत्रकारिता विषयक संस्मरणों को साझा करते हुए बताया कि, उस दौर में दिल्ली से अर्जुनवीर, आगरा से सैनिक तथा श्वेताम्बर जैन अखबार प्रकाशित होते थे। उस काल में अर्जुनवीर के सम्पादक रामगोपाल तथा साप्ताहिक हिन्दुस्तान के सत्यदेव विद्यालंकार थे। आजादी के उस संक्रमण काल 1945 में उन्होंने स्वयं, जवाहिरलाल जैन व सिद्धराज ढड्डा-तीनों ने मिलकर, राजस्थान का पहला 'साप्ताहिक अखबार'- 'लोकवाणी' का प्रकाशन शुरू किया था। पत्र के दैनिक प्रकाशित होने पर पूर्णजी उसके मुख्य सम्पादक बने। उस अखबार में नन्दकिशोर पारीक, मोतीचन्द कोचर, राजेश शंकर जैसे पत्रकार कार्य करते थे। पूर्णजी ने बताया कि उस पत्र में केवल ग्राम राज्य, स्वराज, भूदान एवं खादी सम्बन्धी विषयों पर लेख-आलेख समाचार लिखते थे। बाद में सन् 1955 में आर्थिक व अन्य कारणों से 'लोकवाणी' का प्रकाशन बन्द करना पड़ा। अपने संस्मरणों को ताजा करते हुए बताया कि उस समय भरतपुर में आयोजित देश के प्रथम 'हिन्दी' सम्मेलन में प्रसिद्ध लेखक व साहित्यकार रवीन्द्रनाथ टैगोर व शरदबाबू से उनकी भेंट हुयी थी। उस दौर में वह हिन्दुस्तान, दैनिक नवज्योति व राष्ट्रदूत जैसे प्रमुख अखबारों में लेख लिखा करते थे। वह सर्वोदयी नेता जयप्रकाश नारायण (जे.पी.) के आन्दोलन से निरन्तर जुडे रहे और लेखन के साथ-साथ वह कविता भी किया करते थे। अपने कविहृदय के उद्गार प्रकट करते हुए बहादुरशाह जफर के इस शेर से व्यक्त किये:-

**''उम्र दराज मांग कर लाये थे चार दिन, दो आरजू में कट गये, दो इन्तजार में।''**

उनको धार्मिक भजनों में मीरा के पद अतिप्रिय लगते थे। उनका पसन्दीदा पद 'घूंघट के पट खोल री, तोय राम मिलेंगे' भाव-विभोर होकर सुनाया था।

आजादी के आन्दोलन में अपनी सक्रियता व योगदान के बारे में कहा कि सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान उन्होंने क्रान्तिकारियों को बड़ा सहयोग किया। वह छुप-छुप कर पर्चे व अखबार बांटते थे। उस समय दिल्ली से रामेश्वर-विद्यार्थी तथा आगरा से वह खुद गीता-बजाज के साथ भूमिगत आन्दोलन चलाते थे। परन्तु कभी अंग्रेजों की पकड़ में नहीं आये। अंग्रेजी पुलिस को चकमा देकर गिरफ्तारी से बचने की एक रोचक घटना भी सुनायी।

धर्म के बारे में में उनका कथन था कि वह ईश्वर, आत्मा एवं पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते। धर्म तो भय की उपज है। लाडनूं के 1961 के धार्मिक क्रान्ति सम्मेलन में बोलते हुए अपने भाषण में कहा था कि धर्म तो भस्मासुर है, जो वरदान देने वाले को ही भस्म कर देता है। वहाँ बुद्धि एवं विवेक का कोई स्थान नहीं है। उनका विचार था कि 'बुरा मत करो' आनन्द बिल्कुल सापेक्ष है। विनोबाजी की तरह ही वह भी गणित को जीवन में प्रथम स्थान देते थे। उन्होंने हिन्दुत्व की संकीर्ण परिभाषा से असन्तुष्ट होकर कहा कि, भारतीयता का नाम लेना चाहिए।

पूर्णचन्द्र टंकुलिया ने अपने निजी-जीवन के बारे में पूछने पर बताया कि वह भूदान बोर्ड के अध्यक्ष रहे, जो केबीनेट मंत्री स्तर का होता है। किन्तु उस पद की कोई सुविधाऐं स्वीकार नहीं की थी, बाद में पेंशन भी स्वीकार नहीं की थी। वह महिला शिक्षा के बड़े समर्थक थे। उन्होंने गीता-बजाज का 1952 में बाल मन्दिर के 'शिक्षा सेवा' कार्य में उनके सहयोग से महिला शिक्षा प्रशिक्षण का केन्द्र बनाया था। गीता-बजाज उन्हें 'बापू-साहब' कहकर पुकारती थी। टंकुलिया जी के बाल सखा जवाहिरलाल जैन व सिद्धराज ढड्डा व स्वयं तीनों ही शिक्षा, सर्वोदय, राष्ट्रीय आन्दोलन, पत्रकारिता, गांधी-विनोबा व जे.पी. के ग्रामदान, भूदान एवं खादी जैसे रचनात्मक आन्दोलन से जीवन पर्यन्त जुडे रहे। लोग तीनों मित्रों के गुट को त्रिमूर्ति या ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की जोड़ी कहते थे। इतिहास में ऐसे उदाहरण बिरले ही मिलेंगे।

पूर्णचन्द्र टंकुलिया ने साक्षात्कार के अन्तिम प्रश्न में युवापीढी को अपने सन्देश में कहा कि दृढ संकल्प करना चाहिए, मन मजबूत होना चाहिए। युवा अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है। वह श्रृद्धा, ज्ञान व कर्म तीनों बातों पर जोर देते थे। अंध-श्रृद्धा व पाखण्ड में विश्वास नहीं करते थे। उन्होंने आमजन को अपना सन्देश देते हुए कहा कि, ज्ञान व धन का कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। कर्म अच्छा करो, तभी सफलता व मुक्ति मिलेगी। वर्तमान में रहो। आज कैसे अच्छे जी सकते हो, उस पर ध्यान करो। सर्वोदय क्रान्ति के पुरोधा भी पूर्णचन्द्र टंकुलिया 93 वर्ष की आयु में 04 जनवरी 2002 को इस दुनियां से अलविदा हो गये। उनका सम्पूर्ण जीवन गांधीवादी मूल्यों व निष्ठा की एक प्रेरक मिसाल बना, वह गांधी दर्शन के जीते-जागते प्रतिरूप थे। ऐसे महान कर्मयोगी, त्यागी के सम्मान में दो पंक्तियाँ लिखना अपना नैतिक दायित्व समझता हूँ:-

**''रोशनी राहों में बिखरा गये वो लोग, किस कदर अन्धेरों में रहते रहे ता उम्र''।**

**-यादरामसिंह यादव,**
**( स्वतंत्र लेखक एवं वरिष्ठ साहित्यकार )**

# क्रमोन्नति का इंतज़ार कर रहा फुलेरा का पुराना सरकारी विद्यालय

## समुचित व्यवस्थाओं के बावजूद भी नहीं मिल रही क्रमोन्नति




फुलेरा का पुराना राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय।

**■ 1966 में स्थापित यह विद्यालय क्षेत्रफल की दृष्टि से इस क्षेत्र का सबसे बड़ा विद्यालय है**

**फुलेरा,** (निसं)। पुराना फुलेरा क्षेत्र में संचालित सबसे पुराना राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जो क्षेत्रफल की दृष्टि से क्षेत्र का सबसे बड़ा सरकारी विद्यालय है परंतु सरकार की अनदेखी के चलते अपनी क्रमोन्नति के लिए अभी भी इंतजार कर रहा है।

गौरतलब है कि पुराना फुलेरा का यह विद्यालय वर्ष 1966 में स्थापित किया गया था। जिसमें कस्बे के अन्य विद्यालयों की तुलना में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा विद्यालय है। वहीं पर्याप्त खेल मैदान भी है। गौरतलब है कि नगर पालिका के कुल 25 वार्डों में से 11 वार्ड पुराना फुलेरा क्षेत्र में ही आते हैं।

भौगोलिक दृष्टि से कस्बे को रेलवे ट्रैक तीन भागों में विभाजित करते हैं। जिसके एक भाग में छोटे-छोटे 11 वार्ड आते हैं तो वहीं दूसरे भाग में पुराना फुलेरा व रामनगर स्थित है जिसमें 11 बड़े-बड़े वार्ड तथा तीसरा भाग जिसमें 2 मिक्स वार्ड हैं। पुराना फुलेरा में कोई बालिका उच्च माध्यमिक एवं अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय नहीं है जिसके चलते इस क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा के लाभ से वंचित रहना मजबूरी बनी हुई है। उपरोक्त स्थित को ध्यान में रखते हुए यदि एक और बालिका विद्यालय खोला जाए तो वह पुराना फुलेरा क्षेत्र में ही उचित रहेगा।

जबकि राज्य सरकार द्वारा फुलेरा बाजार क्षेत्र में कुछ ही कदमों की दूरी पर दो बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं जो कि नियमानुसार अनुचित है। अतः पुराना फुलेरा क्षेत्र में वर्तमान में संचालित हो रहे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को यदि बालिका उच्च माध्यमिक एवं अंग्रेजी माध्यम में क्रमोन्नत किया जाता है तो यहां की बालिकाओं को इसका समुचित लाभ मिल सकेगा। साथ ही इसमें संचालित कक्षाओं को यदि अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है तो ऐसी स्थिति में वहीं कुछ दूरी पर स्थित एलबीएस कॉलोनी(रैगर बस्ती) में खाली पड़े राजकीय प्राथमिक विद्यालय में संचालित किया जा सकता है। अन्यथा दोनों को संयुक्त रूप से भी संचालित किया जा सकता है।

उक्त विद्यालय को उच्च माध्यमिक एवं अंग्रेजी माध्यम में क्रमोन्नति मिलने पर क्षेत्र के श्रीरामनगर, आकाश्या-टीबा सहित ग्रामीण क्षेत्र के भादरपुरा, बाघपुरा, हरीपुरा एवं आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक एवं बालिकाओं को लाभ मिल सकेगा।

गौरतलब है कि फुलेरा, थाना क्षेत्र के हरिपुरा, भादररपुरा, बाघपुरा, कबीर कॉलोनी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों को अपनी बालिकाओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करवाने के लिये राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश दिलाना मजबूरी बना हुआ है जो कि लगभग 4 से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यदि इस विद्यालय को बालिका उच्च माध्यमिक के साथ ही अंग्रेजी माध्यम से क्रमोन्नति मिलती है तो क्षेत्र की अनेक बालिकाओं को पढाई छोडने की मजबूरी से छुटकारा मिल सकता है।

## राशिफल रविवार 18 सितम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आश्विनी मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, मृगशिरा नक्षत्र दिन 3:11 तक, सिद्धि योग प्रातः 6:33 तक, कौलव करण सांय 4:34 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज अष्टमी का श्राद्ध है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:48 से 9:19 तक, लाभ-अमृत 9:14 से 12:21 तक, चर 12:21 से 1:53 तक, शुभ 3:32 से 3:23 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:25



**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**धनु**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**वृष**
स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




**कन्या**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**मकर**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।




**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आर्थिक मामलों में असंतुलन बना रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने की संभावना बनेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।




**कुंभ**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।



**कर्क**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यक्तिगत कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। धार्मिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।



**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। मित्रों/रिश्तेदारों से वाद-विवाद बढ़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मीन**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

## प्रदेश के सभी जिलों में चिकित्सा शिविर आज

**जयपुर।** प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 18 सितम्बर को प्रदेश के सभी जिलों में चिकित्सा शिविरों का आयोजन होगा, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, दवाईयों का वितरण होगा। इसके अलावा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरित कर सेवा कार्यक्रम किये जाएंगे।

पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि पूरे प्रदेश में सेवा कार्यक्रमों में शामिल होकर सेवा कार्य करेंगे। जयपुर जिले के आमेर विधानसभा क्षेत्र में 18 से 30 सितम्बर तक स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन होगा। जिसमें कल 18 सितम्बर को सुबह 9 बजे आमेर शहर में रोशन हवेली, कुंडा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य जांच सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे, जो शाम को 6 बजे तक आयोजित होगा।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

दशम पुण्यतिथि



चौ. दानवीर सिंह कुलहरि
पूर्व सरपंच, तासर बड़ी, सीकर

18.09.2012

श्रद्धावनत- मोहरी देवी (माताजी)-जिनकू देवी (पत्नी) डॉ.एन.के.कुलहरि-मंजू, श्रवण-विमला (पुत्र-पुत्रवधू) अनमोल, महेन्द्र, नरेन्द्र (पौत्र), विजयश्री, डॉ.कनिका, अविका (पौत्री) एवं समस्त कुलहरि परिवार।

प्रतिष्ठान- मेडिलैब डायग्नोस्टिक-सांगानेरी गेट, जयपुर, कुलहरि डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेंटर प्रा.लि.-गंगवाल पार्क, जयपुर, कुलहरि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर प्रा.लि.-कांवटिया सर्किल के पास, शास्त्री नगर, जयपुर, कुलहरि मेडिकोज-गंगवाल पार्क एवं सांगानेरी गेट, जयपुर

तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पिताजी

नन्छीलाल जी सैनी

का आकस्मिक निधन दिनांक 16.9.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 18.9.2022 को साय 5 से 6 निवास स्थान गणेश नगर-4, बेनाड रोड जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** नानूरामजी (चाचा), शंकरलाल, रामूलाल, पप्पूलाल, हरिनारायण, विष्णु (भाई), लोकेश, हिरालाल (पुत्र), एवं समस्त सिंगोदिया परिवार

8559950190, 9610105262

# प्रधानमंत्री मोदी ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने देश की राजनीति की दिशा बदली : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों और सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसी उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर जिले के जालसू और चंदवाजी में, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने दौसा, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने धौलपुर में रक्तदान शिविरों में पहुंचकर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर मनोबल बढ़ाया।

डॉ. पूनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है, हम करोड़ों कार्यकर्ताओं के आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत नरेन्द्र मोदी को भाजपा राजस्थान परिवार की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूँ और राजस्थान की जनता कामना करती है कि वो शतायु हों, हमेशा स्वस्थ और प्रसन्न रहें और इसी तरीके से देश के बुनियादी विकास को और देश के स्वाभिमान के लिए काम करते रहें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसी शख्सियत हैं कि इस देश की राजनीति की जिन्होंने दिशा बदली है और जिन्होंने अपने कर्म से राजनीति को सामाजिक और रचनात्मक तरीके से जोड़ा है। मोदी के जन्मदिवस को पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरे प्रदेश में मना रही है।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर जिले के जालसू और चंदवाजी में रक्तदान शिविरों में पहुंचकर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किये।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली से अनुसूचित जाति बस्ती संपर्क अभियान का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया, यह अभियान अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 17 सितंबर से लेकर 26 सितंबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत पूरे देशभर में चलाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, मोर्चा प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग, पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा सहित मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के पर प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविरों का आयोजन किया
- चंद्रशेखर ने दौसा, गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर, राजेन्द्र राठौड़ ने धौलपुर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया

## पूर्व डीजीपी विजय कृष्ण थानवी का निधन



- 87 वर्षीय थानवी ने सीके बिरला अस्पताल में अंतिम सांस ली।
- राजस्थान डीजीपी के रूप में उन्होंने साल 1992 को अपनी सेवाएं दी। इससे पहले वे कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

**जयपुर,(कासं)।** राजस्थान के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कृष्ण थानवी का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। 87 वर्षीय थानवी ने जयपुर के सीके बिरला अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रविवार को उनका अंतिम संस्कार होगा। थानवी के निधन पर मौजूदा एवं रिटायर्ड आईपीएस एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

थानवी 1959 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। उनका जन्म 1935 में बीकानेर में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर से प्राप्त की। उन्होंने जोधपुर से एम.ए. दर्शन शास्त्र में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। वहीं राजस्थान सिविल सेवा परीक्षा में भी पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उनका 1959 में भारतीय पुलिस सेवा में चयन हो गया था।

थानवी अपने सेवा भाव एवं मधुर स्वभाव के कारण पुलिस बल के साथ आमजन में भी काफी लोकप्रिय रहे हैं। राजस्थान डीजीपी के रूप में उन्होंने साल 1992 को अपनी सेवाएं दी। इससे पहले वे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वे बूंदी, नागौर, अलवर, श्रीगंगानगर, अजमेर और उदयपुर में पुलिस अधीक्षक रहे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सी.बी.आई. के तौर पर भी काम किया। डीआईजी एवं आईजीपी के तौर पर पुलिस मुख्यालय वह सीआईडी सीबी में रहे। इसके बाद उन्होंने महानिदेशक होमगार्ड एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में सेवाएं दी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई संवेदनशील व चुनौती पूर्ण मामलों को प्रभावी तरीके से हल किया। प्रशंसनीय एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें भारत सरकार की ओर से पुलिस पदक एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित भी किया गया। थानवी ने अपने 34 वर्ष के कार्यकाल में अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य निष्पादित किया।

## आज पिलाएंगे पोलियों की खुराक

**जयपुर,(कासं)।** प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को 21 जिलों में 69 लाख से अधिक बच्चों को दो-बूंद-जिंदगी की पिलाई जायेगी।

विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान दो चरणों में संचालित किये जाने हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को द्वितीय चरण में 21 जिलों अजमेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू, दौसा, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालौर, झालावाड, नागौर, सिरोही, टोंक, जयपुर-2, बूंदी, सीकर, बांसवाड़ा, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर एवं जोधपुर में पल्स पोलियो आभियान आयोजित किया जावेगा।

उन्होंने बताया इस वर्ष के प्रथम चरण में 4 जिलों, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर एवं जोधपुर में 19 जून को पोलियो अभियान आयोजित कर जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गयी थी।

उन्होंने बताया कि निर्धारित जिलों में 36 हजार 839 पोलियो बूथ लगाये जायेंगे।

# प्रदेश में शनिवार को 168 नए करोना संक्रमित मिले

## पिछले चौबीस घंटों में करोना से सवाई माधोपुर में एक मरीज की मौत हुई है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी करोना संक्रमण से होने वाली मौत का सिलसिला जारी रहा है। इस दौरान सवाई माधोपुर में एक संक्रमित की मौत हुई है। वहीं इस बीच राज्य में थोड़ी गिरावट के बाद 168 नए संक्रमित मिले हैं।

- राजधानी जयपुर में 31 नए संकमित सामने आए हैं।

प्रदेश में शनिवार को 14 हजार 31 जांचों पर 22 जिलों में 168 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 195 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज 31 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 20, दौसा में 16, अजमेर में 14, अलवर में 12, कोटा में 11, प्रतापगढ़ में 9, बीकानेर में 8, बांसवाड़ा में 7 भीलवाड़ा में 6, राजसमंद, सिरोही और उदयपुर में 5-5, चित्तौड़गढ़ में 4, सीकर में 3, बूंदी, जैसलमेर, झालावाड़, नागौर और पाली में 2-2 तथा धौलपुर और डूंगरपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला हैं।

राज्य में शनिवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 253 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 1231 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 91 मरीजों के रिकवर होने से 282 एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं जोधपुर में 109 और अलवर में 100 मरीजों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में सवाई माधोपुर में करोना से एक मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9633 लोगों की जान जा चुकी है।

जयपुर में शनिवार को सबसे ज्यादा 3 नए मरीज बस्सी में मिले हैं। इसके अलावा आमेर, बनीपार्क, जगतपुरा, मानसरोवर, तोफखाना हाजुरी व वार्ड नम्बर 56 में 2-2 तथा अजमेर रोड, बरकत नगर, चाकसू, दूदू, गांधी नगर, हरमाड़ा, जामडोली, कोटपूतली, मालवीय नगर, मुरलीपुरा, फागी, सांगानेर, शास्त्री नगर, सिरसी और शाहपुरा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक संक्रमितों का पता गलत पाया गया है।

## गैंगरेप करने वालों को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ गैंगरेप करने वाले अभियुक्त आशु सिंघल और राजकुमार नागर को बीस साल की सजा सुनाई है।



नई दिल्ली में प्रैस कौंसिल ऑफ इंडिया की अध्यक्ष रंजना देसाई से एडीटर्ज कांफ्रैंस के शिष्टमंडल के सदस्यों ने मुलाकात की। ( दायें से बायें ) शिष्टमंडल के सदस्य ओमप्रकाश खेमकर्णी, सय्यद रजा हुसैन रिजवी, रमेश गुप्ता, पदमश्री जगजीत सिंह दर्दी, अनिल चौपड़ा व ( कुर्सी पर ) उत्त्म चंद शर्मा मौजूद हैं।

## भाजपा विधायक दल की बैठक आज

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसके लिए भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति बना रही है। इसी संबंध में रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक भाजपा कार्यालय में शाम को 4 बजे रखी है।

इस बैठक में भाजपा के सभी विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ मौजूद रहेंगे। इस बैठक में भाजपा के द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान सरकार को किन किन मुद्दों पर घेरा जाएगा, इस पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# औद्योगिक विकास के साथ शिल्पकारों के बढ़ेंगे रोजगार सृजन के अवसर : शकुंतला रावत

**जयपुर, (का.सं.)।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि प्रदेश में प्रदेश की पहली हस्तशिल्प नीति और राजस्थान एमएसएमई नीति-2022 के जारी होने से न केवल प्रदेश में औद्योगिक विकास होगा, बल्कि शिल्पकार, दस्तकार और कारीगरों के रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों नीति प्रदेश के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

- प्रदेश की पहली हस्तशिल्प नीति और राजस्थान एमएसएमई नीति-2022 हुई जारी

रावत शनिवार को जयपुर में एमएसएमई दिवस के मौके पर आयोजित उद्योग रत्न एवं निर्यात पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर प्रदेश में निर्यात संवर्धन के प्रोत्साहन के लिए 29 निर्यातकों को निर्यात प्रोत्साहन अवार्डस् और विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 13 उद्यिमयों को उद्योग रत्न अवार्डस् से भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा इन्वेस्ट राजस्थान समिट के लिए 29 उद्यिमयों के साथ 14 हजार करोड़ के निवेश एमओयू का भी आदान-प्रदान हुआ।

वाणिज्य मंत्री ने इस अवसर पर राजस्थान की हस्तकलाओं पर तैयार की गई कॉफी टेबल बुक 'राजस्थानी कारीगरी' का विमोचन भी किया। इस अवसर पर खादी बोर्ड अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा, माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष डूंगाराम गेदर, व्यापार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुशील कुमार मोदी, अल्पसंख्यक बोर्ड के अध्यक्ष और आदर्श नगर विधायक रफीक खान, रीको चेयरमैन कुलदीप रांका, पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, रीको प्रबंधक शिवप्रसाद नकाते सहित औगोगिक संस्थानों के प्रतिनिधि, दस्तकार, कलाकार और विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य की प्रथम हस्तशिल्प नीति लागू होने से टेक्सटाइल, मेटल एंड वुड, कारपेट, दरी, नमदा, सेरेमिक एवं क्लेआर्ट, पेन्टिंग, लेदर क्राफ्ट, ज्वैलरी आदि के दस्तकारों को लाभ होगा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में आगामी 5 वर्षों में 50 हजार से अधिक नए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान हस्तशिल्प नीति-2022 का उद्देश्य हस्तशिल्पियों के उत्थान के लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था, परम्परागत कलाओं एवं विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जिवित करना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने कहा कि देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत हिस्सा एमएसएमई क्षेत्र से आता है। गांव-गांव तक औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए एमएसएमई का होना बेहद जरूरी है। उद्योग आयुक्त महेन्द्र कुमार पारख ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सोच और विजन के चलते ही प्रदेश को दोनों महत्वपूर्ण नीतियां प्रदेश को मिल सकी हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों, अतिथियों और मीडिया का आभार व्यक्त किया।

## हाइफा दिवस कार्यक्रम आज

**जयपुर।** चामुंडा सेना राजस्थान की ओर रविवार को अमर जवान ज्योति पर हाइफा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड़ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां शनिवार को कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि हिन्दुस्तान के इतिहास में हमारा गौरव, राजस्थान की माटी को जिन्होंने अपनी वीरता से अलंकृत करने का काम किया। इजराइल के हाइफा शहर को अपनी शूर वीरता से एक घंटे में जिन्होंने जीत लिया।

|| ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ||

19वाँ पुण्य-स्मरण

शत-शत नमन एवं श्रद्धांजलि

इंडिया एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित

महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एण्ड टेक्नोलॉजी, जयपुर के संस्थापक न्यासी एवं पथ प्रदर्शक

सीय राममय सब जग जानी



करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी

(20 सितम्बर, 1920 - 20 सितम्बर, 2003)

परम श्रद्धेय श्री रामजीलाल जी स्वर्णकार (मासलपुर वाले)

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार
पद्मभूषण पंडित अजय चक्रवर्ती
द्वारा गायन प्रस्तुति
का ONLINE सीधा प्रसारण
आज रविवार, 18 सितम्बर 2022 सायँ 6.30 बजे

QR Code को Scan करके भी कार्यक्रम देख सकते हैं।

-: श्रद्धावनत :-

डॉ. मोहन लाल-मीना, गोविन्द-कमलेश, रामरतन-नीलम (पुत्र एवं पुत्रवधु), वीरेन्द्र-बेबी, डॉ. रविकान्त-पूजा, डॉ. विकास-हरमन, डॉ. शोभित-जयाश्री, डॉ. दिलीप-सोनिया, डॉ. मनु-महिमा (पौत्र एवं पौत्रवधु), लीलाधर व श्रीधर (पौत्र), केशव, श्रीकान्त, माधव, युवराज (प्रपौत्र), वैदेही, गौरी, नव्याश्री, रुक्मिणी, कात्यायनी, जाह्नवी (प्रपौत्री), शांति देवी, विद्या-गोपाल सोनी, शंकुतला-अशोक सोनी, सन्तोष-प्रेम सोनी, सती देवी-अशोक सोनी (पुत्रियां एवं दामाद) तथा समस्त स्वर्णकार परिवार।

डॉ. एम. एल. स्वर्णकार, MD, PhD (hc)
Emeritus Chairperson, Mahatma Gandhi University of Medical Sciences & Technology (MGUMST)
Chief Advisor (Research & Innovation) to the Chairperson, MGUMST
Member, Board of Management, MGUMST
Founder Chairman, Mahatma Gandhi Medical College & Hospital
Senior Professor of Obstetrics & Gynaecology, Specialist in Reproductive Medicine & IVF
Patron : Jaipur Fertility Centre, Banipark and Sahkar Marg Centre, Jaipur

JPC

# जब अधिकार है ही नहीं तो कैसे किया तबादला?

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने अधिकारी नहीं होने के बावजूद भी ग्राम विकास अधिकारी का तबादला करने पर प्रमुख पंचायती राज सचिव और भरतपुर जिला परिषद के सीईओ सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने निलंबन आदेश की क्रियान्विति पर भी रोक लगा दी है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश रमेश चंद की याचिका पर दिए।

- अदालत ने रोक लगाकर अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता भरतपुर में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है। उसकी नियुक्ति जिला परिषद की स्थापना समिति की सिफारिश के बाद की गई थी। वहीं गत 6 अप्रैल को जिला परिषद के सीईओ ने अधिकार नहीं होने के बावजूद उसे निलंबित कर दिया। याचिका में कहा गया कि उसकी नियुक्ति अधिकारी स्थापना समिति है, लेकिन निलंबन सीईओ ने किया है। इसके अलावा निलंबन आदेश जारी करने से पूर्व न तो याचिकाकर्ता को नोटिस दिया गया और ना ही उसे सुनवाई का मौका मिला। याचिका में कहा गया कि सीसीए नियम 13 के तहत जांच लंबित रहने या जांच प्रस्तावित होने पर ही निलंबन किया जा सकता है। जबकि निलंबन आदेश में इसका कोई हवाला नहीं किया गया3 है। इसके अलावा निलंबन काल में याचिकाकर्ता को दूसरी पंचायत समिति में उपस्थिति देने को कहा गया है, जिससे साबित है कि उसे केवल परेशान करने की नीयत से और राजनीतिक द्वेषता के चलते निलंबित किया गया है। याचिका में कहा गया कि किसी भी कर्मचारी को निलंबित करने से पूर्व नियुक्ति अधिकारी को अपने मस्तिष्क का स्वतंत्र रूप से इस्तेमाल करना पड़ता है कि ऐसी कौन सी परिस्थिति पैदा हो गई है कि निलंबन जरूरी है।

**सीकर हाऊस गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**
क्रमांक: SP-01 **आम सभा की सूचना** दिनांक: 16.09.2022
समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 27.09.2022 को प्रातः 11.00 बजे समिति कार्यालय:- 63, बागड़ा सदन, गोविन्दपुरा, कालवाड़ रोड, जयपुर पर आयोजित की जायेगी, जिसका एजेण्डा निम्नानुसार है :- 1. गत आमसभा की पुष्टि। 2. समिति की गत वर्षो की ऑडिट का अनुमोदन एवं ऑडिट अनुपालना पर विचार। 3. विभाग द्वारा जारी संशोधित उपनियमों को अंगीकार करने पर विचार। 4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से। अतः समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त समय पर आम सभा में उपस्थित होवें।
मंत्री, सीकर हाऊस गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
न्यायालय वाणिज्यिक न्यायालय क्र. सं. 3 जयपुर महानगर -द्वितीय
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरुद्ध
मेसर्स श्री गिफ्ट्स
वाद बाबत वसूली, वाद सख्या 115 सन् 2019 CIS-106/19
बनाम : - मेसर्स श्री गिफ्ट्स प्रोपरायटर श्रीमती शिल्पा चितलंगिया पत्नी अंकुश चितलंगिया, शॉप /ऑफिस - 105, जय गोविन्द काम्प्लेक्स, खजाने वालों का रास्ता, इंदिरा बाजार, जयपुर-302002
श्रीमती शिल्पा चितलंगिया पत्नी अंकुश चितलंगिया, निवासी फ्लेट नं.206, शिवम अपार्टमेन्ट, विद्याधर नगर, जयपुर -302039
वादी ने आपके विरुद्ध वाद बाबत वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में दिनांक 28 माह 09 सन् 2022 को दिन में 10:00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात ( हाजिर ) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा, या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 17 माह 09 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
न्यायालय वाणिज्यिक न्यायालय क्र. सं. 3 जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मुदित पुरोहित पुत्र श्री जोगेन्द्र पुरोहित के द्वारा अपनी दुकान संख्या 173, म्युनिसिपल नम्बर 1010, इसके आगे बरन्डा बना हुआ है और उक्त दुकान 3 खण की है एवं नीचे 9x25 फीट का तहखाना बना हुआ है व पिछले 2 खण में दुछती बालकनी बनी हुई है, के संबंध में किराया अधिकरण क्रम संख्या-1, जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर के समक्ष घनश्याम दास पुत्र श्री किशन लाल उर्फ किशन चन्द के विरूद्ध बेदखली की अर्जी प्रस्तुत की हुई जिसमें घनश्याम दास की मृत्यु हो गई है तथा उसके पश्चात अधिकरण के समक्ष कोई उपस्थित नहीं आ रहा है, जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 21.09.2022 नियत है। यदि किसी को उक्त दुकान का कब्जा मेरे अभिभाष्य को अधिकरण के द्वारा सुपुर्द किये जाने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह माननीय अधिकरण के समक्ष दिनांक 21.9.2022 को माननीय अधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
स्थान-जयपुर (लोकेश शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-17/9/2022 मो.नं.-9414239868

IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
AT JAIPUR BENCH, JAIPUR
CIVIL SIDE ORDINARY JURISDICTION
In the matter of S.B. Civil Writ Petition No. 5681/13
Mohd. Iqbal Khan Plaintiff/petitioner
Versus
Sattar and ors. Defendant/respondents
To
Respondent No. 3 Mahipal Singh son of Chhotu Singh Rajput, resident of 7361 Hagod Nagar Kassabapura Jayanti Market Panch Batti, Jaipur at president r/o Mahaveer Nagar Durgapura Railway Station Jaipur.
'Whereas the above named respondents has made S.B. CIVIL WRIT PETITION TO THIS Hon'ble COURT UNDER ARTICLE 226 OF THE CONSTITUTION OF INDIA. supported by an affidavit to the Court, Copies of which are herewith annexed and whereas the case has been admitted. I am therefore direct to inform you that the case will heard in the court in the presence of both the parties on the19/9/22 day of ....20..... It 10.30 O'clock in the forenoon and request to you kindly arrange presentation on your behalf to show cause why the application be not accepted failing which the application will be heard and determined ex party.
Given under my hand and the seal of this Court on the DAY of 16.9.2022.
Encl:one copy of application
Along with affidavit
SEAL By Order of the Court, Registrar

**सूचना** मैं, महेश चंद गुर्जर पुत्र श्री गंगासहाय निवासी ग्राम पो.देवलेन तहसील टोडाभीम जिला करौली राज. घोषणा करता हूँ मेरा बडा पुत्र महेन्द्र सिंह मेरे कहे अनुसार नहीं चलता तथा असंलग्न गतिविधियों में लिप्त रहता है तथा मेरे मेरे पुत्र तथा उसके सम्बंधियों से किसी भी तरह का कोई रिश्ता नाता नहीं है अतः मैं उससे अपना संबंध विच्छेद कर मेरी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। एवं भविष्य में जो कोई महेन्द्र सिंह से किसी भी तरह का लेनदेन तथा व्यवहार रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरा तथा मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। महेश चंद गुर्जर

नाम परिवर्तन

मैं आशा चौधरी पत्नी श्री रामचन्द्र सिंह, निवासी-फ्लैट नं.106, वर्धमान अपार्टमेन्ट, देवी मार्ग, बनीपार्क, जयपुर मेरी पुत्री भूमि सिंह जिसकी स्कूली दस्तावेज व CBSE में गलत गलत जन्मतिथि 07 जनवरी 2007 अंकित हो गई है किंतु भूमि सिंह की वास्तविक जन्मतिथि 07 मई 2007 है।

मैंने अपना नाम लकी कुमार से बदलकर लकी कुमार मोतियानी रख लिया है। भविष्य में मुझे लकी कुमार मोतियानी पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार मोतियानी के नाम से जाना जावे। पता-357, संतोष नगर, हसनपुरा-बी, जयपुर

मैंने मेरा नाम MOHAMMED FAIZ से बदलकर MOHD. FAIZ पुत्र रियाज मेहमूद व RESHMA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD. FAIZ पुत्र रियाज मेहमूद व RESHMA KHAN निवासी 12-ए नरसिंह मार्ग राजहंस कॉलोनी-II, ब्रह्मपुरी, जयपुर के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैं संजना कृपलानी पत्नी श्री राजेश कृपलानी पताः 250, सिन्धी कॉलोनी, राजापार्क, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम जया तनवानी से बदलकर संजना कृपलानी रख लिया है। भविष्य में मुझे संजना कृपलानी के नाम से जाना जाये।

# कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के अभियुक्तों से एनआईए ने करवाई घटना स्थल की तस्दीक

## दोनों मुख्य अभियुक्तों को एनआईए की टीम अजमेर हाई सिक्यूरिटी जेल से लेकर शुक्रवार देर रात में उदयपुर पहुंची

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के दो मुख्य अभियुक्तों गोस मोहम्मद एवं रियाज अत्तारी से एनआईए की टीम ने घटना स्थल की तस्दीक करवाई।

उल्लेखनीय है कि देश में बहुचर्चित उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के दोनो मुख्य अभियुक्तों को एनआईए की टीम अजमेर हाई सिक्यूरिटी जेल से लेकर शुक्रवार देर रात में उदयपुर पहुंची। अभियुक्तों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 25 से ज्यादा हथियार बंद सुरक्षाकर्मियों के साथ एनआईए अधिकारियों की दो गाड़ियां भी साथ थी। देर रात में दोनों अभियुक्तों को कडे बंदोबस्त के साथ में भुपालपुरा थाना परिसर में रखा गया। इसके लिए सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए थे।

सुरक्षा कारणों से एनआईए की टीम शनिवार अल सुबह ही अभियुक्तों को लेकर मौका तस्दीक कराने का निर्णय लिया और सवेरे सवा पांच बजे टीम उन्हें मौका स्थल पर लेकर रवान हुई। टीम ने मालदास स्ट्रीट के पास भूतमहल के पास स्थित कन्हैयालाल की दुकान पर अभियुक्तों से करीब पच्चीस मिनट तक पूछताछ की। हालांकि इस दौरान सीन रिक्रीएट कराने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दोनों अभियुक्तों को भूतमहल गली के पास बापर्दा गाड़ी में ही बैठा रखा निचे नहीं उतारा गया।

■ **टीम ने कन्हैयालाल की दुकान पर अभियुक्तों से करीब पच्चीस मिनट तक पूछताछ की**

घटना स्थल पर पूछताछ के साथ आरोपियों के भागने के रूट की जनकारी लेकर घटना स्थल की मार्किग की गई।

पुलिस टीम के अलावा एनआईए एसपी रवि कुमार समेत कई आलाअधिकारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। टीम ने उस स्थान को भी देखा जहां पर अभियुक्तों ने हत्याकाण्ड से पहले अपनी बाइक को पार्क किया था। इसके बाद हथियार को धार देने एवं घटना के बाद तैयार किए गए वीड़ियों बनाने के स्थान की भी तस्दीक करवा उन्हें लेकर एनआईए की टीम रवाना हो गई।

# बिजली निगम के दस्ते पर पथराव, एक कर्मचारी घायल

## चोरी की शिकायत पर गए थे कार्रवाई करने, जेईएन ने कराया मामला दर्ज

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** गुरुवार रात गांव बजनिया का पुरा में बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर विद्युत वितरण निगम सहायक कार्यालय के जेईएन के नेतृत्व में विद्युत निगम की टीम रात्रि को विद्युत चोरी रोकने के लिए छापे की कार्रवाई के लिए गए।


छापे की भनक लगते ही आरोपियों ने अंधेरे में एक कर्मचारी को पकड़ लिया और बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं पथराव के बाद अन्य कर्मचारी जान बचाकर भागे। घायल कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में जेईएन ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जेईएन गौरव सोनी ने बताया कि क्षेत्र के गांव बनिया का पुरा में बिजली चोरी करने की शिकायत मिलने पर गुरुवार रात 10:30 बजे के करीब बिजली चोरी रोको दस्ते के साथ गांव बजनिया का पुरा पहुंचे।

इस दौरान बिजली खंभे पर टॉर्च जलाकर अवैध जंपरों की वीडियो ग्राफी फोटोग्राफी करते समय आरोपियों ने निगम के दस्ते पर लाठी-डंडों और पथराव कर दिया। अचानक हुए पथराव से निगम कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। मामले में ओम प्रकाश, प्यार सिंह, घनश्याम सिंह व परिवार की पांच-छह महिलाओं ने बिजली निगम के उड़न दस्ते पर लाठी-डंडों से हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## बेनीवाल ने लम्पी को लेकर केंद्र व राज्य सरकार को कोसा

**जोधपुर, (कासं)।** सांसद हनुमान बेनीवाल शनिवार दोपहर जोधपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में कॉन्फ्रेंस करते हुए केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लंपी महामारी को लेकर दोनों ही ध्यान नहीं दे रहे हैं। बेनीवाल ने कहा कि गाय और राम के नाम पर भाजपा हमेशा से वोट मांगती आई है। राजस्थान की जनता ने भाजपा के 24 सांसदों को जीताकर केंद्र भेजा, लेकिन लंपी जैसी भयावह बीमारी में एक भी सांसद के मुंह से कोई शब्द तक नहीं निकला। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने जोधपुर के कार्यक्रम में लंपी को लेकर एक शब्द नहीं बोला। यह इस बात का संकेत है कि भाजपा वाले गाय के नाम पर जनता को मुर्ख बना रहे हैं। युवा इस बार इनके झांसे में नहीं आने वाला। राजस्थान सहित 12 से ज्यादा राज्य में लंपी महारामारी का रूप ले चुकी है। है। संसद में सबसे पहले इसका मामला आरएलपी ने ही उठाकर केंद्र से उचित कदम उठाने की मांग की, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने ही कोई ध्यान नहीं दिया। आज गांवों में हालात विकट है गहलोत सरकार केंद्र को चिट्ठी लिखकर औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए।

# ग्रामीणों के विरोध के बाद हरकत में आया नगर पालिका प्रशासन



कर्मचारियों ने जेसीबी से खुले में पड़ी मृत गायों को गड्ढे में दफनाया।

**खेतडी, (निसं)।** लंपी वायरस के प्रकोप से दर्दनाक मौत का शिकार हो रही गायों को खुले में डालने के विरोध के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को नगरपालिका द्वारा खुले में डाली जा रही मृत गायों को लेकर विरोध जताया था और आंदोलन की चेतावनी देते हुए नारेबाजी कर विरोध भी किया था। जिसकी सूचना पर शनिवार को नगर पालिका चेयरमैन गीता सैनी व पालिका के पार्षद कस्बे के चांदमारी रोड पहुंचे। जहां उन्होंने खुले में डाली जा रही गायों की जगह का निरीक्षण किया।

इस दौरान चेयरमैन गीता सैनी ने नगर पालिका के कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि गाय को हिंदू धर्म में माता के रूप में पूजनीय माना गया है। यदि बीमारी के कारण उसकी मौत हो जाती है तो उसे इस तरह खुले में डालना भी पाप होता है। यदि इस प्रकार की गलती किसी भी कर्मचारी ने दोबारा दोहराई गई तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही खडे होकर खुले में मृत पडी गायों को जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर उनको दफनाया गया। चेयरमैन ने नगरपालिका क्षेत्र में लंपी वायरस की बीमारी से मौत का दर्द झेलने वाली गायों को आगे से कहीं भी खुले में नहीं डालने के निर्देश दिए। इस दौरान चेयरमैन गीता सैनी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि नगर पालिका क्षेत्र में कोई गाय मौत का शिकार हो जाती है तो उसकी सूचना नगर पालिका प्रशासन को दे। वहीं बीमार होने पर भी नगरपालिका को सूचित करने पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। शुक्रवार को दर्जनभर युवाओं ने चांदमारी रोड स्थित खुले में मृत गायों को डालने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था तथा गायों को उचित स्थान पर दफनाने की मांग की थी। जिस पर एसडीएम जयसिंह चौधरी ने भी नगरपालिका प्रशासन को मृत गायों को खुले में नहीं डालने व उचित स्थान पर दफनाने के निर्देश दिए थे। इस मौके पर पार्षद लीलाधर सैनी, हरमेंद्र चनानिया, राहुल, एसआई सुनील सैनी, मोहम्मद, सुगनचंद, अशोक, इदरीश कुरैशी, बाबूलाल, आकाश सहित पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

## ब्लैकमेल कर 8 लाख मांगने वाले तीन जने पकड़े

**जयपुर, (कासं)।** बगरू थाना पुलिस ने व्यापारी को ब्लैकमेल कर आठ लाख रुपये मांगने वाली दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है आरोपियों ने व्यापारी से 55 हजार रूपए नगद और एक लाख 90 हजार रूपए का चेक वसूल लिया था। डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि गिरोह की महिला हसीना बेगम (40) निवासी ग्राम रामपुरा, सपना बेगम(25) सहित रामचंद्र जाट (27) निवासी बगरू को गिरफ्तार किया है।

आरोपित महिला हसीना ने कपड़ों की दुकान करने वाले व्यापारी से दोस्ती कर मोबाइल पर पर बाते शुरू की थी। इसके बाद हसीना ने 11 सितम्बर को पीड़ित को अपने घर बुलाया, जहां कमरे में हसीना, सपना, रामचन्द्र जाट ने मारपीट कर जूते-चप्पल की माला बना कर वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो व ऑडियो को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर वायरल करने की धमकी देकर उससे 8 लाख रुपये की मांग की।

गिरोह व्यापारी से 55 हजार रूपए सहित 1.90 लाख रूपए का चेक हड़प चुका है। इसके बाद भी लगातार ब्लैकमेलिंग से तनग आकर पीड़ित ने पुलिस की शरण की, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# हाइवे पर महिला का शव मिला


शव के बारे में जानकारी करते पुलिस अधिकारी रविश कुमार।

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर के निकटवर्ती गांव देवनगर के पास से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के नए बाइपास में वन क्षेत्र में एक महिला का शव मिलने से आसपास में सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पुष्कर थाना सीआई डॉ रविश सामरिया जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुचे। सूत्रों के अनुसार पहली नजर में मामला हत्या का प्रतीत होता है क्योकि शव के चेहरे पर गहरी चोटें हैं। मौके पर एफएसएल और एमोवी की टीम को भी बुलाया गया।

पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से और दूसरे थानों में शव की फ़ोटो भेजकर शिनाख्त करने के प्रयास तेज कर दिये। सीआई रविश सामरिया ने बताया कि शव ज्यादा पुराना नही है, संभवतया रात का हो सकता है। महिला के कपड़ों से उसके ग्रामीण अंचल की होने के कयास लगाए जा रहे है और उम्र 30 वर्ष मानी जा रही है। सीआई सामरिया ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि अभी जो जानकारी मिली है उसमें यह पता चला है की जो लाश महिला की मिली है वह कांता नामक महिला की है जो हटूंडी खाजपुरा अजमेर की रहने वाली है। आगे की कार्यवाही जारी है।

# 47 लाख रुपए की अवैध शराब जब्त, पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया

## कुल 6060 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के पुलिस थाना बिछीवाड़ा की रतनपुर चौकी पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार बडी कार्रवाई करते हुए एक बंद बॉडी कंटेनर में फायबर मिक्सर पॉलिस्टर के बैग की आड में प्लास्टिक के छोटे ड्रमों में भरकर गुजरात तस्करी की जा रही 47 लाख रुपए कीमत की हरियाणा व दिल्ली निर्मित अवैध शराब को जब्त किया है तथा मामले में कंटेनर चालक व खलासी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी रतनपुर द्वारा गुजरात राजस्थान सीमा पर रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी के दौरान बिछीवाडा से गुजरात तरफ जाते हुए एक कंटेनर को रुकवाया गया। वाहन के चालक ने अपना नाम विनोद निवासी हरियाणा तथा खलासी ने अपना नाम प्रदीप निवासी हरियाणा का होना बताया। वाहन कंटेनर को खोल कर देखा गया तो अंदर प्लास्टिक के बड़े-बड़े बैग के अंदर मिक्सर फायबर पॉलिस्टर भरा हुआ था। बैग हटाकर पीछे देखा तो आसमानी रंग के प्लास्टिक के छोटे ड्रम में विभिन्न वैरायटी की शराब भरी हुई थी तथा खाकी रंग के कार्टून के अंदर भी विभिन्न वैरायटी की शराब भरी हुई पाई गई।

शराब के कार्टनों को नीचे उतारकर गिनती करने पर कुल 6060 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब सेल इन दिल्ली तथा सेल इन हरियाणा की मिली। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों के पास शराब परिवहन के संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। इस पर पुलिस ने चालक विनोद तथा खलासी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में अवैध शराब को दिल्ली से भरकर अहमदाबाद गुजरात लेकर जाना बताया गया है। पुलिस ने अवैध शराब व वाहन को जब्त कर चालक विनोद तथा खलासी प्रदीप को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर लिया है। जब्त सुधा शराब की अनुमानित कीमत करीब 47 लाख रुपये बताई जा रही है।

## टक्कर से शिक्षिका की मौत

**निवाई, (निसं)।** शनिवार की दोपहर वनस्थली मोड पर तेज गति से आ रही एक पिकअप ने स्कूटी के टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में एक शिक्षिका की मौत हो गई तथा शिक्षक घायल हो गया। एसआई अरविन्द लक्षकार ने बताया कि शनिवार की दोपहर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनस्थली में नियुक्त शिक्षिका मधुरानी उम्र 52 वर्ष पुत्री दयाराम सिन्धी निवासी सिन्धी कॉलोनी निवाई व शिक्षक कुलदीप बारेठ निवासी टोंक स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूटी से निवाई आ रहे थे। इसी दौरान तेजगति से आ रही एक पिकअप गाडी ने स्कूटी के टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।

# करौली में अवैध विस्फोटक पदार्थ अमोनियम बरामद

**करौली, (निसं)।** जिला स्पेशल टीम करौली एवं थाना कोतवाली करौली द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए स्कॉर्पियों गाडी से अवैध विस्फोटक सामग्री अमोनियम नाईट्रेट की कुल 2400 छडें एवं विस्फोटक फ्यूज तार,लालबत्ती कुल लम्बाई 7500 मीटर को जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

एसपी ने बताया कि जिला स्पेशल टीम एवं थाना कोतवाली करौली द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ठाकुर बाबा मन्दिर नवीन पुलिस थाना सदर करौली के सामने नाकाबंदी शुरू की गई। इसी दौरान एक स्कॉर्पियों तेज गति से गंगापुर मोड की तरफ से आई जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर दुर्गसी घटा वाले कच्चे रास्तें की तरफ तेज गति से चली गई थी जिसका पीछा किया तो ड्राईवर गाडी को छोडकर जंगल के कच्चें रास्ते का फायदा उठाकर भाग गया। स्कॉपियों गाडी के ड्राईबर की पहचान कानि. रन्नो सिंह, कास्टेबिल रवि कुंमार ने प्रहलाद पुत्र भॅवरलाल मीना निवासी भौंडर थाना सदर करौली के रूप में की गई। स्कॉर्पियों गाडी के अंदर कागज के गत्तें के 12 कार्टून मिले जिन सभी कार्टूनों में कुल 2400 गुल्ला मिले एवं 5 कार्टूनो में लालबत्ती तार मिले। जिनकी लम्बाई 7500 मीटर होना पाया गया। स्कॉर्पियों गाडी चालक द्वारा विस्फोटक सामग्री के परिवहन हेतु लाईसेंस व परमिशन नहीं होना पाया गया। इस पर अभियोग संख्या 432/22 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विस्फोटक सामग्री व वाहन को जप्त कर लिया है।

# एंबुलेंस संचालकों ने दी शिकायत करने पर धमकी

■ **उपखंड अधिकारी के निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस संचालकों के द्वारा अवैध वसूली करने की शिकायत की थी**

**गोविंदगढ़/अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ़ कस्बे में शनिवार को उपखंड अधिकारी के निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस संचालकों के द्वारा अवैध वसूली करने की शिकायत करने पर एंबुलेंस संचालकों ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी है। उपखंड अधिकारी रेखा मीणा ने सामुदायिक केंद्र गोविंदगढ़ का औचक निरीक्षण किया। वार्ड एवं हॉस्पिटल बिल्डिंग व वाटर कूलर, नि:शुल्क दवाइयों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए उपखंड अधिकारी ने डॉ. एम आर चौधरी को कहा।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी रेखा मीणा और चिकित्सा अधिकारी मंगतूराम चौधरी को गोविंद गौतम ने बताया कि एंबुलेंस पर प्रस्ताव के साथ अवैध वसूली करते हैं और नियम विरुद्ध गैस सिलेंडर लगाकर गाड़ियों का संचालन करते हैं। शिकायत करने के बाद भी दोषी पायलटों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

गोविंद गौतम ने मौके पर पहुंचकर सबूतों के साथ अपने साथ हुई घटना के बारे में अवगत कराया कि 6 सितंबर को मेरी मां की अचानक तबीयत खराब होने पर मैं राजकीय सामुदायिक केंद्र गोविंदगढ़ लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टर एमआर चौधरी को दिखाया। उन्होंने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें अलवर के लिए रैफर कर दिया। उसके बाद मैंने 108 पर कॉल किया तो उन्होंने बताया कि 15 से 20 मिनट में आपके पास हमारी 108 सेवा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ में पहुंच जाएगी। एंबुलेंस गाड़ी पहुंचने के बाद पायलट बलजीत गुर्जर झगड़ा करने लगा कि तेरा मरीज कहां है तो मैंने कहा कि किस तरह बात कर रहा है।

इस पर झगड़ा करने पर उतारू हो गया जान से मारने की गोविंद गौतम को धमकी देने लगा और अपहरण कराने की धमकी दी। इसकी शिकायत दूरभाष के जरिए इंचार्ज डॉक्टर एम आर चौधरी को दी गई एवं जिसकी शिकायत 181 नंबर पर राजस्थान सरकार को भी की गई परंतु आज तक इन दोनों पायलटों के खिलाफ संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने बताया कि बिना डिस्चार्ज कराए उनके घर ले जाते हैं और उसके बदले में रुपए लेते हैं। जबकि जच्चा-बच्चा नोर्मल हालत में होते हैं तब भी 3 दिन से पहले उसे छुट्टी नहीं दी जाती परंतु सांठगांठ के चलते हुए यह दूसरे ही दिन जच्चा बच्चा को उनके घर पहुंचा देते हैं और उसके बदले में रुपए लेते हैं। उपखंड अधिकारी रेखा मीणा से गोविंद गौतम ने दोनों दोनों ड्राइवरों के नाम अपने पीए के जरिए नोट कराए गए।

## अध्यापक ने शिष्या से की अशलील हरकतें

**सूरजगढ़, (निसं)।** थाना इलाके के एक गांव की सरकारी स्कूल में गुरू शिष्य के रिश्ते शर्मशार हुए है। एक छात्रा ने अपने ही स्कूल टीचर के खिलाफ छेडछाड करने और अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है। जब इस दलित वर्ग की छात्रा ने यह बात अपनी मां को बताई और मां ने स्कूल में जाकर शिकायत की तो छात्रा की ही टीसी काटकर थमा दी गई। जिसके बाद शनिवार को ग्रामीणों ने दलित परिवार के साथ पहुंचकर स्कूल प्रिंसीपल को खरी खोटी सुनाई और अध्यापक से बातचीत करने की कोशिश की लेकिन इससे पहले आरोपी अध्यापक छुट्टी पर चला गया। इस मामले में अब परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी अध्यापक के खिलाफ छेडछाड की रिपोर्ट दी है।

पीडिता ने बताया कि उसके साथ पिछले पांच-छह महीनों से स्कूल का एक अध्यापक छेडछाड करने के अलावा अश्लील इशारे करता है और अवैध शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। छात्रा ने सारी बात अपनी मां को बताई। मां और पिता ने शुक्रवार को जाकर जब स्कूल में शिकायत की तो स्कूल के स्टाफ ने उसके अनपढ पिता से एक कागज पर साइन करवाए और टीसी थमा दी। जब उन्हें पता चला कि टीसी के लिए एप्लीकेशन पर उसके अनपढ़ पिता के साइन करवा लिए गए है। जिस पर ग्रामीणों के साथ परिवार गया और उलाहना दिया। इधर, मामले में प्रिंसीपल ने बताया कि अध्यापक के बारे में विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं बच्ची का वापिस एडमिशन लिया जा रहा है।

# देश के सभी हाईकोर्ट में एडिशनल सोलिसिटर जनरल ऑफ इण्डिया लगाए जाएंगे

## डिजिटल तकनीक से न्याय में मदद मिलेगी : मंत्री किरण रिजिजू

**उदयपुर, (कासं)।** पेपर लेस कार्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ न्याय कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए विधि एवं न्याय मंत्रालय भी अपनी कार्य प्रणाली में डिजिटल मॉडल अपनाने की ओर बढ़ रहा है। इमर्जिंग लीगल इश्यूज - 2022 विषय पर आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश मे अदालतों को डिजिटल किया जा रहा है उससे देश के लोगों को अपनें केस के बारे में जानकारी हासिल करने में सुविधा मिलेगी और उन्हे समय पर न्याय मिल सकेगा।



केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने इमर्जिंग लीगल इश्यूज-2022 कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि देश के सभी हाईकोर्ट में एडिशनल सोलिसिटर जनरल आफ इण्डिया लगाए जाएंगें ताकि भारत सरकार के मामलों की प्रभावी पैरवी हो सके। उन्होनें कहा कि न्यायिक सिटम को रिलुक करनें का समय आ गया है। हाईकोर्ट और लोअर कोर्ट में आधारभूत सुविधा बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहें है। उन्होनें कहा कि कोलेजियम सिस्टम पर विचार करनें की जरूरत है ताकि नियुक्तियों में तेजी ला सकें। उन्होंने कहा कि देश में अनेक एकेडमी बनी हुई है उसी दिशा में हम लॉ एकेडमी बनाने का काम कर रहे हैं। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि देश में कानून मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा और लोगों को समय पर न्याय मिल सकेगा। उन्होनें कहा कि देश में चार करोड़ अस्सी लाख पेन्डिंग कैस हैं उन्हे कम करनें के लिए न्याय प्रणाली को प्रभावी ढ ंग से काम करनें की आवश्यकता है। उन्होनें देश में जजों की भर्ती एवं चयन के बारे में कहा कि सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आज के समय में हम सोशल मिडिया की टिप्पणी से बच नहीं सकते इस बारें में चीफ न्यायाधीश भारत नें भी विधी एवं न्याय मन्त्रालय को पत्र लिखा है। उन्होनें कहा कि इससे बचनें के लिए ठोस कदम उठाने के लिए सरकार और न्यायपालिका को मिलकर कार्य करनें की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथी के रूप में बोलते हुए प्रो एसपी बघेल, केन्द्रीय राज्यमंत्री, विधि एवं न्याय ने कहा की इस कान्फ्रेस में वैचारिक मंथन होगा जिससे अमृत जरूर निकलेगा और उससे प्रजातन्त्र मजबूत होगा और साथ ही हमारे चारों स्तम्भ भी मजबूत होंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री विधि एवं न्याय ने कहा की दुनिया के कई देश भारत के प्रजातन्त्र को पुराना कहकर पुकारते हैं इस पर उन्होनें कहा कि भारत के लोकतन्त्र के जरिए ही हमने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर देश के सर्वोच्च पद महिलाओं को राष्ट्रपति के पद से नवाजा है। उन्होनें इस अवसर पर अदालतों में लम्बित केस होने के क्या कारण हैं इस पर विचार करनें और उन्हे कैसे कम किया जावे इस दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

यूनियन आफ इंडिया एडवोकेट्स कांफ्रेंस (वेस्ट जोन) की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उच्चतम न्यायलय के न्यायाधीश अजय रस्तोगी ,राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव, गुजरात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यूनियन ऑफ इंडिया काउंसिल वेस्ट जोन की ओर से केन्द्र सरकार के एडवोकेट की दो दिवसीय कॉन्फ्रेस में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और मध्यप्रदेश के 300 से ज्यादा केन्द्र सरकार की सभी एजेंसियो और विभागों के गर्वमेंट काउंसिल शिरकत कर रहे है। उदघाटन समारोह का शुभारंभ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष संदेश के साथ किया गया।

# केमिकल व्यापार का झांसा देकर 65 लाख रु. ठगने वाली नाइजीरियन महिला गिरफ्तार

## करोना संक्रमण और अन्य बीमारियों की दवा बनाने में काम आने वाला केमिकल सस्ती कीमत पर बेचने का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाती थी आरोपी

- **पिछले 10 साल से नाइजीरियन ठग जॉर्ज आईकेई के संपर्क में थी आरोपी महिला, खुद की पहचान छिपाने के लिए किराये के अलग-अलग मकानों रहती थी**
- **पुलिस को उसके पास से 40 से ज्यादा बोगस बैंक खातों में करोड़ों रुपये का लेनदेन मिला है।**


**जयपुर** (कासं)। करोना संक्रमण समेत अन्य बीमारियों की दवा में काम आने वाले कैमिकल का व्यापार का झांसा देकर 65 लाख की ठगी करने वाली महिला को मुहाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला नाइजीरियन ठग की पत्नी है, जिसने जल्द अमीर बनने की चाहत में कॉल सेंटर की जॉब को छोड़ दी थी। पुलिस ने आरोपित महिला के कब्जे से कुल 9 मोबाइल, 3 फर्जी सिमकार्ड, 1 लेपटॉप और एक लाख की नकदी बरामद की है। उसके बैंक खाते में जमा 4 लाख रुपए फ्रीज करवाए हैं। पुलिस को 40 से अधिक बोगस बैंक अकाउंट में करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन भी मिला है। जिसमें एक ही व्यक्ति के नाम से 26 बोगस बैंक अकाउंट मिले है।

डीसीपी योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार महिला देवी प्रकाश अंबेडकर (35) एच/5/87, श्री गणेश कृपा सीएचएस, न्यू एमएचबी कॉलोनी, बोरीवली वेस्ट हाल ए-402, लेकसाइड, लोढ़ा सोसाइटी, मानपाडा पलावा महाराष्ट्र की रहने वाली है।

एडिशनल डीसीपी भरत लाल मीणा ने बताया गिरफ्तार आरोपित महिला देवी प्रकाश पूर्व में कॉल सेंटर में जॉब करती थी और पिछले दस साल से नाइजीरियन ठग जॉर्ज आईकेई नाईजीरियन के सम्पर्क में थी, जिससे शादी कर मुंबई और महाराष्ट्र में अलग-अलग जगह किराए के मकान लेकर पहचान छिपाकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रही थी। पुलिस पिछले पन्द्रह दिनों से लगातार दिल्ली, महाराष्ट्र, मुंबई, पुणे और पालवा में दबिश दे रही थी। मुखबिर की सूचना पर महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब नाइजीरियन ठग की तलाश में हैं। थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया आरोपित महिला अपने पति नाइजीरियन ठग के साथ मिल कोरोना सहित अन्य बीमारियों की दवा में काम आने वाले केमिकल (पिनालिया टरनाटा लिक्विड एक्सट्रैक्शन अर्क) का व्यापार का झांसा देकर सोशल मीडिया एप्प पर लोगों से संपर्क करती है। वह खुद को अमेरिका की फार्मा कंपनी का प्रतिनिधी बताती है।

इसके बाद केमिकल को सस्ता बेच आगे सप्लाई में मोटा मुनाफा का झांसा देती है। आरोपित ठगी की रकम अलग-अलग बोगस बैंक अकाउंट में लेते हैं।

# गायों के घावों पर महापौर सौम्या गुर्जर ने लगाया दवा और मरहम



ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने शनिवार को हिंगौनिया गौशाला में पहुंचकर लम्पी पीड़ित गायों के घावों पर अपने हाथों से दवा लगाई।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शनिवार को हिंगौनिया गौशाला में पहुंचकर लम्पी वायरस से पीड़ित गायों के उपचार की जानकारी ली।

उन्होंने क्वारंटीन सेंटर और गायों के बाड़ों में जाकर गायों को देखा। गौवंश के घावों पर दवा और मरहम लगाया। फिर उन्हें हरा चारा और औषधीय लड्डू भी खिलाये। इसके बाद मेयर डॉ. सौम्या ने पशु प्रबंधन का जिम्मा संभाल रहे अफसरों से लम्पी पीड़ित गायों के उपचार का पूरा ब्यौरा मांगा। इसके बाद चेयरमैन व पार्षदों के साथ स्वयं महापौर ने भी बाड़ों में झाड़ू लगाई। महापौर ने कहा कि गौवंश में लम्पी वायरस तेजी से फैल रहा है। खासकर राजस्थान में इस बीमारी का प्रकोप ज्यादा है। जयपुर भी इससे अछूता नहीं है। बीमारी के चलते लोग लम्पी पीड़ित गायों को खुले में छोड़ रहे हैं, लेकिन यह वक्त गायों की सेवा-सुश्रुषा का है। लोग गोवंश को बेसहारा छोड़ने के बजाय हिंगोनिया गौशाला में भिजवाएं, ताकि उनका उनका उपचार किया जा सके। स्वस्थ होने के बाद लोग अपनी गाय दुबारा ले जा सकते है। इसी के साथ होम्योपैथिक औषधि युक्त लड्डू गायों को खिलाया गए। इस दौरान पशु प्रबंधन समिति के चेयरमैन अरुण वर्मा, चेयरमैन जितेंद्र श्रीमाली, मीनाक्षी शर्मा, अर्चना शर्मा, रश्मि सैनी, राम किशोर प्रजापत, इंद्र प्रकाश धाभाई, महेंद्र शर्मा, अक्षत खूंटेटा, लक्ष्मण लूणीवाल, महेश इंटर और अजय सिंह चौहान व शंकर शर्मा साथ रहे।

- **'लम्पी पीड़ित गौवंश को बेसहारा छोड़ने के बजाय लोग गौशाला भेजें, स्वस्थ होने के बाद वापस ले जाये'**

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ग्राहकों के साथ मनाया स्थापना दिवस



बैंक ऑफ महाराष्ट्र के स्थापना दिवस समारोह में जयपुर की क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष दुलड़, आईएएस पुष्पा सत्यानी, और बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार शर्मा मौजूद थे।

**जयपुर** (कासं)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 16 सितंबर को उत्साह के साथ अपना 88वां स्थापना दिवस मनाया। राजस्थान स्थित सभी बैंक शाखाओं पर आकर्षक सजावट की गई और ग्राहकों के साथ बैठक भी रखी।

ग्राहकों को बैंक की नवीनतम योजनाओं, विभिन्न जमा और ऋण स्कीम के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य कार्यक्रम अंचल कार्यालय जयपुर की ओर से होटल कम्फर्ट इन में ग्राहकों व बैंककर्मिर्फे की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग एवं पंचायतीराज विभाग से पुष्पा सत्यानी थी। महाबैंक जयपुर अंचल की प्रबंधक संतोष दुलड़ ने ग्राहकों को बैंक की लंबी यात्रा में सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने दूर-दराज के स्थानों पर वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलने की घोषणा की। मुख्य अतिथि पुष्पा सत्यानी ने राजस्थान में बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा दी जा रहे सेवाओं और उत्पादों की सराहना की। उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ अपने अनुभव साझा किए। समारोह में बैंक अपने विशेष उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई और डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से बैंक की यात्रा को प्रदर्शित किया। समारोह में जयपुर के उप अंचल प्रबंधक मुकेश कुमार शर्मा ने धन्यवाद दिया। ज्ञात रहे कि वर्तमान में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की देशभर में शाखाएं है। बैंक हर वर्ष 200 नयी शाखाएं खोलने की योजना बना रहा है।

# टैक्सटाइल वेस्ट को पुनः उपयोगी बनाने की कवायद

**जयपुर**, (कासं)। प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन ने द फ्यूचर रिसोर्सेज नाम से एक क्रांतिकारी टेक्सटाइल अपसाइक्लिंग ड्राइव के लिए शहर के आर्ट हाउस आवाज स्टूडियो के साथ हाथ मिलाया है। यह प्रोजेक्ट पिंकसिटी के टेक्सटाइल कचरे को फिर से उपयोगी बनाने के लिए सिलाई, रफ़ू और दुरूस्त करने के शिल्प पर केंद्रित है।

जयपुर में 25 सितंबर तक टेक्सटाइल वेस्ट संठाहण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नागरिकों को अपने पुराने कपड़े दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा। कलेक्शन स्टेशन पीडीकेएफ स्टोर (सिटी पैलेस), राजस्थान पोलो क्लब (रामबाग), जयपुर मॉडर्न (सी-स्कीम) और कल्ट फिट (मालवीय नगर) में स्थित हैं।

कलेक्शन के बाद, शिफ्ट-आर्ट एंड डिज़ाइन फेस्टिवल में अपनी तरह का एक अनूठा रीसाइक्लिंग स्टेशन बनाया जाएगा, जहां शिल्पकार एकत्रित कपड़ों का उपयोग नए कपड़े और एक्सैसरीज डिजाइन करने के लिए करेंगे। शिफ्ट - कला और डिजाइन फेस्टिवल 1 और 2 अक्टूबर 2022 को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। यह फेस्टिवल जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को एक साथ लाकर हमारे स्थानीय कला परिदृश्य के निर्माण करने पर केंद्रित है।

# छत्तीसगढ़ में विकलांगों को जयपुर फुट लगाये



**जयपुर**। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिला मुख्यालय पर कठिन परिस्थितियों में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने विकलांगों को जयपुर फुट लगाकर उन्हें चलने-फिरने योग्य किया ।

शिविर का आयोजन भारतीय जैन संघटन और जगदलपुर के जे.एम. चैरिटेबल तथा सुकमा जिला प्रशासन के सहयोग से हुआ, जिसमें 700 से अधिक विकलांगों को कृत्रिम पैर जयपुर फुट के अलावा बैसाखी, व्हील चेयर, ट्राई साईकिल तथा श्रवण यंत्र दिये गये । बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने बताया कि सुकमा जिले और आस-पास के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकलांगों को वहीं शिविर लगाकर उन्हें कृत्रिम पैर, हाथ, कैलीपर आदि लगाने का यह पहला प्रयास था जिससे इस क्षेत्र के विकलांगों को लाभा मिला। डी.आर. मेहता ने बताया कि समिति कई दिनों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ऐसा शिविर लगाने के प्रयास में थी, लेकिन सुरक्षा और अन्य कारणों से यह सम्भव नहीं हो पा रहा था । सुकमा व जगदलपुर के जैन संगठनों के प्रयासों और जिला प्रशासन के सहयोग से सुकमा में शिविर लगाकर कांटा, छिदगढ़ और सुकमा ब्लॉक के विकलांग आदिवासियों को लाभान्वित किया।

# डॉ. राजेन्द्र शर्मा का सम्मान किया

**जयपुर** । गोल्डन अचीवर्स सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा क्षेत्र से बहुत से चिकित्सा अधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र, लघु उद्योग प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति डॉ.सुधीर भंडारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के लिए डॉ.राजेंद्र कुमार शर्मा राजकीय चिकित्सा अधिकारी करौली को उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. शर्मा विगत 15 सालों से करौली के डांग क्षेत्र में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। वे होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया करौली यूनिट के महासचिव भी है।

## सार-समाचार

### विप्र सेना ने 5 हजार दवा किट सौंपे



**जयपुर** (कासं)। विप्र सेना ने शनिवार को हिंगोनिया गौशाला में ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर को लम्पी पीड़ित गायों के लिए 5 हजार दवा किट मुहैया करवाये। इसकी तारीफ करते हुए सौम्या गुर्जर ने कहा कि विप्र सेना हमेशा ही सामाजिक सरोकार के कार्यों में आगे रही है। लम्पी बीमारी को लेकर विप्र समाज की सक्रियता के लिए सभी विप्र सैनिकों का आभार! विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने कहा कि गौवंश में तेजी से फैल रहे लम्पी रोग से राजस्थान के गौधन पर गम्भीर संकट आ गया है। प्रदेश में 50 प्रतिशत से अधिक गायें इस रोग से ग्रसित है और तेजी से गायों की मौत हो रही है। विप्र सेना राजस्थान प्रदेश की 100 अधिक विधानसभा क्षेत्रों में निःशुल्क दवा बांट रही है। अभी तक 50 हजार गायों के लिए निःशुल्क दवा बांटी जा चुकी है। ये दवा विप्र सेना सूरत द्वारा निःशुल्क प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर नगर निगम चैयरमेन समेत 25 से अधिक पार्षद व विप्र सेना आईटी राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गौतम, राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य नवीन उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, विधाधर नगर विधानसभा अध्यक्ष अजित जोशी, सिविल लाइन विधानसभा अध्यक्ष हेमेन्द्र शर्मा, विधाधर नगर विधानसभा महामंत्री रविकांत गौड़, प्रदेश प्रवक्ता अखिल दिवेदी, सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष किशन कुमार शर्मा, सहित कई लोग मौजूद रहे।

### माय एपिटाफ का दिल्ली में विमोचन



**जयपुर**, (कासं)। जयपुर के इंडो-इंग्लिश कवि जगदीप सिंह के माय एपिटाफ शीर्षक से काव्य संकलन का विमोचन नई दिल्ली में होटल क्लेरिज में किया गया। इस संकलन को मेयो के भूतपूर्व छात्र और पंजाब के पूर्व राज्यपाल, वी.पी. सिंह बदनौर द्वारा रिलीज किया गया। विमोचन समारोह में दिल्ली की मेयो एलुमनाई एसोसिएशन (एमएएडी) के अध्यक्ष और सचिव, हरमीत सिंह और किरीत जवाली भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बदनौर ने कहा कि जगदीप की कविताएं विभिन्न विषयों को कवर करती हैं और समझने में आसान हैं। वे दैनिक की वास्तविकताओं को भी छूती हैं। इसके बाद शेबोन्ती डडवाल ने कवि के साथ उनकी कविताओं पर गहन चर्चा की, जिसमें जीवन की अनिश्चितताओं, मनुष्य के जीवित रहने के संघर्ष, हेमिंग्वे के राईटर्स ब्लॉक और कवि की प्रेम कविता में भेद्यता पर प्रकाश डाला गया। बाद में, लेखक ने अतिथियों के लिए पुस्तक की प्रतियों पर हस्ताक्षर किए।

### वेदों में छिपे रहस्यों पर होगा मंथन

**जयपुर** । वेदों में क्या है इस गुत्थी पर मंथन के लिए देश और प्रदेश के विद्वान तीन दिनों तक जयपुर में जुटेंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजस्थान संस्कृत अकादमी, कला एवं संस्कृति विभाग और जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से 20 से 22 सितंबर तक वैदिक प्रबोधन और पुनश्चर्या कार्यक्रम होगा। कादमी के निदेशक संजय झाला ने बताया कि प्रौढ़ शिक्षा समिति के सभागार में 20 सितंबर को होने वाले उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधी राजीव एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आईबी त्रिवेदी होंगे।

### एएनएम के स्थानांतरण आदेश पर स्टे

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर ने एएनएम के स्थानांतरण मामले में स्थगन (स्टे) का आदेश दिया है। अधिवक्ता सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि एएनएम सुनीता कुमारी झुंझुनूं की टीटनवाड़ा पीएचसी पर कार्यरत थी, जिसे बिना स्थानांतरण किये ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झुंझुनूं के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। इस विभागीय आदेश को सुनीता कुमारी ने अधिकरण जयपुर में चुनौती दी। इसमें अधिवक्ता सुरेश कुमार मीणा ने तर्क दिया कि अपीलार्थी के विरूद्ध स्थानांतरण आदेश सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं किया गया है, और सुनीता कुमारी को कार्यमुक्त कर दिया गया। इस पर अधिकरण ने इसे विधि विरूद्ध माना और अपील में स्थगन आदेश पारित कर दिया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरु



**जयपुर**, (कासं)। राजधानी के ढहर का बालाजी स्थित कृष्णा कालोनी में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ हुआ।

पाठक परिवार की ओर से आयोजित इस कथा सप्ताह में सात दिनों तक भक्तजनों के बीच श्रद्धेय प्रज्ञान महाराज वृंदावन वाले के श्रीमुख से कथा वाचन किया जाएगा। इसके पहले दिन आज कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें सैंकडो महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश रखकर मंगलगान गाती हुई वेद मंत्रों के साथ सीतारामजी मंदिर से रवाना हुई। इस दौरान कलश यात्रा मुख्य बाजारों और कॉलोनियों से गुजरती हुई सभास्थल पहुंची जहां ब्राहमण समाज राजस्थान के अध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक के साथ रवि पाठक, मगन पाठक, श्याम पाठक, सत्यनारायण पाठक, अवनीश तिवारी, गोपाल शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, जमुना लाल शर्मा एवं दामोदर प्रसाद शर्मा ने पूजा अर्चना की।

कथा आयोजक अंबिका प्रकाश पाठक ने बताया कि कथा स्थल शांति देवी पाठक भवन यूरो किड्स स्कूल के पास तीन दुकान ढहर का बालाजी कथा 24 सितंबर तक चलेगी।

इसके पहले दिन कथा वाचक श्रीधाम वृन्दावन के प्रज्ञान महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा कलियुग के पापों का नाश करने वाली है, सूत जी कहते हैं कि जब आनंदकंद प्रभु इस धराधाम से अपनी लीला को पूर्ण करने अपने गोलोक धाम जाने लगे तो उद्धव जी ने उनसे कहा कि प्रभु आपके जाने के बाद इस कलियुग के प्राणियों का कल्याण कैसे होगा तब प्रभु श्रीकृष्ण ने अपने तेज को तिरोहित करके इस भागवत रूपी सागर में प्रविष्ट कर दिया, तब से ही ये भागवत साक्षात परब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है।

# हथियारों के साथ बदमाश दबोचे



**जयपुर** (कासं)। शेखावाटी के कई थानों में वांछित चल रहे दो बदमाशों को करधनी थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक लोडेड देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए है। वहीं, चोरी की बाइक जब्त की है, जिस पर दिल्ली की फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी। डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश जितेन्द्र बुरडक (23) दातारामगढ और अनिल कुमार (23) श्रीमाधोपुर जिला सीकर के रहने वाले हैं, जिनके कब्जे से एक लोडेड देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए है। आरोपियों के कब्जे से बरामद चोरी की बाइक पर दिल्ली नंबर की फर्जी प्लेट लगी हुई थी। आरोपित वारदातों में नंबर प्लेट बदल लेते थे। गिरफ्तार आरोपी शेखावाटी के कई थानों से वांटेड है और जिन पर चोरी, लूट, अवैध हथियारों के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। आरोपियों से नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'अम्बेडकर एंड मोदी : रिफॉर्मर्स आइडियाज़ परफॉर्मर्स इम्प्लीमेंटेशन' पुस्तक का विमोचन किया

## यह पुस्तक डॉ. अम्बेडकर के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए किए जा रहे कठोर प्रयासों का दस्तावेज है : अनुराग ठाकुर




पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'अम्बेडकर एंड मोदी: रिफॉर्मर्स आइडियाज़ परफॉर्मर्स इम्प्लीमेंटेशन' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश के.जी. बालकृष्णन, केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे।

- **'केन्द्र सरकार ने 208 कॉलेज खोले और सीटों की संख्या बढ़ाकर एक लाख से ज्यादा की'**

**जयपुर** (कासं)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'अम्बेडकर एंड मोदी: रिफॉर्मर्स आइडियाज़ परफॉर्मर्स इम्प्लीमेंटेशन' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश के.जी. बालकृष्णन, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के निदेशक हितेश जैन भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह पुस्तक महान सुधारक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के उत्कृष्ट विचारों और दूरदर्शिता का संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि यह इस बात का संकलन भी है कि पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन विचारों को कैसे क्रियान्वित किया है।

ठाकुर ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन समानता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने को समर्पित किया। वह हाशिए पर मौजूद और सामाजिक रूप से उत्पीड़ित लोगों की आवाज थे। उनके जीवन और प्रभाव का आधुनिक भारत के निर्माण पर व्यापक प्रभाव बरकरार है। डॉ. अम्बेडकर ने भेदभाव विहीन ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जो हाशिए पर मौजूद लोगों को मुख्यधारा में लेकर आए, जो विकास के लाभ सभी में समान रूप से वितरित करे, लेकिन स्वतंत्रता के बाद से सरकारों के प्रयास इन विचारों को साकार करने में अपर्याप्त रहे है। वर्ष 2014 के बाद से सरकार ने इन उद्देश्यों को पूरा करने का अथक प्रयास किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का जीवन मंत्र "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी के विकास मॉडल के मूल में रहा है। देश में शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है। पिछले 8 वर्षों में 208 से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और मेडिकल सीटों की संख्या 78 हजार से बढ़ाकर 1 लाख से अधिक कर दी गई है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

ठाकुर ने बताया कि देश के सुदूर कोने-कोने तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है, 45 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, संकट के समय महिलाओं के खातों में 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि हस्तांरित की है। जहां एक ओर भीम ने मजबूत डिजिटल भुगतान प्रणाली की मिसाल कायम की है, वहीं दूसरी ओर हमने 11 करोड़ से अधिक शौचालयों और 3 करोड़ से अधिक मकानों का निर्माण किया है। उज्ज्वला योजना में 12 करोड़ महिलाओं को गैस सिलेंडर मिले और मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया। मुद्रा योजना में एससी-एसटी और अन्य पिछड़े समुदाय के 34 करोड़ लोगों को गारंटी के बिना 18 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने में मदद की है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने भाषण में डॉ. अम्बेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित किया। स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक वर्षों में उनके योगदान को याद करते हुए, कोविंद ने कहा कि बाबा साहब के योगदान ने बैंकिंग, सिंचाई, बिजली व्यवस्था, शिक्षा प्रणाली, श्रम प्रबंधन, राजस्व बंटवारा प्रणाली आदि से संबंधित नीतियों को आकार दिया। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बालकृष्ण ने भारत के औद्योगीकरण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आधुनिकीकरण पर बाबा साहब के सुझावों को याद किया। आयोजन से पहले, न्यायमूर्ति के.जी.बालकृष्ण और मंत्री अनुराग ठाकुर ने तीन दिवसीय डिजिटल इंटरएक्टिव मल्टी-मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया, जिसमें केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव पर डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के जीवन, शिक्षाओं और योगदान पर ध्यान केन्द्रित किया है।



## Read an E-book Day


Years ago there was a giant push to encourage reading among youth and adults alike, and that push has entered the modern age with International read an eBook day. With the invention of the eBook, we have reached the point where the wonder of reading is available to anyone with the computer or portable electronic device. Get lost in the world of a book, whether new or an old favourite, without the hassle of lugging it around, holding it up, or damaging it. That's right, read an eBook!



#YOGA

# Manage Diabetes with These Asanas

Yoga can do more than just relax your body in mind – especially if you're living with diabetes.




Diabetes is a chronic metabolic condition in which the patient has high blood glucose or hyperglycemia. Diabetes develops when the body is unable to produce enough insulin or use it effectively. According to research published in the Indian Journal of Opthalmology, "the estimates in 2019 showed that 77 million individuals had diabetes in India, which is expected to rise to over 134 million by 2045."

While following a proper diet, sleep schedule, and exercise routine can help manage diabetes, doing yoga can also prove to be extremely beneficial. Yoga can do more than just relax your body in mind - especially if you're living with diabetes. Certain poses may help lower blood pressure and blood sugar levels while also improving circulation.

Experts suggest that regular practice of certain yoga asanas may even help reduce your risk for other complications of diabetes, such as heart disease. Other benefits include helping your digestive system, nervous system, and endocrine system work effectively."

*Check out the asanas below:*

### Half Lord of the Fishes Pose/ Ardha Matsyendrasana



ArdhaMatsyendrasana involves a half spinal twist that helps in improving energy levels and promoting the release of insulin in the body. Therefore, this pose helps in controlling diabetes and keeps the energy levels high.

### Meditate



Meditation helps diabetic patients by minimising stress, reducing blood sugar levels, and decreasing the risk of cardiovascular disease. Meditating for 10-15 minutes can help in suppressing stress response reducing plasma cortisol which improves glycemic control.

### Plow pose/ Halasna

**Diabetics,** who lead a sedentary lifestyle, should practice halasana. It helps in reducing belly fat, and promotes the secretion of insulin in the body. This, in turn, helps control the blood sugar level, and also minimises the risk of developing type-2 diabetes.

### Supported shoulder stand



This asana may help improve circulation and stimulate the thyroid gland. It can also help calm the mind and relieve stress.

### Child's Pose/Balasana

This pose help s in relieving stress, fatigue, and back and neck pain. It also encourages relaxation that helps increase the production of insulin-producing beta cells.

### Seated forward bend/Paschimottanasana

In addition to lowering blood pressure and promoting weight loss, this pose may help relieve anxiety, headache, and fatigue, and tones the abdominal and pelvic organs.

But experts advise caution, adding that practitioners must keep the following things in mind:

- Do these poses at a moderate to slow pace.
- All poses are to be done on an empty stomach (at least 2 hours after a meal; and 4 hours in case you've had a heavy meal).
- Breathe at a regular pace and do not hold your breath till instructed.
- Consult your yoga instructor in case of a doubt.
- In case you feel discomfort stop immediately.



Balasana.

"I watched the Sri Lanka-Pakistan final and couldn't help but admire the planning of the Lankans. They literally strangled Pakistan, such was their meticulous strategy and beautiful execution. Plenty of credit must go to head coach Chris Silverwood… Sri Lanka's a serious threat to the 'big' teams in the T20 World Cup"



Dilip Vengsarkar.

# Selectors need to have a vision, else it won't work out: Dilip

#INTERVIEW



Lokendra Pratap Sahi
*Senior Journalist*

Dilip Balwant Vengsarkar has worn each hat with distinction… Be it as player, captain or chairman of the selection committee… His views, therefore, carry plenty of weight.

The Mumbai-based Vengsarkar, now 66, spoke to this Columnist for over an hour.

Excerpts…

***Q: What was the thought process which went into picking the squad for the inaugural T20 World Cup (then called World Twenty20), back in 2007? India, after all, had the experience of just one T20I…***

**A:** I have to confess neither I nor my colleagues -Venkatapathy Raju, Bhupinder Singh (Snr), Sanjay Jagdale and Ranjib Biswal) - had watched the format in person. Plus, there were no T20 tournaments in India… I was in England for the Test series and, so, I told my co-selectors 'you pick your squad and I mine', idea being to exchange notes. We were on the same wavelength where 90 per cent of the players were concerned.

***Q: Seniors Sachin Tendulkar, Anil Kumble, Sourav Ganguly and Rahul Dravid opted out, right?***

**A:** Zaheer Khan as well… All of them, who were in England, chose not to be considered.

***Q: Were you put off track when the seniors made themselves unavailable?***

**A:** When somebody chooses not to be available, an opportunity opens for somebody else. There's always somebody waiting to come in.

***Q: How did you, as chief selector, go about picking that squad?***

**A:** Went by instinct, chose players with energy… Selected those I felt would be hungry. Selectors need to have a vision, else it won't work out.

***Q: The 50-over World Cup, earlier that year, had been a disaster. Did that influence you and your colleagues in any way?***

**A:** Let's say I'd become the selection committee chairman in the 2006-2007 season, when that World Cup squad was picked. By the time the T20 World Cup came, I was firmly in the saddle.

***Q: Yuvraj Singh, who got the vice-captaincy, was senior to Mahendra Singh Dhoni. Was there a debate over the captaincy?***

**A:** Virender Sehwag was also senior… Look, Dhoni had been playing from 2004-2005 and colleagues and I had been impressed by his approach to the game. Also, his understanding of cricket. Moreover, I spoke to some seniors, who'd stand in the slips cordon, and their feedback on Dhoni was positive too…There was something about Dhoni which strongly suggested he was destined to be a leader.

***Q: Selectors, I suppose, must be brave as well. Do you agree?***

**A:** You're right. Besides a vision, selectors must have the courage of conviction. They need to back themselves as much as they back the players.

***Q: The decision to make Dhoni captain became a game-changer. Cause, surely, for immense satisfaction…***

**A:** Indeed, as also selecting Virat Kohli for the latter half of the 2008-2009 tour of Sri Lanka.

***Q: Were you surprised by (a) India making that 2007 final and (b) actually becoming champions?***

**A:** The squad was balanced and, in any case, you cannot predict in the T20 format. Two good overs for one team become two terrible overs for another… Dhoni's men peaked at the right time. Besides, they were neither lacking in energy nor the hunger to make headlines. The squad was young too. So, wasn't surprised by Pakistan being beaten in the final.

***Q: What lessons did you and your colleagues learn from that success?***

**A:** (Laughs) Where was the time to learn anything? Next season, I was out of the selection committee!

***Q: That victory became the best PR exercise for the IPL, which was to begin in 2008…***

**A:** Of course that inaugural T20 World Cup win was a major boost for the yet-to-be launched IPL. Interest in the format soared after the India vs Pakistan final and a new breed of passionate fans couldn't wait for the IPL to start.

***Q: Joginder Sharma, hero after that sensational last over, disappeared rather soon…***

**A:** Sadly, happens to some.

***Q: The squad for this year's T20 World Cup is now known. Your take?***

**A:** Well… It's a run of the mill selection, nothing out of the box. Selectors must be fearless and pick boldly. For major tournaments, have a surprise player. The gamble may be worth it.

***Q: Surprised that Mohammed Shami hasn't been included?***

**A:** Yes… I thought Shami had been rested for the Asia Cup. But it's clear he's not in the T20 scheme of things. Wonder why?

***Q: Wouldn't have been a shock, but why not go for young and fiery Umran Malik?***

**A:** This omission beats me… After this year's IPL, Umran should have been a regular in T20Is. If the selectors wanted to have another look at him (leaving aside the three T20Is already played), he should have been in the Asia Cup squad. The thinking in India isn't correct. Why wait for Umran to first play a couple of full seasons of pure domestic cricket? When will you give him more opportunities? When Umran's pace drops from 150 kph to 135 kph? I cannot subscribe to this line of thinking.

***Q: How would you comfort Umran?***

**A:** I'd ask Umran to keep the focus intact, work hard and wait for the next opportunity. Umran and Shubman Gill are players with the potential to serve India for long.

***Q: Would you like Virat to open with captain Rohit Sharma?***


**A:** Hard to say off hand, would depend on the situation and the thinking within the core group. Fact, however, is anybody can open in T20s.

***Q: India begin their campaign at the MCG, against Pakistan, on October 23. Your starting XI?***

**A:** Tough one this… Often, conditions determine the XI… Today, I'd go with: Rohit, KL Rahul, Virat, Suryakumar Yadav, Rishabh Pant, Hardik Pandya, Dinesh Karthik, Ravichandran Ashwin, Jasprit Bumrah, Harshal Patel, Bhuvneshwar Kumar.



Mahendra Singh Dhoni with the inaugural T20 World Cup.



Dilip Vengsarkar.

***Q: That India lost to Pakistan in the Super Fours stage of the Asia Cup…Would it weigh heavily?***

**A:** Don't think so… India fared poorly in the Asia Cup because they chose to experiment. I have nothing against trying to work out the best combination, but you do that in a bilateral series, not in ICC tournaments or the Asia Cup.

***Q: India also lost to Pakistan in the 2021 T20 World Cup…***

**A:** Done and dusted… A year is a long time in cricket. Teams go forward by quickly learning from mistakes. India should have gone through that process by the time the world's focus is on the MCG.

***Q: You've experienced it all in different roles. Does the past actually count for much in Indo-Pak matches?***

**A:** Where T20Is are concerned, it can be anybody's day. Rankings don't mean much, nor for that matter, whatever happened the last time… In ODIs, you do have the overs to make a comeback… Test cricket, because of the way it is structured, allows good teams to claw back in innings No.2. Quality determines the winner in the longest and oldest format.

***Q: South Africa too is in India's group in the T20 World Cup… Dangerous?***

**A:** Definitely. You cannot underestimate anybody.

***Q: What goes into succeeding in the T20 format?***

**A:** From a batsman's perspective, I do know what will be an impediment: Going for extravagant shots all the time. No harm playing to the galleries once in a while, but your innings has to be built around a sensible approach and by playing cricket shots. If a set top-order batsman is there till the end of 20 overs, his team stands a great chance.

***Q: Sri Lanka… Simply stunning in the Asia Cup… What did you make of Dasun Shanaka and his men?***

**A:** (Admiringly) I watched the Sri Lanka-Pakistan final and couldn't help but admire the planning of the Lankans. They literally strangled Pakistan, such was their meticulous strategy and beautiful execution. Plenty of credit must go to head coach Chris Silverwood… Sri Lanka's a serious threat to the 'big' teams in the T20 World Cup.

***Q: Would you stick your neck out and name the favourite?***

**A:** Won't, for it's impossible to predict in the T20 format. Naturally, I want India to win, though.

***Q: Has the formula to succeed changed from 2007 till now?***

**A:** As a sport, cricket keeps evolving… The players' mindset has changed, there's lot more of strategy involved.

***Q: Talking of mindset, the T20 format has encouraged players to be fearless. Is that the biggest change?***

**A:** That and the jump in the players' earnings. It's a win-win situation for the Boards, players and sponsors. The format's popularity has scaled incredible heights. Even Greece is looking to promote T20 cricket.



Umran Malik.

***Q: Eventually, then, will the 50-over ODIs be squeezed out or is the Test format most threatened?***

**A:** The International Cricket Council has the responsibility to protect all three formats. The issue is about striking a balance and each Board also has a responsibility. For me, every format is important. There's definitely place for Tests, ODIs and T20Is to co-exist.

***Q: With that terms-dictating hundred against Afghanistan, the proverbial monkey is off Virat's back. Your expectations from him in the T20 World Cup?***

**A:** For years, Virat has been such a critical cog… I don't have to underline he's a match-winner. Virat has done well in Australia, which is a boost both for India and for him.

***Q: Virat had captained India to the U-19 World Cup crown at the start of 2008, but what made you select him for Sri Lanka later in the year?***

**A:** I went by instinct, which powered most of my decisions as chief selector. I'd seen Virat from his U-16 days and knew he had something special. As head of the Board's Talent wing, I recall having a chat with the late Arun Jaitley at the Kotla once, when Virat was around 15-16, and he too made the point about the teenager having loads of potential.

***Q: How has Rohit taken on the responsibility of captaining India across the three formats?***

**A:** Rohit's a good thinker and captains who're clear in the head do well.

***Q: What would you tell Rohit if you happened to meet him before the squad leaves for Australia?***

**A:** I'd just wish Rohit, who has been representing India for 15 years, success… He's experienced and, by now, must be on top of things. The less pressure Rohit takes, the better for India and for him. All captains carry heavy expectations, it cannot be any different for him.

***Q: Would you favour two captains, to lessen the burden on one?***

**A:** I don't know what's the thinking of the selectors… My view is immaterial, really… I'm disappointed that captains aren't being groomed. For example, the India A captain must be one who has the qualities to lead India. No point giving the A captaincy to somebody who may not even play for India.


***Q: Some countries have two coaches as well - for Test cricket and the two white-ball formats…***

**A:** Let's not make too much of the solitary red-ball format and the other two. Too many voices in the dressing room and at team meetings can also get confusing. Isn't it?

***Q: To end… Rahul Dravid has been the head coach for 10 months, but his wards haven't delivered when it mattered - be it the Test series in South Africa, one-off Test in England, Asia Cup…Could he, by the end of his innings, experience the same success he had as an iconic batsman?***

**A:** I hope so.

writetoarbit@rashtradoot.com



Virat Kohli.



Rohit Sharma.

#EVENT

# The Chewy Chapter

In a one-of-its-kind food festival, home chefs, bakers, culinary entrepreneurs as well as new restaurants and cafes of Jaipur will be putting their best foot forward to please the palate of the foodies of Pink City.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

They say nothing brings people together like good food. The foodies of Pink City are going to unite this Sunday (18 September) as a one-of-its-kind food festival – The Chewy Chapter – is all set to take the gastronomes for an epicurean adventure.

Aimed at promoting home chefs, home bakers and newly opened cafés and restaurants, the Chewy Chapter is the brain child of Café Choubara and Firangi Deli. "We felt the need to create a platform for passion driven cooks to showcase their products in an energetic atmosphere. The festival works on an exclusivity clause, where no two exhibitors showcase similar dishes. This also allows us to bring a plethora of cuisines and variety of dishes to be presented to the visitors. The festival has a no-charge entry for visitors", shares Arahant Jain, co-founder of the The Chewy Chapter, while shedding light on the genesis of such a festival.


The festival provides affordable showcase opportunities to entrepreneurs, bakers, home chefs etc who work on a small scale budget and investments but are hugely driven and passionate about their food. The first edition of the festival was held in July with around 15 exhibitors and over 700 visitors. This time there are around 22 exhibitors bringing delicacies from not just different parts of India but also from across the globe. One will be able to sample wraps, dimsums, tacos, burritos, falafel, dahi vada, nagori poori and aloo as well as an array of desserts.

There will also be several engaging workshops, live music, puppet show, games, storytelling sessions etc. to give the visitors a holistic experience. The workshops also help to give a platform to people to showcase their culinary as well as artistic skills to the audience. A special curtain raiser event was also organized this time in the form of a pot-luck to give some of the foodies a glimpse of what to expect at the food festival.

**When:** Sunday, 18 September, 4 pm to 11 pm
**Where:** Cafe choubara, Naru Path, near Narain Singh Circle
**Entry:** Free



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दंपती की हत्या का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

## बेडसा फला रामसौर में हुए दोहरे हत्याकांड का हुआ खुलासा



चौरासी थाना पुलिस की गिरफ्त में दोहरे हत्याकांड का आरोपी।

■ मृतक के भाई एवं नाबालिग भतीजे ने मिलकर दिया हत्या की वारदात को अंजाम

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के चौरासी थाना पुलिस ने बेडसा फला रामसोर में हुए ब्लाइंड दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। ब्लाइंड मर्डर के मास्टर माइंड मृतक के भाई को चौरासी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं मृतक के भतीजे बाल अपचारी को डिटेन किया जिन्होंने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया कि 15 सितम्बर को बेडसा फला रामसोर में रामा पिता कमजी भगोरा व उसकी पत्नी की लाश उसके घर में पडी होने की सूचना मिली थी जिस पर वृत्ताधिकारी रामेश्वरलाल चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया मय जाब्ता मौके पर पहुंचे जहां रामा पिता कमजी भगोरा एवं उसकी पत्नी आशा की धारदार हथियार से हत्या करने से लहूलुहान हालात में शव पडे मिले थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी भी मौके पर पहुंची एवं मौका मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस टीम के अथक प्रयास से एवं मुखबिर की सूचना पर मृतक के भाई मणिलाल भगोरा एवं बाल अपचारी भतीजे को डिटेन कर थाने लाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से गहनता से पूछताछ की गई तो बाल अपचारी व आरोपी मणिलाल ने मृतक रामा भगोरा व उसकी पत्नी आशा भगोरा की निर्मम हत्या करना स्वीकार किया। इस पर नियमानुसार बाल अपचारी को डिटेन किया गया एवं आरोपी मणिलाल भगोरा को गिरफ्तार कर प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

थानाधिकारी ने बताया कि हत्या का मुख्य कारण मृतक रामा भगोरा व अभियुक्त मणिलाल दोनों का तुलसी पत्नी स्वण् बाबू भगोरा के साथ अवैध संबंध था जिस पर अभियुक्त मणिलाल ने रामा को रास्ते से हटाने के लिए उक्त हत्या की वारदात को अंजाम दिया। घटना के दिन अभियुक्त मणिलाल व बाल अपचारी दोनों अपने खेत में बैठकर देसी शराब महुआ पीकर आपस में बातचीत कर रहे थे उसी समय अभियुक्त मणिलाल ने बाल अपचारी को बताया कि उसकी मां के साथ बडे भाई रामा भगोरा के बीच 2 साल से अवैध संबंध चल रहे है। इस पर दोनों ने मिलकर रामा भगोरा की हत्या करने की साजिश रची। हत्या के मास्टरमाइंड मणिलाल भगोरा द्वारा बाल अपचारी को उकसाने पर बाल अपचारी अपने घर से नंगी तलवार लेकर मणिलाल के पास वापस खेत में आया। वहां से दोनों रात करीब 11 बजे रामा भगोरा के घर पहुंचे जहां पर रामा भगोरा और उसकी पत्नी आशा भगोरा दोनों एक ही चारपाई पर सोए हुए थे। इस पर मणिलाल के कहने पर बाल अपचारी ने नंगी तलवार से रामा भगोरा व आशा भगोरा के सिर व गले पर ताबडतोड वार कर दोनों की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मणिलाल व बाल अपचारी दोनों ने मिलकर उक्त हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। कार्यवाही करने वाली टीम में चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंहए हेड कांस्टेबल कारुलाल, मदनलाल, मनोहर सिंह, गोपालचंद्र, निर्मल कुमार, कांस्टेबल गिरीश, मुकेश, अनिल, जगदीश, प्रकाशचंद्र, महेंद्र, भंवरसिंह कालूराम शामिल रहे।

# दर्जनभर बकरियों को हिंसक पशुओं ने मौत के घाट उतारा



हिंसक पशुओं ने एक ही रात्रि में दो परिवारों की बकरियों को शिकार बनाया।

■ मसूदा क्षेत्र की खिमपुरा ग्राम पंचायत के जैताजी का बाडिया की घटना

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड क्षेत्र के जेताजी का बाडिया में बीती रात को हिंसक पशु कथित पैंथर ने दो परिवारों के बाड़ों में बंधी दर्जनभर बकरियों को मौत के घाट उतार दिया।

जानकारी के अनुसार मसूदा उपखंड क्षेत्र के खिमपुरा ग्राम पंचायत के जेताजी का बाडिया में हिंसक पशुओं ने एक ही रात्रि में दर्जनभर बकरियों को उतारा मौत के घाट उतार दिया। नेताजी का बाडिया निवासी प्रभु फौजी एवं शिवराज काठात के दर्जनभर बकरियों को हिंसक पशु कथित पैंथर ने निशाना बनाया है। पीडितों ने बताया कि सुबह बकरियों का दूध निकालने गए तो बाडे में मृत पड़ी सभी बकरियों को देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे वन विभाग के नाका प्रभारी रामावतार मीणा ने घटना की जानकारी लेकर पोस्टमार्टम के लिए मसूदा पशु चिकित्सालय प्रभारी को मृत बकरियों के पोस्टमार्टम के लिए तहरीर दी।

इस घटना में एक पीडित परिवार शिवराज पुत्र सुलेमान एवं उसकी पत्नी आमना पत्नी शिवराज दोनों ही विकलांग है और आस्था कार्ड धारी है और बकरी पालन ही इस विकलांग दंपत्ति परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा छिन जाने से परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। इस घटना को लेकर मसूदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदारा काठात ने स्थानीय एवं जिला प्रशासन से हिंसक पशु कथित पैंथर को पकड़वा अन्यत्र भिजवाकर ग्रामीणों को भय मुक्त करने की मांग करने के साथ ही पीडित परिवारों को आर्थिक सहयोग दिलवाए जाने की मांग की है। इस घटना को लेकर खीमपुरा एवं जेताजी का बाडिया सहित आसपास के गांव में हिंसक पशु के द्वारा एक ही रात में दर्जनभर बकरियों का शिकार करने की घटना को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

# शादी का दबाव बनाया तो बेटी ने पिया कीटनाशी, मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के सादुलशहर इलाके के गांव चमारखेड़ा में करीब ग्यारह दिन पहले कीटनाशी पी ले लाने वाले व्यक्ति की देर रात इलाज के दौरान श्रीगंगानगर के एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने मृतक की बेटी से शादी के लिए दबाव बनाया हुआ था। इसी से परेशान होकर पीड़ित ने कीटनाशी पी लिया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में कुछ दिन पहले मामला दर्ज हो गया था। रात पीड़ित की मौत के बाद परिजनों ने शनिवार को श्रीगंगानगर के प्राइवेट अस्पताल के बाहर हंगामा कर दिया।

मृतक के परिजनों की ओर से पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़ित कुछ दिन पहले रामदेवरा जाना चाह रहा था। इसी दौरान आरोपी सीताराम और सुभाष उसे मिले तथा उसे अपनी जीप में रामदेवरा ले जाने की बात कही। वहां से लौटने पर आरोपियों ने पीड़ित पर उसकी बेटी से विवाह के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर पीड़ित ने कीटनाशी पी लिया। गंभीर हालत में उसे श्रीगंगानगर के एक प्राइवेट अस्पताल में लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पहले प्राइवेट अस्पताल के बाहर हंगामा किया और फिर शव लेकर सादुलशहर रवाना हो गए। वहां भी इन लोगों ने शव मोर्चरी में रखवाकर अस्पताल के बाहर धरना लगा दिया। शनिवार शाम तक धरना जारी था। इन लोगों का कहना था कि जब तक पहले दर्ज मामले में हत्या की धारा नहीं जोड़ी जाती वे धरना नहीं हटाएंगे।

## ट्रैक्टर व चाकू जब्त

**छबड़ा, (निसं.)।** बापचा पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही के आधार पर रुठीयाई से ट्रैक्टर व हत्या के प्रयोग में लिया चाकू जब्त कर लिया है। बापचा थानाधिकारी सुरेंद्र कुंतल के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते नगदा गांव के पास मोरेली रोड पर एमपी के मृगवास निवासी जाबिर खान की इसी के साथी मुराद खान ने चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने शुक्रवार को बापचा थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे-51 से मुराद को गिरफ्तार कर लिया था। रिमांड अवधि के दौरान उसकी निशानदेही के आधार पर ट्रैक्टर व चाकू जब्त कर लिया है। रविवार को मुराद को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# 35 लाख की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## चोरी में काम ली गाड़ी अबोहर से की जब्त, आरोपी पर पहले भी दर्ज हैं मुकदमें

**नोखा, (निसं)।** पुलिस ने 35 लाख रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है व चोरी में काम में ली जाने वाली एक गाड़ी को भी जब्त किया है। नोखा के रोड़ा गांव में दो फौजी भाइयों के घर के ताले तोड़कर 30-35 लाख रुपए की कीमत के आभूषण, नगदी चोरी करने का मुकदमा 2 सितंबर को दर्ज हुआ था।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि प्रकरण में अज्ञात चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी संसाधनों से चोरी की वारदात का खुलासा कर प्रकरण में रात्रि के समय सूने मकान की रैकी कर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर आरोपी हनुमानगढ़ के सुरेशिया कॉलोनी निवासी रविकुमार सोनी को गिरफ्तार कर घटना में काम में ली स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी को अबोहर पंजाब से बरामद की है।

थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रवि कुमार सोनी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी व नकबजनी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने एक गैंग बना रखी हैं, जो पहले शहरों में बन्द मकानों की रैकी कर रात्रि के समय मकानों के ताले तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं तथा चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरी के माल का बंटवारा कर अलग-अलग हो जाते थे। गिरफ्तार रवि कुमार सोनी से पुलिस पूछताछ कर रही है व चोरी का माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। 2 सितंबर को रोड़ा निवासी सुमन भादू ने पुलिस को सूचना दी कि 31 अगस्त को वो व उसकी मां बीरमा देवी मकान के ताला लगाकर अपने खेत खेतारों की ढाणी गए हुए थे। 2 सितंबर को घर के पड़ोसी हुकमसिंह की पत्नी ने फोन कर बताया कि आपके घर के ताले टूटे हुए है। जिस पर वो व उसकी मां घर पर आई व देखा कि ताले टूटे हुए थे। साथ ही छोटी संदूक व अटैची में रखे सोने-चांदी के आभूषण व एक लाख रुपए रुपए तथा रसोई में बाजरी के कट्टे में रखे तीन लाख रुपए की नगदी गायब थे।

# कॉलेज में समस्याओं के समाधान की मांग



महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष लक्ष्मी के नेतृत्व में प्राचार्य ( दायें से प्रथम ) को ज्ञापन दिया।

**इटावा, (निसं)।** इटावा के राजकीय महाविद्यालय इटावा में छात्रसंघ अध्यक्ष लक्ष्मी मीणा के नेतृत्व में छात्र- छात्राओं ने महाविद्यालय की मरम्मत व विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर छात्रों ने जल्द से जल्द महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। छात्रसंघ अध्यक्ष लक्ष्मी मीणा ने कहा कि अगर जल्द से जल्द छात्रों की समस्या का समाधान नहीं होता है तो लक्ष्मी मीणा छात्र संघ अध्यक्ष होने के नाते सभी छात्रों के साथ मिलकर समस्याओं के समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा और उसमें जो भी नुकसान होगा उसका जिम्मेदार कॉलेज प्रशासन होगा।

इस अवसर पर छात्रसंघ उपाध्यक्ष अमित मीणा, महासचिव अभिषेक कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव प्रियंका नागर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रूपचंद प्रजापत, रिमझिम मीणा रंजनी राठौड़, दीपक मीणा, हर्षिता मीणा, आरती सुमन, पूर्णिमा नागर, सोनम, अंजलि मीणा, दीपक मीणा, आसमा बानो, प्रिया धाकड़, महजबीन, कोमलता कुमारी, अंतिमा बैरवा, हिना आर्य, बृजेश पारेता, शीतल महावर, मनीषा, चेतन, हेमंत, मोहित, अभिषेक सहित छात्र मौजूद रहे।

## जितेंद्र बना मिस्टर राजस्थान

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** हाल ही में जयपुर में आयोजित हुई ओपन मिस्टर राजस्थान प्रतियोगिता के दौरान हिंडौन के गांव क्यारदा कला निवासी किसान तेज सिंह के पुत्र जितेंद्र चौधरी को बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडल मिला तो वही क्लासिक फिजिकल में सिल्वर मेडल से नवाजा गया है । समीप के गांव क्यारदा कला निवासी जितेंद्र चौधरी ने बताया कि जयपुर में रहकर प्रशिक्षक मिस्टर वर्ल्ड रह चुके मुकेश चौधरी के निर्देशन में उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसकी बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। किसान के परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी उन्होंने अपने हौसले को कम नहीं किया। जिसमें उनके माता-पिता का विशेष योगदान है।

# प्रसूता की उपचार के दौरान मौत

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** शहर के जाटव बस्ती निवासी एक महिला की प्रसव के बाद तबियत बिगड़ गई। जिसकी जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले को लेकर मृतक महिला के परिजनों ने चिकित्सकों पर प्रसव में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले में परिजनों की ओर से नई मंडी थाने में प्राथमिकी पेश कर दी गई है। पुलिस ने मृतक महिला के शव का मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

भरतपुर जिले के तिघरिया का नगला निवासी पूनम जिसका पीहर जाटव बस्ती हिंडौन में है। बताया जा रहा है कि शहर के बयाना रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में गत एक माह पूर्व महिला का प्रसव हुआ था। प्रसव के बाद महिला को चिकित्सकों ने 3 दिन तक अस्पताल में भर्ती रखा और छुट्टी करने का कहा लेकिन महिला की तबीयत ठीक नही थी तो परिजनों ने चिकित्सकों से महिला का पूरा इलाज करने के लिए कहा। आरोप लगाया जा रहा है कि इसके बाद इलाज के लिए चिकित्सकों ने परिजनों से और पैसे जाम कराने के लिए कहा। इसके बाद परिजनों ने और पैसे जमा करा दिये जिसके बाद महिला का सात दिन तक अस्पताल में इलाज किया और छुट्टी दे दी गई। आरोप है कि उसके कुछ दिन बाद ही महिला की फिर से तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान परिजन उसे फिर से उसी नर्सिंग होग में लेकर पंहुचे जहां उसका प्रसव हुआ था। जहां महिला को फिर से भर्ती कर लिया गया। इसके बाद गत 19 अगस्त को हालत गम्भीर बताकर चिकत्सिकों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया। जहां गत दिवस उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार महिला के शव को परिजन देर रात हिण्डौन लेकर पंहुचे और शव को उस नर्सिंग होम में रखने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव राजकीय अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। इस दौरान महिला के परिजन चिकित्कों पर प्रसव में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते रहे।

# 'बाघ आये ना चीतल और हमारे हिस्से के चीते भी मध्यप्रदेश जा पहुंचे'

■ बाघ बचाओ बाघ बढ़ाओ आन्दोलन अभियान के संयोजक कुन्दन चीता और हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष ने श्याम मनोहर हरित आरोप लगाया

**कोटा, (निसं)।** बाघ बचाओ-बाघ बढ़ाओ आन्दोलन अभियान के संयोजक कुन्दन चीता और हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने राजस्थान सरकार और स्थानीय नेताओं पर आरोप लगाया कि उनकी उदासीनता एवं लापरवाही के कारण जो चीते मुकन्दरा या जैसलमेर में आने चाहिए थे, वह मध्य प्रदेश पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को 3 सितम्बर 2021 को पत्र लिखा था, जिसमें उन्हें अवगत करवाया था कि वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, देहरादून के सीनियर साइंटिस्ट प्रोफेसर वाई.सी. झाला ने अपने बयान में बताया था कि राजस्थान में चीतों को बसाने के लिए अच्छे पर्यावरणीय वातावरण उपलब्धता बता रहे है और चीतों को बसाने से यहां विलुप्त होती अन्य वन्यजीव प्रजातियों के संरक्षण को भी बल मिलेगा। प्रोफेसर झाला के अनुसार चीतों के लिए हाड़ौती का मुकन्दरा हिल्स का एनक्लोजर बेहत्तर स्थल है, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुकन्दरा सेंचुरी में अकेली रह रही बाघिन को वन विभाग की गैर जिम्मेदाराना मर्जी के कारण अकेले रहने को मजबूर है, जिससे हाड़ौती के पर्यावरणप्रेमियों एवं आमजन में भारी आक्रोश हैं।

बाघ बचाओं बाघ बढ़ाओं आन्दोलन अभियान के संयोजक कुन्दन चीता और हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के सम्भागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने इस सन्दर्भ में वन विभाग के अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन दिये व पत्र लिखे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। श्याम मनोहर हरित ने बताया कि हाड़ौती के सभी पर्यावरणप्रमियों की भावनाओं एवं इस क्षैत्र में जंगलों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाते हुए वनमंत्री व प्रधानमंत्री से शीघ्र एनओसी जारी करवाते हुए राज्य सरकार को मुकंदरा में बाघों को भेजे जाने के आदेश जारी करने का आग्रह किया गया था, लेकिन इस पर न तो वन विभाग गंभीर है और ना ही केन्द्र व राज्य सरकार ही गम्भीर हैं।

## कड़ी सुरक्षा में सिंडिकेट की बैठक

**जोधपुर, (कासं)।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में सिंडिकेट की बैठक पुलिस की कडी सुरक्षा बीच आयोजित की गई। बैठक में सिंडिकेट सदस्य और शहर विधायक मनीषा पंवार, लोहावट विधायक किशनाराम विश्नोई सहित कई सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में छात्रों के हंगामे को देखते हुए पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। इधर, बैठक शुरू होते ही छात्र नेता हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में अन्य स्टूडेंट हॉल के बाहर धरने पर बैठ गए। स्टूडेंट की मांग थी कि यूनिवर्सिटी में चल रहे बीएएसी एवं बीए के स्टूडेंट को न्यू कैंपस में साइंस और अन्य फैकल्टी में एंट्री दी जाए।

इसके साथ यूनिवर्सिटी की जमीन को दूसरे संस्थान को आवंटित करने का मुद्दा सिंडिकेट बैठक से हटाया जाए। तीसरी मांग थी कि स्कूल की तर्ज पर कॉलेज में भी गर्ल्स स्टूडेंट के लिए निशुल्क शिक्षा दी जाए। बैठक में शहर एमएलए मनीषा पंवार सहित कई सदस्य मौजूद थे। छात्र नेता हरेंद्र चौधरी अपने समर्थक छात्रों के साथ सिंडीकेट बैठक में कुलपति को ज्ञापन देने की मांग पर अड गए। पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया तो सिंडिकेट मीटिंग हॉल के बाहर ही धरने पर बैठ कर विरोध जताने लगे। इसके बाद सिंडिकेट मेंबर और शहर विधायक मनीषा पंवार बैठक हॉल से बाहर आईं और उनसे ज्ञापन लिया। विधायक ने कहा कि छात्रों की मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित करूंगी। जरूरत पडने पर इस मामला को विधानसभा में भी उठाया जाएगा।

# फर्जी मालिक बनकर बेशकीमती जमीनों को बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार किया



जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के आरोप में पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा।

■ जवाद स्थित बेशकीमती जमीन को बेचने का आरोप

**राजसमंद, (निसं)।** शहर सहित मुख्यालय के आस-पास बेशकीमती जमीनों के फर्जी मालिक बनकर बेचने वाले भू-माफियाओं का पर्दाफाश करते हुए राजनगर थाना पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित एक अन्य साथ ही गिरफ्तार किया। आरोपियों ने वर्ष 2016 में जवाद स्थित एक बेशकीमती जमीन को फर्जी मालिक बनाकर रजिस्ट्री कर बेच दिया गया। थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जवाद स्थित बेशकीमती को फर्जी मालिक व दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी व षडयंत्र पूर्वक बेचने के आरोप में पुलिस ने मनोज पुरी उर्फ बंटी गोस्वामी निवासी गणेश नगर जावद, व प्रदीप पालीवाल निवासी जवाद को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि 16 सितम्बर 2017 को प्रार्थी सुंदरलाल पालीवाल एवं भंवरलाल पालीवाल निवासी जवाद हाल अहमदाबाद द्वारा मनोज गोस्वामी, प्रदीप पालीवाल, शंभूलाल गुर्जर, नारायण गुर्जर निवासी लेवा का छापर कानादेव का गुडा एवं एक अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधडी पूर्वक उनकी माता हगामी बाई की जावद स्थित बेशकीमती जमीन को फर्जी मालिक बनाकर बेचे जाने का इस्तगाशा न्यायालय से राजनगर थाना पुलिस को प्राप्त हुआ। प्रार्थियों सुंदरलाल पालीवाल व भंवरलाल पालीवाल की माता हंगामी बाई की मृत्य वर्ष 2008 में हो गई थी। मनोज पुरी और प्रदीप पालीवाल भी जावद के रहने वाले होने से उन्हें हंगामी बाई की मृत्यु और प्रार्थियों के परिवार व सम्पत्ति आदि के बारे में जानकारी थी। साथ ही उन्हें यह भी पता था की पूरा परिवार बाहर रहता है। पीडित बाहर रहने के कारण उनकी माता की मृत्यु पर जमीनों का नामांकरण उनके नाम नहीं खुला। इस पर दोनों आरोपियों ने षडयंत्र पूर्वक हंगामी बाई के नाम जावद में दर्ज बेशकीमती जमीन को हडपने की नीयत से योजना बनाकर हंगामी बाई के स्थान पर किसी अन्य महिला को जमीन का फर्जी मालिक बनाकर उसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर 8 जनवरी 2016 को उप पंजीयन राजसमंद में विक्रय पंजीकरण करवा दिया।

पुलिस जांच में आरोपी मनोज पुरी उर्फ बंटी व प्रदीप उर्फ पपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज पाए गए लेकिन मुख्य आरोपी मनोज पुरी उर्फ बंटी बहुत ही शातिर और चालबाज और कानूनी पेचिदगीयों का जानकार होने के चलते उसके खिलाफ दर्ज प्रकरण में उच्च न्यायालय जोधपुर से अपनी गिरफ्तारी पर स्टे ले रखा था एवं गिरफ्तारी पर स्टे की आड में लगातार भोले-भाले लोगों की जमीनों का फर्जी मालिक बनकर फर्जी तरीके से बेचान करके लाखों रुपए ठगकर मौज-शोक कर रहा था।

थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह रापुरोहित ने उच्च न्यायालय जोधपुर में आरोपी मनोज पुरी उर्फ बंटी के खिलाफ एकत्रित किए गए साक्ष्यों को पेश किया। इस पर पिछले पांच वर्षों से आरोपियों की गिरफ्तारी पर लगा हुआ स्टे खारिज हो गया। इसके बाद पुलिस ने वांछित दोनों आरोपी मनोज उर्फ बंटी व प्रदीप पालीवाल को हिरासत में लेते हुए पूछताछ की। इस पर दोनों आरोपियों ने मिलकर वर्ष 2016 में जावद निवासी हंगामी बाई पत्नी हरीराम पालीवाल की जावद स्थित बेशकीमती जमीन को एक महिला को फर्जी मालिक बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की रजिस्ट्री कर बेचा जाना स्वीकार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ जारी है जिसमें जमीनों के बेचान की ओर भी कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

# गणगौर मेला मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग, बाजार बंद रखे



गणगौर मेला मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग पर बाजार बंद कर व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

**लालसोट, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित गणगौर मेला मैदान में हुआ अस्थाई अतिक्रमण क्षेत्र में किसी भी समय आपसी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कारण बनता नजर आ रहा है।

इस प्रकरण को लेकर मामले से संबंधित युवक के द्वारा सोशल मीडिया पर हाथ में लट्ठ लेकर धमकी भरी पोस्ट वायरल करने के बाद ज्यादा तनाव की स्थिति पैदा हो गई। जहां थाना पुलिस द्वारा तुरंत उक्त युवक की पहचान कर उसे शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया गया।

गणगोरी मेला मैदान में हुए

■ सोशल मीडिया पर धमकी भरी पोस्ट से उपजा तनाव

अतिक्रमण के विरोध में लालसोट व्यापार संघ द्वारा खुद के प्रतिष्ठानों को बंद रखकर विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया। शुक्रवार की शाम व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण की शिकायत करने पर एक अतिक्रमण कारी युवक द्वारा व्यापारी पूर्व पार्षद गोविंद चौधरी के पुत्र राहुल चौधरी के डंडे से सिर पर वार कर घायल कर दिया था। इसके बाद से ही लालसोट व्यापार संघ के अध्यक्ष भामाशाह पुरषोत्तम जोशी के नेतृत्व में सभी व्यापारी लामबंद होने के साथ गणगौर मेला मैदान से अतिक्रमण हटाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद से लालसोट व्यापार संघ के प्रतिनिधियों द्वारा फैसला लेकर जब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है।

वहीं अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा व्यापारियों की अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रतिष्ठान बाजार आदि बंद कर विरोध प्रदर्शन के बाद गणगौर मेला मैदान से अतिक्रमण हटवाया गया। इसके बाद व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई उसमें फिर से निर्णय हुआ कि जब तक गण गोरी मेला मैदान से पूरी तरह अतिक्रमण नहीं हटा दिया जाएगा तब तक बाजार दुकानें प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। व्यापारियों ने कहा कि पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाया गया लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा उस सामान को वहीं रख दिया गया ऐसे अतिक्रमण समय मिलते ही दोबारा से अतिक्रमण का प्रयास करेंगे।

इस मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने कहा कि गणगोरी मेला मैदान से अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिया गया है। पूरे मामले को लेकर थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा ने कहा कि सभी व्यापारी समझदार एवं अनुभवी हैं वह सभी व्यापारी गणों से अपील करते हैं कि इस मामले का आपस में बैठकर हल निकाले एवं किसी भी प्रकार से आपसी सौहार्द को बिगड़ने नहीं दे।

इस दौरान व्यापार संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, बंकी बिहारी, रोहित पंसारी, महेंद्र सोखिया विनोद गोयल, महेश, बजरंग लाल, मनोज, राकेश आदि कई व्यापारी मौजूद रहे।

## व्यापारी से पिस्टल की नौक पर लाखों रुपये लूटे

**पावटा, (निसं)।** पिस्टल की नोक पर किराणा व्यापारी से भोनावास टसकोला मार्ग पर शनि मंदिर के पास स्थित एक कॉलोनी में लाखों की लूट का बड़ा मामला सामने आया है।

पावटा घंटाघर व सुभाष चौक स्थित किराणा व्यापारी संदीप ग्रोवर व अमन ग्रोवर दुकान बंद कर दोनों बाप-बेटे घर आ रहे थे जहां पर दो बाइक पर सवार छह लोग उनका पीछा करते हुए शनि मंदिर के पास स्थित उनके घर तक आ गए व घर के सामने बाइक पर बैठे हुए बाप बेटे के सिर व पेट पर पिस्टल तान कर उनके हाथ से बैग छीन कर भाग गए व जेब में रखा सामान भी लेकर भाग गए। जिसमें करीब 2-2.5 लाख रुपए व दुकान के जरूरी कागज थे।

वहीं पावटा में लगातार पिस्टल की नौक पर हुई दूसरी घटना से आक्रोशित ग्रामीणों व व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए भोनावास टसकोला- नारेहडा रोड जाम कर दिया व बीच रोड पर धरने पर बैठ गए। वही घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे वृत्त कोटपुतली वृत्ताधिकारी डॉ. संध्या यादव व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव मौके पर पहुंचे व घेराबन्दी कर आरोपी की तलाश कर रहे हैं लेकिन पुलिस को मामले को कोई भी सफलता नहीं मिली। वही पुलिस द्वारा आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

■ दुकान से घर लौटने पर बाप-बेटे का पीछा कर 6 बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया

वहीं घटना स्थल पर विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने पहुंचकर जानकारी लेकर विधायक इंद्राज गुर्जर को अवगत करवाया। जिस पर विधायक गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए प्रागपुरा थाना पहुंचे। वही आक्रोशित जनप्रतिनिधियों जगन चौधरी, निर्मल पंसारी, पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, कालूराम खत्री, राजेश शर्मा, काशी राम लंबोरा, पूर्व सरपंच गोपाल अग्रवाल, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, सामाजिक कार्य कर्ता जगदीश मीणा, लाडाकाबास सरपंच प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों व व्यापारियों ने प्रागपुरा थाना परिसर में धरना दिया।

वहीं आक्रोशित ग्रामीणों व व्यापारियों ने कहा कि पुलिस द्वारा पहले गठित घटनाओं का अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया और अब इस नई घटना से हर व्यापारी वर्ग, ग्रामीण दहशत में है व रात रात भर जागकर गलियों व घरों में पहरा देने को मजबूर है। पुलिस प्रशासन के होते हुए भी आमजन सुरक्षित नही है।

## सार-समाचार

### 'गौमाता की रक्षा करना सभी का धर्म'



**विराट नगर, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 'लंम्पी वायरस से पीड़ित गौमाता की सेवा' के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में सरपंच व बूथ अध्यक्ष के साथ मिलकर के इस कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत त्रिवेणी से राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के सानिध्य में शुरू की गई। प्रदेश के गोवंश में लंपी वायरस के बढ़ रहे प्रकोप को रोकने के लिए भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में इस अभियान के आव्हान की घोषणा की। यह अभियान विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता, सभी क्षेत्रवासी व युवाओं ने मिलकर पूरा सहयोग किया। रत्ना कुमारी ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायत में लंपी से संक्रमित गायों के लिए औषधियों से बने लड्डू खिलाए गए। इस कार्यक्रम के दौरान कारौली सरपंच सरवन सिंह, मंडा बूथ अध्यक्ष वीर सिंह जी, राजनौता सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार धानका, बाड़ी-जोड़ी से राकेश त्रिवेदी जी व उनकी पूरी टीम, रामपुरा सरपंच विनोद देवी व समस्त क्षेत्रवासी लोग मौजूद रहे।

### दिनेश व कमल सदस्य मनोनीत




**लालसोट, (निसं)।** मुख्यमंत्री गहलोत के लालसोट दौरे के बाद अब संगठन के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वालों को इनाम मिलना शुरू हुआ है। नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन रहे एवं मौजूदा समय में स्वायत्त शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र को एवं पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रहे मौजूदा विधायक व चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के सुपुत्र कमल मीणा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। दिनेश मिश्र व कमल मीणा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य पद पर हुए मनोनयन के बाद इनके समर्थकों द्वारा खुशी जाहिर करते हुए दोनों का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य है मनोनयन के बाद ही इनके द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ज्यादा सक्रिय रहते हुए कार्य करने का आव्हान किया गया।

### श्रीविश्वकर्मा जयंती मनाई

**निवाई, (निसं)।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण प्रदेश सभा व जिला सभा के निर्देशानुसार शनिवार को कस्बे में स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में तहसील सभा अध्यक्ष एडवोकेट हनुमान प्रसाद जांगिड रानोली, कर्मचारी प्रदेशाध्यक्ष राजाराम जांगिड निवाई की अध्यक्षता में व समाजबन्धुओं की मौजूदगी श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस मनाया गया। श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस पर पूजा व आरती कर प्रसादी वितरण किया। जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड ने बताया कि सरकार ने 17 सितंबर के दिन अवकाश भी घोषित कर दिया है। पूजा के बाद समाज बन्धुओं ने मन्दिर विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ ली। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष मनीष, जगदीश ढूंढियां, दीपू, चन्द्रप्रकाश, मनोज, सीताराम जांगिड पीपलू सहित कई समाजबन्धु मौजूद रहे।

## मोदी का जन्मदिन मनाया

**बौंली, (निसं)।** जगत शिरोमणीजी की धर्मशाला निवाई रोड बौंली के सभागार में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में बामनवास विधानसभा क्षेत्र के विस्तारक मोतीलाल मीणा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं जीवन पर प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के बौंली मंडल अध्यक्ष रामअवतार मीणा ने की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल मंगल, लक्ष्मीनारायण गुर्जर, बुद्धि प्रकाश जोशी, हनुमत दीक्षित, अंसार खलीफा, मुकेश मीणा, गोविंद नारायण भदोरिया, सीमा वर्मा, धीरज धौराला, मोनू पुरी, सोनू वर्मा, बच्चू सिंह गुर्जर, डॉ कैलाश गोयल, एवं विशाल राजौरा सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गौवंश के उपचार के लिए दी दवाईयां



गौवंशों के उपचार के लिए पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने 50 हजार रुपये की दवाईयां भेंट की।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में तीव्र गति से फैले रहे लम्पी संक्रमण से क्षेत्र में शनिवार तक हुई 508 गौवंश की मौत के आंकडे को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को केन्द्रीय पशुपालन आयुक्त प्रवीण मलिक दो दिवसीय दौरे पर केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर पहुंचे यहां आयुक्त ने सात राज्यों से आये पशुपालकों से संवाद कर भेड़, बकरी व खरगोश पालन सहित लम्पी संक्रमण को लेकर संवाद किया तथा केन्द्र सरकार द्वारा किसान व पशुपालकों के लिए एवं लम्पी से गौवंश को बचाने को लेकर किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने निजी कोष से 50 हजार रूपयों की दवाईयां खरीद उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा को भेंट की। जिन्हें विभिन्न संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया। सड़कों पर डोल रही मालिक विहिन गौमाता की लम्पी संक्रमण से बढ़ती संख्या को भी प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका कार्मिकों की टीमें गठित कर संक्रमित गायों को घाटी रोड क्वारटांईन सेन्टर पर छोडने का अभियान शुरू किया।

मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के चार थानों की पुलिस प्रशासन ने निजी आय से 31 हजार रुपये की सहायता राशि डीवाईएसपी सुशील मान को सौंपी तो बृजलाल नगर में संचालित आरके कोचिंग संचालक गिर्राज कांदला व उनकी टीम द्वारा 21 हजार रूपये की दवाईयां भेंट की गई। गौसेवको द्वारा घाणा के बालाजी परिसर मे आयुर्वेदिक काढा नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। एसडीएम आरके वर्मा व डॉ. परतानी अपनी टीम के साथ गांव-गांव पहुंच कर संक्रमित गौवंश को स्वस्थ गौवंश से अलग रखने व उनके उपचार व बचाव की जानकारियां दे पशुपालको को जागरूक कर रहे है।

■ केन्द्रीय पशुपालन आयुक्त ने अविकानगर में पशुपालकों से संवाद किया

## द्वितीय वरीयता व प्रतीक्षा सूची जारी

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश की द्वितीय वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. अंजू रानी ने बताया कि बी. ए. प्रथम वर्ष में सामान्य वर्ग की कटऑफ 72.40 प्रतिशत, आर्थिक पिछड़ा वर्ग की कटऑफ 49.40 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग की कटऑफ 64 प्रतिशत, अनुसूचित जाति की कटऑफ 62.60 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति की कटऑफ 51.20 प्रतिशत, विशेष पिछड़ा वर्ग की कटऑफ 45.80 प्रतिशत रही है। इसके अतिरिक्त सामान्य वर्ग में 6 तथा अनुसूचित जाति में 72 विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में दस्तावेज सत्यापन और शुल्क जमा करवाने का अवसर प्रदान किया गया है। वरीयता सूची में जिन विद्यार्थियों का नाम है वे नियमित रूप से अध्ययन के लिए महाविद्यालय में उपस्थिति दे सकते हैं।

## 'कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में सुरक्षित नहीं हैं महिला कर्मचारी'

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा डेमोक्रेटिक) के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा एवं अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की प्रदेश उपाध्यक्ष रईसा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में दुष्कर्म पीड़िता से उसके घर पर मिला।

पीड़िता कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के महत्वपूर्ण सेक्शन एचआरडी में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत रही है। पीड़िता ने प्रतिनिधिमंडल को बहुत दुखी मन से बताया कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में महिलाकर्मियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। आयुक्तालय भ्रष्टाचार एवं व्यभिचार का अड्डा बन गया है। महिलाकर्मी शारीरिक एवं मानसिक शोषण की शिकार होती रहती हैं। राजनीतिक संरक्षण

■ कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में दुष्कर्म पीड़िता से मिले प्रतिनिधिमंडल को पीड़िता ने बताया दर्द

प्राप्त आयुक्तालय में पदस्थापित प्रभावशाली अधिकारी ही नहीं, आयुक्त के निजी सचिव जैसे कर्मचारी भी महिलाकर्मियों को गलत निगाह से देखते हैं। अधिकारी अपने-अपने सेक्शन में महिलाकर्मियों की पोस्टिंग के लिए खींचातानी करते हैं। ऑफिस टाइम के बाद भी बदनियत से महिलाकर्मियों को रोकते हैं। इनकी इच्छा अनुसार नहीं करने पर दूरदराज तबादले एवं हानि पहुंचाने की धमकी देते हैं।

पीड़िता ने बताया कि एचआरडी संयुक्त निदेशक डॉ.आर सी मीणा बदनियत से जबरन इनके घर पर आता। दबाव बनाकर नॉनवेज बनवा कर खाता। साथ में स्वयं द्वारा लाई गई शराब पीता, बुरी नजर से देखता। ऑफिस टाइम के बाद भी रोकता। इससे पीड़िता असहज और असुरक्षित रही।

इस सब के बारे में राजनीतिक संरक्षण प्राप्त एचआरडी में सहायक निदेशक डॉ.सुभाष यादव को बताया तो इन्होंने विभाग की बदनामी की दुहाई देकर पीड़िता को ही चुप कर दिया। महिला ने बताया कि लैंगिक उत्पीड़न की शिकार महिलाकर्मी नुकसान होने के कारण सच बोलने से डरती हैं। सच्चाई यह है कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में महिलाकर्मी असुरक्षित हैं। शारीरिक एवं मानसिक शोषण से बुरी तरह त्रस्त पीड़िता को सेवा से मजबूरन स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अर्थात वीआरएस लेनी पड़ी।

## मोदी के जन्मदिन पर चश्मे बांटे

**निवाई, (निसं)।** भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा सप्ताह के तहत बुजुर्ग महिला पुरुषों को निशुल्क उपकरण चश्मे भेंट किये। निवाई में सेवा पखवाडा कार्यक्रम मनाया गया। सेवा पखवाडा कार्यक्रम में निवाई में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा के सानिध्य में मन्दिर जगतशिरोमणि बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को नजर के चश्मे प्रभु बाडोलिया की ओर से नि:शुल्क वितरण किये नजर के चश्मे नि:शुल्क पाकर बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों के चेहरे खिल उठे। सेवा सप्ताह के संयोजक रतनदीप गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष इशाक मुगल, किसान मोर्चा निवाई शहर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल सैनी, पूर्व पार्षद रेखा भडाना महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष कौशल्यादेवी शर्मा जिला कोषाध्यक्ष चंद्रकला खंडेलवाल पूजा शर्मा मनोज पाटनी पूर्व शहर महामंत्री आदि पार्टी के लोग मौजूद थे।

## जयपुर जा रहे सैनी समाज के काफिले को अलवर पुलिस ने रोका

**अलवर, (निसं)।** माली, सैनी, कुशवाह, मौर्य समाज के सर्वांगीण विकास हेतु महात्मा ज्योतिबा फुले कल्याण बोर्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग में से 12 प्रतिशत आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 15 सितम्बर को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित हुई हल्लाबोल महारैली से वापस लौटते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बतापूर्वक एवं अमानवीय तरीके से समाज के लोगों पर लाठी चार्ज करने एवं 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार करने के विरोध में शनिवार को अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वाधान में प्रात: 9 बजे से रूपबास स्थित जगन्नाथ मन्दिर से जयपुर कूच का कार्यक्रम प्रस्तावित था।

युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि जैसे ही अलवर जिला प्रशासन को सैनी समाज के जयपुर कूच की सूचना सोशल मीडिया एवं समाचार-पत्रों से प्राप्त हुई तुरन्त ही प्रात: 8 बजे से पूरा पुलिस जाब्ता जगन्नाथ मन्दिर तैनात हो गया। प्रात: 9 बजे के बाद सैनी समाज के सैकडों की संख्या में लोग एकत्रित होना प्रारम्भ हुआ तभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने अलवर जिला सैनी महासभा एवं विभिन्न समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को जयपुर नहीं जाने की बात कही और काफिले में शामिल 40-45 छोटे-बड़े वाहन कार, एक मिनी बस को रोक दिया।

■ पैदल कूच करने पर 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया

जिस पर सभी उपस्थित सैनी समाज के लोगों ने जगन्नाथ मन्दिर से पैदल ही जयपुर के लिये रवाना होने की तैयारी की। जगन्नाथ मन्दिर से कटीघाटी चौराहे पर पैदल मार्च करते हुए जाने पर जिला पुलिस प्रशासन से अलवर जिला सैनी महासभा संरक्षक अभय सैनी (पप्पू भाई प्रधान), जिला सैनी महासभा अध्यक्ष पूर्णमल सैनी, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, जिला कोषाध्यक्ष सीताराम सैनी, बाबा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष खन्ना सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष लक्ष्मण महावर, राष्ट्रीय सैनी सभा अध्यक्ष कमल सैनी, सैनी समाज सामुहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति महामंत्री पदमचन्द सैनी, माधोगढ सरपंच पेमाराम सैनी, पूर्व जिला पार्षद लखमी सैनी(रामगढ) पूर्व पार्षद रमन सैनी, जिला उपाध्यक्ष भगवत बाल्याण, दीपक सैनी सहित 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

समाज के प्रतिनिधियों को गिरफ्तार कर प्रात: 11.30 बजे कटोरी वाला तिबारा, अलवर पर छोड दिया गया। तत्पश्चात सभी समाजिक लोगों ने आपसी विचार-विमर्श करते हुए समाज के 20-25 प्रतिनिधियों जयपुर कूच में जाने के लिये अधिकृत किया। इस अवसर उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गिरफ्तार किये गये सैनी समाज के लोगों को रिहा नहीं किया गया है यदि 48 घन्टों के अन्दर राजस्थान सैनी समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमें वापस नहीं लेती है तो सम्पूर्ण राजस्थान में सैनी समाज द्वारा उग्र आन्दोलन किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 625 यूनिट रक्तदान किया



किशनगढ़ बास में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान करने पहुंचे कार्यकर्ताओं का पूर्व विधायक रामहेत यादव ने हौंसला बढ़ाया।

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की ओर से प्रदेश भर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए सेवा समर्पण कार्यक्रम के प्रथम दिन पूर्व विधायक रामहेत यादव के निर्देशन में खैरथल, कोटकासिम, हरसोली मोठूका व किशनगढ़ बास मंडल की ओर से अनाज मंडी स्थित भाजपा कार्यालय पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में सुबह 8 बजे से रक्तदान के लिए गांव गांव ढाणी ढाणी से पहुंचे लोगों की भीड़ को देखते हुए खैरथल किशनगढ बास के स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को ब्लड बैंक की पहुंची टीम के साथ सहयोग में लगाया गया। शिविर में महिला कार्यकर्ताओं ने भी पहुंचकर रक्तदान किया। साय 6 बजे तक 625 यूनिट रक्तदान किया गया।

मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री हेम सिंह भड़ाना, जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव, अलवर शहर पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, खैरथल चेयरमैन हरीश रोघा, किशनगढ़ बास चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल, विधानसभा प्रभारी उम्मीद भाया, जिला उपाध्यक्ष संजय जाटव, उमेश शर्मा सहित अनेक जिले के नेता व पार्टी पदाधिकारी पहुंचे।

शिविर में पहुंचे पूर्व मंत्री का कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान करने पहुंचे कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके साथ फोटो खिंचवाई। पूर्व विधायक राम हेत यादव ने इस मौके पर कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान संकट की घडी में लोगों की जिंदगी को बचाने के काम तो आता ही है साथ ही हमें भी स्वस्थ रखता है। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपने कार्यक्रम को बूथ स्तर पर आयोजित करें।

■ गांव-गांव, ढाणी-ढाणी से रक्तदान करने कार्यकर्ता पहुंचे

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष विश्वास यादव, रामनिवास यादव प्रमिल जसोरिया पूर्ण झाबूला बलविंदर सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष तेज सिंह सैनी ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शिव हरि गुर्जर पूर्व सरपंच खुशीराम यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी दीपू यादव चरणा खेरिया विक्की गोयल संजय सिंघल कालू यादव संदीप वलेचा पार्षद हेमेंद्र चौधरी रोहित यादव हरीश लखयाणी रिंकेश गुप्ता जय सिंह सरदार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएम व राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**थानागाजी, (निसं)।** जयपुर में आयोजित हल्ला बोल रैली में सैनी आरक्षण आंदोलनकारियों पर रात्रि में बर्बरतापूर्ण तरीके से सोते हुए लोगों पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों के विरोध में थानागाजी उपखंड कार्यालय के सामने शनिवार सैनी समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश सैनी के नेतृत्व में सैकडो लोगों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर समाज के गिरफ्तार लोगों की तत्काल रिहाई और एवं उन पर लगाए गए मुकदमों को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के बाद शिव बगीची में बैठकर आगामी रणनीति बनाई गई और फैसला लिया गया कि यदि तुरंत समाज के बेकसूर युवाओं को रिहा कर मुकदमें नहीं हटाए गए तो जल्द ही बड़ा कदम उठाया जायेगा।

इस अवसर पर बाबूलाल सैनी यूथ कांग्रेस जिला महासचिव, चंद्रशेखर सैनी ,मुकेश सैनी ,भूपेन्द्र सैनी पार्षद, अशोक सैनी समाज अध्यक्ष, मुकेश सैनी,मूलचंद सैनी, छोटेलाल सैनी लाला भैया का गुवाड़ा, सुरज्ञान सैनी उपसरपंच,शिंभू सैनी, कैलाश सैनी गढबसई, निर्मल सैनी, शिंभू सैनी सचिव, विष्णु सैनी व अशोक सैनी प्रतापगढ व सैनी समाज के सैकडो लोग मौजूद रहे।

## सांसद ने रक्तदान कर सेवा पखवाड़े की शुरूआत की



सांसद महंत बालक नाथ ने रक्तदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया।

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** अलवर सांसद महंत बालक नाथ ने रक्तदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने की शुरुआत करते हुए सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से रक्तदान करने का आव्हान किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी तथा जिला अध्यक्ष अलवर उत्तर बलवान सिंह यादव सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर रक्तदान किया।

भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने की शुरुआत करते हुए भाजपा अलवर उत्तर के अंतर्गत आने वाले 5 विधानसभा क्षेत्रों में जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव के नेतृत्व में व निर्देशानुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने बताया कि अलवर उत्तर ने मोदी के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए 5 विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़, भिवाड़ी, मुंडावर, बानसूर, नीमराना, कोटकासिम में रक्तदान शिविरों का आयोजन सेवा पखवाड़े के रूप में किया गया। जिसमें 2224 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। यादव ने बताया कि किशनगढ़ में 625 यूनिट, भिवाड़ी में 850 यूनिट, मुंडावर में 172 यूनिट, बानसूर में 257 यूनिट, नीमराणा में 113 व कोटकासिम में 207 यूनिट रक्तदान कर कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के अलवर उत्तर क्षेत्र के सभी जिला पदाधिकारी तथा मंडल स्तरीय पदाधिकारियों सहित ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष जले सिंह रावत व ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों ने भी भाग लिया।

## संक्षिप्त

### सऊद सईदी को बधाईयां दी

**टोंक, (निसं)।** मदरसा बोर्ड के सदस्य कांग्रेसी नेता सऊद सईदी के प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य बनाएं



जाने से उन्हें बधाईयां देने वालों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर साफे, फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। जानकारी के अनुसार राजस्थान मदरसा बोर्ड के सदस्य व कांग्रेस नेता सऊद सईदी के प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य बनाएं जाने की खबर मिलते ही जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग साफे व मालाएं लेकर उनके निवास स्थान पर पहुंच गए, बैंडबाजे बजाएं गए व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक होने के कारण सईदी जयपुर चले गए। जिससे कई लोग बिना बधाई दिए बिना निराश लौट गए।

### पदयात्रियों का स्वागत किया

**चाकसू, (निसं)।** शीतला माता के लिए जाने वाले पदयात्रियों का कस्बे से गुजरने पर टोंक रोड स्थित मातंगा की ढाणी के प्रबुद्ध जनों एवं युवाओं की टोली द्वारा गत 15-20 दिनों से दिन रात स्वागत सत्कार किया जा रहा है। पद यात्रियों के आराम के लिए विश्राम स्थल बनाया गया है चाय पानी की उचित व्यवस्था रखी गई है। सेवा में जुटे लोग पदयात्रियों की जलपान और विश्राम करने की मनुहार करते नजर आए ऐसा लगता है मानो घर में आए मेहमानों की सेवा में लगे हो। इस दौरान पदयात्री शीतला माता के जयकारे लगाते है साउंड सिस्टम पर धार्मिक भजनों की धुन पर जमकर नृत्य हुए नजर आते है ऐसा लगता है जैसे ढाणी में माता जी का सत्संग हो रह हो।

### राजपूत सभा ईकाई के चुनाव आज

**टोंक, (नि.स.)।** जिला राजपूत सभा द्वारा रविवार दोपहर 12.०० बजे स्थान मीराबाई छात्रावास जयपुर रोड पर श्री राजपूत सभा ईकाई निवाई अध्यक्ष पद हेतु चुनाव करवाऐं जाएगे। जिसमें जिला समन्वयक एंव चुनाव पर्यवेक्षक व चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया। सभा के जिलाध्यक्ष मदन सिंह चौहान ने बताया कि चुनाव के जिला चुनाव समंवयक जिला महामंत्री हनुमान सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष रणवीर सिंह को एवं तहसील अध्यक्ष चुनाव पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह राजावत, तहसील प्रभारी पीपलू प्रताप सिंह पीपलू को बनाया गया।

### राजस्थान शिक्षक संघ के चुनाव आज

**पावटा, (निसं)।** केशव धर्मशाला पावटा में राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उपशाखा पावटा चुनाव आयोजित होंगे। जिसमें पर्यवेक्षक प्रह्लाद सहाय जाट राजस्थान शिक्षक संघ प्रदेश महामंत्री होंगे तथा जगदीश मीणा सभा अध्यक्ष प्रदेश चुनाव प्रभारी होंगे। जहाँ चुनाव के लिए नामांकन प्रात: 11 बजे से, 12:30 बजे से नाम वापसी और 1:30 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी।

# लाठीचार्ज व 85 लोगों की गिरफ्तारी से माली समाज में आक्रोश

**टोंक, (निसं)।** जिला माली समाज टोंक के सैंकड़ों लोगों ने राजस्थान माली खुशवाह समाज आरक्षण समिति के आरक्षण हल्लाबोल कार्यक्रम में लाठीचार्ज एवं 85 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का विरोध कर रैली निकाल कर प्रदर्शन कर आक्रोश जताया एवं कलेक्ट्रेट रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

जिसके बाद जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम गिरधर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर

■ रैली निकाल कर प्रदर्शन किया, मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

गिरफ्तार समाज के लोगों को रिहा करने की मांग की है और 24 घंटे में उन्हें रिहा नहीं करने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी।

शनिवार को माली छात्रावास महादेवाली से जिला माली टोंक के जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी के नेतृत्व में राजेन्द्र सैनी बबलू टेंकर, बद्री भारती, छोटूलाल सोलंकी, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश आर्यवीर, पार्षद राहुल सैनी, पार्षद मुकेश सैनी सहित समाज के सैंकडों लोग रैली के रुप में प्रदर्शन करते हुए पटेल सर्किल होते हुए



सैनी समाज के आरक्षण हल्लाबोल कार्यक्रम में लाठीचार्ज एवं 85 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के विरोध में समाज के लोगों ने एसडीएम गिरधर ( बाएं ) को ज्ञापन दिया।

कलेक्ट्रेट रोड पर पहुंचे और कलेक्ट्रेट रोड पर समाज के लोगों ने बैठकर प्रदर्शन किया, जिसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर माली समाज के लोग कलेक्टर को ज्ञापन देने पर अडे गए, जिस पर उपखंड अधिकारी गिरधर मौके पर पहुंचे और समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम उन्हें ज्ञापन देकर बताया कि 15 सितम्बर संयुक्त माली कुशवाह मोर्य समाज आरक्षण हल्ला बोल कार्यक्रम विद्याधर नगर में आयोजित हुआ, जिसमें में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ता शामिल हुए थे, कार्यक्रम के पश्चात जयपुर में रात्रि विश्राम के दौरान लाठीचार्ज कर करीब 85 लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया जो कि निर्दोष है, उनकी गिरफ्तारी से समाज में काफी आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि गिरफ्तार लोगों को अविलम्ब रिहा नहीं किया तो समाज के लोगों को मजबूर होकर आगे संघर्ष को मजबूर होना पड़ेगा। समाज के जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे में समाज के लोगों को रिहा नही किया तो चक्का जाम किया जाएगा।

## चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को महिला एवं शिशु चिकित्सालय का यूआईटी सचिव डॉ. मंजू एवं एडीएम शहर ओ.पी सहारण के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय में महिला वार्ड, लॉन्ड्री, सोनोग्राफी, शिशु वार्ड, आईसीयू आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती प्रसुताओं व मरीजों से बातचीत कर वहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जिस पर भर्ती मरीजों ने अस्पताल में सभी सुविधाएं सुलभ तरीके से उपलब्ध होना बताया। उन्होंने वार्डों का निरीक्षण कर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था रखे, वार्डो में सैनेटाइजर एवं हैण्डवॉश पर्याप्त मात्रा में रखवाए। उन्होंने मरीजों व उनके परिजनों के लिए बनने वाले खाने की रसोई का निरीक्षण कर रसोई की साफ सफाई व मापदण्डों के अनुरूप मरीजों तक भोजन पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर के निर्देशन पर आज प्रात: एक साथ जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी जिसमें एडीएम प्रथम सामान्य चिकित्सालय अलवर, एडीएम द्वितीय कालाकुआं सैटेलाइट हॉस्पिटल, डीआईजी स्टाम्प प्रथम जेल डिस्पेंसरी अलवर, डीआईजी स्टाम्प द्वितीय पुलिस लाइन डिस्पेंसरी अलवर सहित प्रशासनिक अधिकारियों, समस्त उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं विकास अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रा की सीएचसी एवं पीएचसी का निरीक्षण किया।

## सार-समाचार

### माली समाज ने सब्जी मंडी बंद कर जताया विरोध



**चाकसू, (निसं)।** कस्बे में शनिवार को माली सैनी समाज के लोगों ने मुख्य बाजार स्थित बड़ी सब्जी मंडी को बंद रखकर गत 15 सितम्बर को जयपुर में सैनी समाज की आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा समाज के लोगों पर लाठीचार्ज करके लगभग 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार करने पर आक्रोश जताया है। फुले ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी के नेतृत्व में समाज के लोगों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर देर रात्रि को शांतिप्रिय तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस प्रशासन द्वारा घेरकर लाठीचार्ज करने और गिरफ्तार करने से प्रदेश के सैनी माली समाज में सरकार और प्रशासन के खिलाफ बेहद रोष व्याप्त है। इस दौरान समाज के लोगों ने सरकार से शीघ्र समाज के लोगो को रिहा करने और अनावश्यक मुकदमे दर्ज नहीं करने की मांग करते हुए सरकार को चेतावनी दी गई है की समाज के लोगों को शीघ्र रिहा नहीं किया गया और मांगे नही मानी गई तो समाज आंदोलन की और बढ़ेगा फोटो कैप्शन:माली समाज ने सब्जी मंडी बंद कर जताया विरोध

### पोषण दिवस मनाया



**पावटा, (निसं)।** महिला एवं बाल विकास विभाग पावटा द्वारा सेक्टर पांवटा में सेक्टर स्तर पर पोषण माह के अंतर्गत पोषण दिवस मनाया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी कीर्ति बारोलिया, महिला पर्यवेक्षक सीता महावर, बीपीए रेखा जांगिड सहित पांवटा की समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहयोगिनी, उपस्थित रही। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक डॉ. नाहर मल यादव उपस्थित रहे। इसमें गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था परामर्श दिवस व अन्नप्राशन का कार्यक्रम करवाया गया साथ ही उपस्थित लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और उपस्थित सभी लोगों को फल वितरण किए गए। फोटो न. 3-पोषण माह मनाते

### इन्दिरा रसोईयों का उद्घाटन आज

**कोटपूतली, (निसं)।** वार्षिक बजट 2022-23 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटपूतली नगर परिषद परिक्षेत्र के लिए तीन नवीन इन्दिरा रसोईयों का आंवटन किया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उक्त महत्वाकांक्षी योजना राज्य सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाये जाने के उद्धेश्य से शुरू की गई थी। परिषद क्षेत्र में कृषि उपज मण्डी समिति परिसर, राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल व ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के पास नवीन रसोईयां स्वीकृत की गई है। जिनका उद्घाटन रविवार को क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति पुष्पा सैनी करेगी। परिषद् आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने बताया कि उक्त रसोईयों में राज्य सरकार की मंशा अनुरूप पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन 8 रूपये की दर पर राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन मंडी समिति परिसर में प्रात: 11 बजे से होगा। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

### घर में घुसे व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के अतिव्यस्त बाजार आजाद चौक में शनिवार की दोपहर को एक बाहरी व्यक्ति द्वारा रैकी कर चोरी की नियत से घर में घुसने पर लोगों ने दबोच कर थाना पुलिस के हवाले किया। मकान मालिक लादू लाल गनवरिया ने बताया कि शनिवार की दोपहर एक बाहरी व्यक्ति आजाद चौक प्याऊ के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। बार-बार प्याऊ के पास वाली गली में चक्कर लगाने की गतिविधियों पर व्यापारियों ने उस पर अपनी नजर बनाई रखी। तकरीबन आधा घंटे की संदिग्ध गतिविधियों के दौरान मौका पाकर उक्त व्यक्ति चोरी की नियत से सीढियों से घुस दुसरी मंजिल पर बने कमरे तक पहुंच गया। जिसकी भनक लगते ही व्यापारियों व मकान मालिक ने घेराबंदी कर दबोच कस्बा चौकी प्रभारी राजमल को सुपुर्द कर दिया।

### नहर के अवरोध हटाने का कार्य जारी

**अलवर।** जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता संजय खत्री ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन पर नटनी का बारां से जयसमंद बांध तक कच्ची नहर में अवरोधों एवं अतिक्रमों को हटाने का कार्य उपखण्ड प्रशासन, जल संसाधन विभाग व जन सहयोग से किया जा रहा है। नहर से अवरोध हटने से जल प्रवाह जयसमंद बांध की ओर होगा। उन्होंने बताया कि समन्वय से अवरोध हटाने की कार्यवाही जारी रहेगी।

## मोदी के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम हुए

**टोंक, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के जन्मदिन पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय भाजपा शहर मंडल टोंक की ओर से पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में शनिवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ नसिया जी की गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाकर मोदी के स्वास्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही गौशाला में पौधे भी लगाए गए। इसके पश्यात सभी कार्यकर्ताओं ने रामद्वारा पहुंच कर सन्त रामनिवास महाराज और कोमलदास महाराज का शाल ओढाकर एवम् श्रीफल भेट कर सम्मान किया। इस अवसर पर विस्तारक विकास शर्मा, खेमराज मीणा, शेलेन्द्र जैन, रामअवतार धाभाई, रामजस जाट, महेन्द्र चौधरी, गुड्डू खटीक, सीताराम चावला, सोनू चावला, नफीस मंत्री, छोटे मियां अंसारी, दानिश खान, तारीक अजीज, गिरधारी नकवाल, लड्डू, भवानी सैनी, प्रियवर सिंह राठौड सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने मोदी का 72वां जन्मदिवस मनाया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 72वां जन्मदिन गौशाला में गायों की सेवा कर उन्हें गुड़ व लापसी खिला कर मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन्दिरों में मोदीजी के स्वास्थ रहने व दीर्घायु की कामाना की। पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने गांव बडनगर व राजनौता में पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार प्रेमसिंह बाजौर के मुख्य आतिथ्य में वहीं ग्राम लुहाकणा में जिला प्रमुख रमा चौपडा व पूर्व डिप्टी स्पीकर राव राजेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में जवानों, वरिष्ठ नागरिकों व अंतोदय परिवारों का समान किया गया। वहीं पूर्व विधायक



सेवा सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित कर अतिथियों ने मोदीजी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

झाबरमल खर्रा व जिला प्रमुख रमा चौपडा के मुख्य आतिथ्य में प्रागपुरा में वरिष्ठ नागरिकों का समान किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार प्रेमसिंह बाजौर, जिला प्रमुख रमा चौपडा व पूर्व डिप्टी स्पीकर राव राजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक श्रीमाधोपुर झाबरमल खर्रा ने सबोधित करते हुए मोदीजी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी व दीर्घायु की कामना कर सेवा के लिए हर कार्यकर्ता को समर्पित होने की अपील की। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा व पावटा प्रधान पूजा चौधरी सहित किरण शर्मा, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, जापान सिंह,

■ कई कार्यक्रम आयोजित कर दीर्घायू की कामना की

केदार सिंह, सत्येंद्र, धर्मेंद्र मीणा सरपंच लुहाकना, समिति सदस्य सरोज कंवर, रामपाल सिंह, प्रकाश राठी मण्डल अध्यक्ष, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष अर्जुनलाल मीणा, खेमसिंह महामंत्री अर्जुन कसाना, पूर्व कृषि मंडी चेयरमेन कोटपुतली सुरेश गिठाला, बिशन सिंह, एससी जिला महामंत्री बद्री चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, हरी स्वामी, पूर्व जिला जिला पार्षद ललित गोयल, इमरान खान, शक्ति सिंह, मुकेश सिंह, रामवतार सिंह, रामसिंह, रोहित सिंह राधेश्याम, इंद्रसिंह, मोहन सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 76 यूनिट रक्तदान किया

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को जिला जयपुर देहात उत्तर में रक्तदान अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक नरेश रावत ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली के समस्त पांचों मंडलों के भाजयुमो कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 76 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह रक्तदान शिविर राजकीय बीडीएम अस्पताल में प्रात: 8 बजे से आयोजित किया गया था।

इस रक्तदान शिविर में भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए आए उन्होंने बताया कि समय-समय पर रक्तदान करने पर हम अपने एक शरीर से दूसरे शरीर की जान बचा सकते हैं एक इंसानियत का धर्म निभा सकते हैं। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, भाजयुमो प्रदेश मंत्री विनोद शेखावत, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, भाजयुमो उत्तर मंडल अध्यक्ष सोनू चौधरी, उपप्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र रहीसा, पूर्व जिलामंत्री यादराम जांगल, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय सिंह शेखावत, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चन्द टेलर, बगुला प्रसाद स्वामी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, सिद्धार्थ टोरड़ा, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष राजेश सराधना, दिलीप रावत, विक्रम नेताजी, अभिलाष, रघुवीर प्रसाद शर्मा, मनोज सोनी, नितिन सिंह शेखावत व नेपाल सिंह सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लम्पी रोग से ग्रसित गायों का उपचार किया

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय चैनपुरा व ग्राम भांवता में राजकीय पशु चिकित्सालय सोहेला एवं पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी के संयुक्त तत्वावधान में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमार पशुओं का उपचार किया। चिकित्सा टीम ने गांव भांवता में घर-घर जाकर बीमार पशुओं का इलाज किया एवं दवाईयों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने पशु पालकों को गायों में फैल रही लम्पी बीमारी से उभरने के उपाय सुझाव बताए। चिकित्सकों ने बीमारी होने पर पशुओं का प्राथमिक उपचार करने की विधि भी बताई।

■ ग्राम पंचायत मुख्यालय चैनपुरा व गांव भांवता में लगाया शिविर

चिकित्सकों ने आईसोलेट पशुओं का भी उपचार किया। शिविर के माध्यम से 83 बीमार पशुओं का इलाज किया गया। इस अवसर पर सरपंच मदनलाल मीणा, पशु चिकित्सक डॉ. शिवराज, डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, डॉ. दिनेश शर्मा, श्री भविष्य शहगल,जितेंद्र तोमर,धर्मेंद्र कुमावत,राजीव शर्मा, महेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का कोटपूतली में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया

**कोटपूतली, (निसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शनिवार को दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा राजमार्ग से होती हुई जयपुर के लिए निकली।

इस दौरान कोटपूतली पहुंचने पर राजे का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राजे के स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। सर्वप्रथम राजमार्ग पर ग्राम खेड़की वीरभान के निकट भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। राजे के समर्थन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ भी उमड़ी। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने उन्हें चुनरी ओढ़ाई, वहीं कसाना ने तलवार भेंटकर तथा 21 किलो फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनन्दन भी किया।

इस दौरान पूर्व चैयरमैन महेन्द्र कुमार सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, आनन्द अग्रवाल, लीलाराम सरपंच, शीशराम सरपंच, रोशन हवलदार, भूपेन्द्र यादव, शशि मित्तल, सतीश चौधरी, अंकित चौधरी, प्रमोद कुमावत, धोलाराम गुर्जर,



कोटपूतली पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे का 21 किलो फूलों की माला पहना कर स्वागत किया।

सांगटेड़ा सरपंच सोनू चौधरी, रामकिशन चौधरी, बस्तीराम जाट, राजाराम जांगल, सुभाष कसाना, सुवालाल कसाना, इंजी. विक्रम कसाना, राजेश चौधरी, योगेश चौधरी, पुष्कर शर्मा, अशोक कसाना, कप्तान सिंह, फूलचंद सैनी, भोलाराम शेखुपुर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कस्बे में राजे पीथावाली कॉलोनी स्थित भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के निवास पर पहुंची। जहां उन्होंने उनके चाचा हरिराम बंसल का विगत दिनों निधन होने पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजे ने इस दौरान उनके पुत्र अनूप बंसल समेत शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। इस दौरान पूर्व मंत्री युनुस खान, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, भाजपा नेता मुकेश गोयल, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

वहीं दुसरी ओर राजमार्ग पर पूर्व

■ भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के चाचा के निधन पर किया शोक व्यक्त

कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा के नेतृत्व में वसुंधरा राजे समर्थक मंच के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राजे के स्वागत में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना दम भी दिखाया। हालांकि इस दौरान कई अलग-अजग गुटों द्वारा भी जमकर नारे बाजी की गई। इस दौरान वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री विकास डोई, अभिषेक अग्रवाल, सचिन शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने चित्र भेंटकर राजे का अभिनन्दन किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एड. अशोक बंसल, राजद नेता रामनिवास यादव, भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सैनी समाज ने प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतवानी दी

**नारायणपुर, (निसं)।** जयपुर में आरक्षण सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर सैनी समाज के लोगों पर पुलिस की ओर से लाठीचार्ज करने और उनको गिरफ्तार करने को लेकर नारायणपुर वाल क्षेत्र के समाज के लोगों ने नारायणपुर उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।


फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक चंद्र प्रकाश सैनी और उनके सहयोगियों की रिहाई करवाने और उन पर लगे मुकदमे वापस करवाने को लेकर एसडीएम सुनीता मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। समाज के लोगों ने ज्ञापन में बताया कि माली, कुशवाहा, शाक्य, सुमन समाज ने सहमति से 15 सितंबर को सरकार से स्वीकृति लेकर विद्याधर नगर जयपुर में आर्थिक राजनीतिक व सामाजिक रूप से पिछडे सैनी समाज के उत्थान के लिए 11 सूत्री मांगे मनवाने के लिए एकत्रित हुए थे। जिस पर शांतिपूर्वक चल रही सभा को उनके उद्देश्यों की पूर्ति करवाने और सरकार से अपनी बात कह पाने से पहले ही पुलिस की ओर से अनुचित कार्रवाई करते हुए समाज के युवाओं पर लाठी चार्ज कर दिया।

पुलिस ने युवाओं को पीट-पीटकर उनके हाथ पैर तोड़ दिए। जिससे करीब




सैनी समाज के लोगों ने नारायणपुर उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

डेढ़ सौ युवक घायल हो गए जो अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं करीब 100 युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वही समाज के लोगों ने मांग की है कि सैनी समाज सभा में जबरदस्ती की गई पुलिस की कार्रवाई से लोगों को मुक्त करें। और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ़ कारवाई की जाए। वहीं अस्पताल में भर्ती युवकों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। वहीं सैनी समाज की ओर से आपके समक्ष रखी गई 11 सूत्री मांगों को पूरा नही किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। वहीं अगर समाज की आरक्षण सहित 11 सूत्री मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो पूरे राजस्थान में कांग्रेस के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री का हर जगह बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष सुल्तान राम, भागीरथ सैनी, भवानी शंकर सैनी, हनुमान, राजू सैनी, ओमप्रकाश सैनी, दीनदयाल सैनी, पुरण सैनी सहित बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद थे।



हां, मुझे लगता है कि हार्दिक वही कर सकते हैं, जो रवि शास्त्री ने 1985 में किया था, जहां रवि ने पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। कुछ अच्छे कैच भी पकड़े थे। हार्दिक पांड्या ऐसा करने में सक्षम हैं।
- सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान, हार्दिक पाण्ड्या के बारे में।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## शुभमन गिल

आईपीएल 2022 में हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने पहले ही सीजन में खिताब जीतने वालीगुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी के एक ट्वीट से फैंस हैरान रह गए है। फ्रेंचाइजी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से आज यानी 17 सितंबर को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को लेकर ट्वीट किया है। ट्वीट को देखकर लोग यही मान रहे हैं कि शुभमन गिल गुजरात टाइटंस का साथ छोड़ने वाले हैं या छोड़ चुके हैं और आगामी सीजन के लिए किसी अन्य फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाले हैं। हालांकि शुभमन गिल के गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी को छोड़ने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेदु ताएब ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## पाटीदार के सतक से भारत-ए मजबूत

बेंगलुरु, 17 सितंबर। भारत-ए ने रजत पाटीदार (109 नाबाद) के शतक और रुतुराज गायकवाड़ (94) के प्रभावशाली अद्धर्शतक की बदौलत न्यूजीलैंड-ए को तीसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को 416 रन का लक्ष्य दिया। भारत ने पहली पारी में 56 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में 359 रन बनाये, जबकि न्यूजीलैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट के नुकसान पर 20 रन बना लिये हैं।

पाटीदार ने भारत के लिये दूसरी पारी में सर्वाधिक 109 रन बनाये। उन्होंने 135 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाये। पहली पारी में शतक जड़ने वाले गायकवाड़ यहां भी शतक के बेहद करीब आये लेकिन 164 गेंदों पर 11 चौकों की सहायता से 94 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

कप्तान प्रियांक पांचाल ने ठीक लंच पर आउट होने से पहले 62(114) रन की पारी खेली। सरफराज खान ने 74 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों से सजी 63 रन की पारी में कुछ बेहतरीन शॉट खेले, लेकिन तेज रन खोजने के प्रयास में वह रचिन रविंद्र की फुलटॉस गेंद पर मिडविकेट के फील्डर को कैच थमा बैठे। रचिन ने इसी ओवर में उपेंद्र यादव और शार्दुल ठाकुर का विकेट लिया, जिसके बाद भारत-ए ने पारी 359/7 के स्कोर पर घोषित कर दी। तीसरे दिन स्टंप्स से पहले सौरभ कुमार ने रविंद्र (12) को पगबाधा करके पवेलियन लौटा दिया है, जबकि जो कार्टर (06 नाबाद) और जो वॉकर शून्य रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

## लाहिड़ी लिव गोल्फ में 28वें स्थान पर

शिकागो, 17 सितंबर। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी ने फ्लू से उबरने के बाद लिव गोल्फ इनविटेशनल शिकागो के पहले दौर में पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। लाहिड़ी पर बीमारी का असर दिखा और उन्होंने कुछ अच्छे मौके गंवाए। वह थाईलैंड के फचारा खोंगवाटमी, ऑस्ट्रेलिया के वेड ओरम्सबी और अमेरिका के सिहवान किम के साथ बराबरी पर हैं। इस बीच डस्टिन जॉनसन ने 18 में से नौ होल में बर्डी बनाई और इस दौरान कोई बोगी नहीं की। वह नौ अंडर 63 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। जॉनसन ऑस्ट्रेलिया के ओपन चैंपियन कैमरन स्मिथ से तीन शॉट आगे हैं। स्मिथ ने छह अंडर 66 का कार्ड खेला।

## दिल्ली एफसी खिताबी दौड़ में अव्वल, वायुसेना पस्त

नयी दिल्ली, 17 सितंबर। प्रीमियर लीग खिताब की प्रबल दावेदार दिल्ली एफसी ने मैन ऑफ द मैच नाइजीरियन कोफी डेसमस आर्थर के दो शानदार गोलों की मदद से शनिवार को भारतीय वायुसेना को 2-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। इस जीत के साथ विजेता टीम ने 17 मैचों में 36 अंक जुटा लिए हैं।

दिन के पहले मैच में तरुण संघा ने हिंदुस्तान एफसी को कड़े मुक़ाबले में 2-1 से हराकर अपना बचाव तो किया लेकिन पराजित टीम की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विजेता के गोल स्टेनले और जो मेस्सी ने जमाए।

दिल्ली एफ सी और वायु सेना के बीच कांटे का मुकाबला हुआ लेकिन शुरुआती मिनटों में कोफी आर्थर की दर्शनीय फ्री किक और मैच समाप्ति के चंद मिनट पहले पेनल्टी पर जमाये गोल से वायुसेना को एक और करारा झटका लगा।

दूसरी ओर, मोहम्मद असद के शुरुआती गोल से बढ़त लेने के बाद हिंदुस्तान अपनी हार की जिम्मेदार खुद रही। कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तरुण संघा के मैन ऑफ द मैच नाइजीरियन स्टेनले और जोए मेस्सी ने शानदार गोल जमाए। दोनों टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं।

## जीत से आठ विकेट दूर पश्चिम

कोयंबटूर, 17 सितंबर। पश्चिम क्षेत्र ने पृथ्वी शॉ (142) के तूफानी शतक और हेत पटेल (67) की संयम भरी अद्धर्शतकीय पारी की बदौलत मध्य क्षेत्र के सामने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में तीसरे दिन शनिवार को 501 रन का विशाल लक्ष्य रखा।

पहली पारी में 129 रन की बढ़त हासिल करने वाली पश्चिम दूसरी पारी में 371 रन पर ऑलआउट हो गयी, और दिन का खेल खत्म होने तक मध्य क्षेत्र ने दो विकेट के नुकसान पर 33 रन बना लिये हैं।

शॉ ने तीसरे दिन की जोरदार शुरुआत करते हुए कुमार कार्तिकेय की गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। उन्होंने 104 के अपने स्कोर को आगे बढ़ाते हुए अनिकेत चौधरी की गेंद पर लगातार तीन चौके लगाये। अगले ओवर में अरमान जाफर ने भी लय हासिल की और मिडविकेट पर छक्का जड़ा। शॉ ने 140 गेंदों पर 15 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 142 रन बनाये, जबकि जाफर ने 100 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की सहायता से 49 रन जोड़े।

शॉ के आउट होने के बाद पटेल ने पश्चिम की पारी को संभाला। पटेल एक छोर पर खड़े रहे जबकि अरमान जाफर (49), शम्स मुलानी (29) अतीत शेठ (20) और तनुष कोटियान (28) उनका साथ नहीं दे सके। चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 153 गेंदों पर 67 रन बनाने वाले पटेल ने निचले क्रम के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां की और पश्चिम को 371 रन तक पहुंचाया।

इसके जवाब में मध्य क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने से पहले सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री (18) और यश दुबे (14) के विकेट गंवा दिये हैं। कुमार कार्तिकेय एक रन और शुभम शर्मा शून्य रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। मध्य क्षेत्र को जीत के लिये 468 रन की दरकार है, जबकि पश्चिम को आठ विकेट की तलाश है।

इसी बीच, दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे सेमीफाइनल के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 580 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दक्षिण ने पहली पारी में 630 रन पर पारी घोषित की, जिसके जवाब में उत्तर क्षेत्र 207 रन पर सिमट गयी। दक्षिण ने तीसरे दिन स्टंप्स तक एक विकेट के नुकसान पर 157 रन बना लिये हैं।

# रामकुमार दूसरा एकल हारे, भारत डेविस कप में नॉर्वे से 0-2 पिछड़ा

लिलेहैमर (नॉर्वे), 17 सितंबर। रामकुमार रामनाथन की दूसरे एकल मैच में विक्टर डुरासोविच के हाथों हार के कारण भारत डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले में नॉर्वे से 0-2 से पिछड़ गया है और उस पर बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी रामकुमार अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे और अपने से कम रैंकिंग के खिलाड़ी डुरासोविच से शुक्रवार की रात को एक घंटे 16 मिनट तक चले मैच में 1-6, 4-6 से हार गए।

पहले एकल मैच में प्रजनेश गुणेश्वरन अमेरिकी ओपन के उप विजेता कैस्पर रूड से 1-6, 4-6 से हार गए थे। यह परिणाम अपेक्षित था और ऐसे में भारत की उम्मीदें रामकुमार पर टिकी थी। लेकिन विश्व में 276वें नंबर के खिलाड़ी रामनाथन किसी भी समय अपने रंग में नहीं दिखे और 325वें रैंकिंग के खिलाड़ी डुरासोविच से आसानी से हार गए। डुरासोविच ने तीन बार रामनाथन की सर्विस तोड़ी और कुल 12 ऐस जमाए। इसके विपरीत भारतीय खिलाड़ी केवल तीन ऐस ही लगा पाया।

डुरासोविच ने पहले सेट में पांच ऐस जमाए और दो बार रामनाथन की सर्विस तोड़ी। रामनाथन केवल अपनी पहली सर्विस बचा पाए। इसके अलावा उन्होंने दो डबल फॉल्ट भी किए जिससे डुरासोविच ने या सेट आसानी से जीता। रामकुमार ने दूसरे सेट में वापसी का प्रयास किया लेकिन वह अपनी दूसरी सर्विस को बचाने में नाकाम रहे जिससे डुरासोविच ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। रामकुमार इसके बाद भी डुरासोविच की सर्विस तोड़ने में असफल रहे। नार्वे के खिलाड़ी ने 5-4 की बढ़त पर अपनी सर्विस बचाकर यह मैच अपने नाम किया।

इससे पूर्व पहले एकल मैच में विश्व में नंबर दो खिलाड़ी कैस्पर रूड ने अपेक्षानुरूप शानदार प्रदर्शन किया और प्रजनेश को एक घंटा दो मिनट तक चले मैच में आसानी से हराकर नॉर्वे को 1-0 से बढ़त दिलाई। मुकाबले के दूसरे दिन युगल में युकी भांबरी और साकेत माइनेनी का सामना रूड और डुरासोविच से होगा। इसके अलावा उलट एकल में रामकुमार का सामना रूड से जबकि प्रजनेश का डुरासोविच से होगा।

## डेविस कप में ऑगर अलियासिम से हारे नंबर एक अल्काराज

बार्सिलोना, 17 सितंबर। अमेरिकी ओपन चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट में फेलिक्स ऑगर अलियासिम से हार गए जिससे कनाडा इस मुकाबले में स्पेन को 2-1 से हराकर उलटफेर करने में सफल रहा। ऑगर अलियासिम ने 19 वर्षीय अल्काराज से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 6-7 (3), 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। विश्व में 13वीं रैंकिंग के ऑगर अलियासिम ने बाद में कहा, "वह विश्व में नंबर एक खिलाड़ी है और इसका श्रेय उसे जाता है लेकिन आज मुझे लगता है कि तीसरे सेट में मैंने उससे थोड़ा बेहतर खेल दिखाया।" रॉबर्टो बॉतिस्ता ने दूसरे एकल में वासेक पोस्पिसिल को 3-6, 6-3, 6-3 से पराजित करके स्पेन को पहला अंक दिलाया। अब सारा दारोमदार युगल मैच पर टिका था जिसमें ऑगर अलियासिम और पोस्पिसिल ने मार्सेल ग्रेनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज को 4-6, 6-4, 7-5 से हराकर कनाडा की जीत सुनिश्चित की। कनाडा का अगला मुकाबला सर्बिया से होगा जबकि स्पेन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा जिससे इस ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का निर्धारण होगा। उधर ग्लास्गो में नीदरलैंड ने ब्रिटेन को 2-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इससे ग्रुप डी से अमेरिका की भी अंतिम आठ में जगह पक्की हो गई। ग्रुप सी से जर्मनी और आस्ट्रेलिया ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने बेल्जियम को 2-1 से हराया जबकि ग्रुप ए में इटली ने अर्जेंटीना को इसी अंतर से पराजित किया।

## भारतीय हॉकी टीमों ने मारिन को कानूनी कार्रवाई की चेतानी दी

बेंगलुरु, 17 सितंबर। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने शनिवार को पूर्व मुख्य कोच सोजर्ड मारिन की नयी किताब में लगाये गये आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

कोच मारिन ने अपनी किताब "विल पावर: दी इन्साइड स्टोरी ऑफ दी इंक्रेडिबल टर्नअराउंड इन इंडियन हॉकी" में आरोप लगाया है कि पुरुष टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह के कहने पर एक खिलाड़ी ने जानबूझकर खराब प्रदर्शन किया था।

मारिन के अनुसार 2017 में जब वह भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच थे, तब उन्होंने एक युवा खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेल 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये चुना था। मारिन उस युवा खिलाड़ी की सफलता को लेकर बहुत सकारात्मक थे लेकिन वह खिलाड़ी उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर सका।

कोच मारिन ने कहा कि पहले उन्हें संशय हुआ कि खिलाड़ी दबाव के कारण अच्छा नहीं खेल पा रहा, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि मनप्रीत ने कथित तौर पर खिलाड़ी से इतना अच्छा न खेलने के लिये" कहा है, ताकि वह अपनी पसंद के खिलाड़ी को टीम में ला सकें। इस आरोप पर आपत्ति जताते हुए खिलाड़ियों ने कहा है कि यह पूरी तरह से विश्वास का उल्लंघन है और इससे खिलाड़ी पूरी तरह असुरक्षित महसूस करेंगे।

उन्होंने कहा, "हमने आज प्रेस में भूतपूर्व मुख्य कोच सोजर्ड मारिन द्वारा लगाये गये कुछ परेशान करने वाले आरोप देखे हैं। हम अपनी व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग और झूठे आरोपों पर अपनी गहरी निराशा व्यक्त करने के लिए एक साथ आये हैं। उन्होंने हमारे कोचिंग के समय का उपयोग व्यावसायिक लाभ के लिए, हमारी प्रतिष्ठा के बदले अपनी पुस्तक को बेचने के लिए किया है।"

हॉकी इंडिया में मारिन का प्रवेश 2017 में हुआ जब उन्हें भारतीय महिला टीम का कोच चुना गया। उन्हें इसी साल पुरुष टीम का भी कोच चुना गया, लेकिन वह बाद में महिला टीम की ओर लौट आये और 2021 तक मुख्य कोच के पद पर बने रहे। खिलाड़ियों ने कहा, "हम सामूहिक रूप से सोजर्ड मारिन से सवाल करना चाहेंगे कि यदि उनकी निगरानी में ऐसी कोई घटना हुई है तो हॉकी इंडिया या भारतीय खेल प्राधिकरण के पास शिकायत का रिकॉर्ड होना चाहिए। अधिकारियों से जांच करने पर हमें शिकायत का ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है।"

उन्होंने कहा, "भारतीय राष्ट्रीय पुरुष और महिला हॉकी टीम एक-दूसरे के साथ खड़ी है और हमारी अखंडता की रक्षा करेगी, जिस पर उनके द्वारा सवाल उठाया गया है। हमारा देश, टीम और हॉकी का खेल हमारी सामूहिक सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम किसी भी परिस्थिति में एक व्यक्ति के निजी लाभ के लिये हमारी टीम के किसी सदस्य की प्रतिष्ठा से समझौता करने की अनुमति नहीं देंगे। हम सोजर्ड मारिन और उस पुस्तक के प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया में हैं।"

## भारत की बधिर क्रिकेट टीम की मदद करेगी हीरो मोटोकॉर्प

नयी दिल्ली, 17 सितंबर। दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल एवं स्कूटर विनिर्माण कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए कहा है कि वह आगामी बधिर आईसीसी टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये आईडीसीए टीम को आवश्यक प्रशिक्षण उपकरण प्रदान करेगी। हीरो मोटोकॉर्प ने आईडीसीए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की सूचना देते हुए कहा, हीरो मोटोकॉर्प एक से नौ अक्टूबर के बीच शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली आगामी डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के लिए आईडीसीए टीम को आवश्यक प्रशिक्षण उपकरण प्रदान करेगा। साथ ही, इस साल के अंत में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिये भी टीम को सहायता दी जायेगी। हीरो मोटोकॉर्प एक प्रशिक्षण शिविर का भी समर्थन कर रहा है जो वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टीम को तैयार करने के लिए 16-29 सितंबर के बीच आयोजित किया गया है। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, हम हीरो मोटोकॉर्प के आभारी हैं कि उन्होंने आगामी चैंपियनशिप के लिए हमारी मदद का वादा किया।

## भारत को एशिया कप के लिए नियमित रूप से क्वालीफाई करना चाहिए : लिंगदोह

नयी दिल्ली, 17 सितंबर। भारत के पूर्व मिडफील्डर युगेंसन लिंगदोह का मानना है कि देश को फुटबॉल में आगे बढ़ने के लिए नियमित रूप से एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की आदत डालनी होगी।

अब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति के सदस्य लिंगदोह प्रक्रिया का पालन करने में विश्वास करते हैं। लिंगदोह ने कहा, "राष्ट्रीय टीम ने हाल के दिनों में शानदार प्रदर्शन किया है। लगातार दो बार एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत अच्छा है और हमें यहां से चीजों को आगे ले जाने की जरूरत है।"

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमें कोच और खिलाड़ियों पर विश्वास दिखाने की जरूरत है जिन्होंने हमें एशियाई कप में जगह दिलाई। उन्हें उस प्रक्रिया का पालन करने में मदद करनी चाहिए जो उन्होंने खुद के लिए निर्धारित की है। हम यहां अल्पकालिक लाभ नहीं देख सकते।" भारत ने इस साल की शुरुआत में क्वालीफिकेशन की बाधा को पार करते हुए लगातार दूसरी बार एशियाई कप में जगह बनाई।

लिंगदोह ने कहा, "हमें एक ऐसे चरण में होना चाहिए जहां एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना भारत के लिए एक नियमित चीज हो और इसके लिए हमारी राष्ट्रीय टीम को हर अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान खेलने की जरूरत है।"

उन्होंने कहा, "यही एकमात्र तरीका है जिससे खिलाड़ियों का समूह एक-दूसरे के साथ खेलने में बेहतर होगा और इसी तरह टीम में एकजुटता बनेगी। अगर हम ऐसा करते हैं तो मुझे यकीन है कि हम एएफसी एशियाई कप में पहुंचने के बाद अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।" सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम वर्तमान में फीफा रैंकिंग पर 104 वें स्थान पर है। हालांकि लिंगदोह रैंकिंग पर ज्यादा ध्यान देने वालों में से नहीं हैं।

उन्होंने कहा, "रैंकिंग महत्वपूर्ण है लेकिन वास्तव में यह मायने रखता है कि हम कैसे खेलते हैं और यह केवल गुणवत्ता वाले विरोधियों के खिलाफ अधिक मैचों के साथ बेहतर होगी।।' नई तकनीकी समिति रविवार को पहली बार कोलकाता में बैठक करेगी जिसमें भारत के पांच पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आईएम विजयन (अध्यक्ष), हरजिंदर सिंह, लिंगदोह, क्लाइमेक्स लॉरेंस और पिंकी बोम्पल मागर शामिल हैं। लिंगदोह को लगता है कि समिति में प्रख्यात खिलाड़ियों की मौजूदगी से उसे बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी जिसका उद्देश्य भारत में मौजूदा फुटबॉलरों की स्थिति में सुधार करना है।

## एआईएफएफ महासचिव नियुक्ति में भूटिया ने लगाया 'सौदेबाजी' का आरोप

नयी दिल्ली, 17 सितंबर। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष चुनाव में बड़े अंतर से शिकस्त झेलने वाले भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने शाजी प्रभाकरन के महासचिव के रूप में नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि 'किसी मतदाता को वेतनभोगी पद पर नियुक्त करना गलत मिसाल कायम करेगा।'

प्रभाकरन 'फुटबॉल दिल्ली' के प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचक मंडल में थे। जिन्हें अध्यक्ष चुनाव के बाद एआईएफएफ महासचिव बनाया गया था। उनके महासचिव नियुक्त होने से पहले दो सितंबर को हुए अध्यक्ष चुनाव में पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे ने भूटिया को 33-1 से हराया था।

भूटिया ने एआईएफएफ से उनके द्वारा उठाए गए प्रभाकरन की नियुक्ति के इस मुद्दे को सोमवार को कोलकाता में होने वाली कार्यकारी समिति की बैठक के एजेंडे में शामिल करने का अनुरोध किया है। एआईएफएफ महासचिव के रूप में कार्यभार संभालने से एक दिन पहले प्रभाकरन ने छह सितंबर को फुटबॉल दिल्ली के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। भूटिया ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान मतदाता रहे किसी को बाद में महासंघ में वेतनभोगी पद पर नियुक्त करना 'सौदेबाजी' की तरह है।

# जडेजा की अनुपस्थिति भारत के लिए बड़ा झटका, पर कोहली की फॉर्म में वापसी शुभ संकेत : माहेला

दुबई, 17 सितंबर। श्रीलंका के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज माहेला जयवर्धने ने रविंद्र जडेजा के चोटिल होने को भारत के लिए करारा झटका बताया लेकिन विराट कोहली के आगामी टी20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी को शुभ संकेत करार दिया। जडेजा एशिया कप के दौरान चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्वकप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए।

जयवर्धने ने 'आईसीसी रिव्यु' में कहा," यह एक चुनौती है। उन्होंने उन्हें (जडेजा को) नंबर पांच पर अच्छी तरह से फिट कर दिया था। वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था तथा वह और हार्दिक पंड्या शीर्ष छह बल्लेबाजों में शामिल होकर ऑलराउंड विकल्प उपलब्ध करा रहे थे जिससे भारत के बल्लेबाजी क्रम में अधिक लचीलापन था।"

उन्होंने कहा, "यह उनके लिए मुश्किल भरा होगा और संभव है उनके लिए बाएं हाथ के एक बल्लेबाज का नहीं होना चिंता का विषय होगा। उन्होंने पांचवें या चौथे नंबर पर बाएं हाथ के बल्लेबाज को रखने के लिए दिनेश कार्तिक को बाहर करके ऋषभ पंत को यह जिम्मेदारी सौंपी। विश्वकप में जाने से पहले उन्हें इन चीजों से निपटना होगा।"

जयवर्धने ने कहा," लेकिन जडेजा का नहीं होना और उनकी फॉर्म को देखते हुए यह भारत के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।" जयवर्धने ने हालांकि कहा कि भारत के लिए स्टार बल्लेबाज कोहली का फॉर्म में वापसी करना शुभ संकेत है। कोहली ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन बनाए जो उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 71 वां शतक है। इस शतक के लिए उन्होंने 1020 दिन का इंतजार किया।

उन्होंने कहा," उनके पास आत्मविश्वास हासिल करने के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। वह पिछले 12 महीनों में मामूली चोटों से भी परेशान रहे और उन्हें विश्राम दिया गया। भारत अपने खिलाड़ियों को विश्राम देता रहा है, ऐसे में प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होना भी मुश्किलें पैदा करता है।"

जयवर्धने ने कहा," उन्हें (कोहली) इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना अच्छा लगा। हम सभी चाहते हैं कि विश्वकप में यह बेहतरीन खिलाड़ी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहे और विश्वकप इसका हकदार भी है। इस स्तर पर हर कोई एक दूसरे पर हावी होना चाहता है। आस्ट्रेलिया में विश्वकप रोमांचक होगा।"

जयवर्धने ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी से भी भारत को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा," निश्चित तौर पर एशिया कप में जसप्रीत की अनुपस्थिति भी एक कारक थी। उनकी उपस्थिति बड़ा अंतर पैदा करती है।"

## विश्व चैम्पियनशिप : बजरंग पूनिया क्वार्टर फाइनल में हारे, कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे सागर

बेलग्राद, 17 सितंबर। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया (65 किग्रा) शनिवार को यहां कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ उलटफेर का शिकार हो गए जबकि सागर जगलान 74 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन बजरंग को अमेरिका के 23 साल के यिआनी दियाकोमिहालिस के खिलाफ 65 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) के आधार पर शिकस्त का सामना करना पड़ा।

विश्व चैंपियनशिप के तीन बार के पदक विजेता पूनिया अब उम्मीद करेंगे कि दो बार के कैडेट विश्व चैंपियन दियाकोमिहालिस फाइनल में पहुंच जाएं जिससे कि उन्हें रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका मिले। इससे पहले पूनिया ने प्री क्वार्टर फाइनल में क्यूबा के एलेजांद्रो एनरिक वाल्डेस टोबियर को अंकों के आधार पर 5-4 से हराया। दूसरी तरफ 18 साल के सागर ने 74 किग्रा गर्व में मंगोलिया के सुल्दखू ओलोनबायर को 7-3 से शिकस्त दी। विश्व अंडर-20 कांस्य पदक विजेता सागर कांस्य पदक के मुकाबले में आज ही ईरान के योनेस अलीअकबर इमामीचोघाई से भिड़ेंगे। विक्की को इस बीच 97 किग्रा स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में स्विट्जरलैंड के सैमुअल शेरेर के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। वह और पंकज (61 किग्रा) पदक की दौड़ से बाहर हो गए हैं। पंकज को पहले दौर में ही कजाखस्तान के एसिल एताकिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मोहाली टी-20 मैच के लिए शुरू की प्रैक्टिस, आज पहुंचेंगे भारतीय टीम के खिलाड़ी

मोहाली, 17 सितम्बर। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ मंगलवार से शुरू होने वाले तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टी20 वर्ल्ड कप को शुरू होने में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में आरोच फिंच के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया की टीम आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर वन टीम इंडिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी।ऑस्ट्रेलिया की टीम मोहाली की पिच और परिस्थितियों के हिसाब से ढलने की कोशिश कर रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए सीरीज आसान नहीं होने वाली है। स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को वर्कलोड मैनेज करने के लिए आराम दिया गया है। कैमरून ग्रीन को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। वॉर्नर के अलावा, मिचेल स्टार्क, मिचेल मार्श और मार्कस स्टायनिश इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ये खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं।

दूसरी तरफ भारतीय टीम एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दमदार वापसी करने उतरेगी। आगामी वर्ल्ड कप से पहले कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के पास अपनी बेस्ट प्लेइंग इलेवन को परखने का मौका होगा। क्योंकि इससे पहले कई सीरीज के दौरान स्टार खिलाड़ियों का आराम दिया गया था या फिर वो चोटिल रहे हैं। लेकिन इस बार टीम के सभी खिलाड़ी सीरीज का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया इस दौरे में भारत के खिलाफ अपना पहला टी-20 मुकाबला मोहाली में 20 सितंबर को खेलेगी जबकि उसका दूसरा मैच 23 सितंबर को नागपुर में होगा। दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में टीम हैदराबाद में 25 सितंबर को मेजबान टीम से भिड़ेगी।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम :** आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबोट, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, केन रिचर्डसन,डेनियन सेम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड, एडम जम्पा

## हरभजन-इरफान मुकाबले से शुरू होगी नवाब नगरी में लीजेंड्स की जंग

लखनऊ,17 सितंबर। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना इंटरनेशनल स्टेडियम पर रविवार से लीजेंड लीग के दूसरे चरण के मुकाबलों की शुरुआत भीलवाड़ा किंग्स और मणिपाल टाइगर्स के बीच भिड़ंत से होगी। मणिपाल टाइगर्स की कमान भारत के सबसे सफल स्पिनरों में से एक हरभजन सिंह के हाथों में है, वहीं भीलवाड़ा किंग्स की कप्तानी अपने स्विंग से बल्लेबाजों को थर्रा देने वाले हैंडसम हंक इरफान पठान कर रहे हैं। लखनऊ चरण के तहत दूसरे मैच में 19 सितंबर को गुजरात जाएंट्स का सामना मणिपाल टाइगर्स से होगा और फिर तीसरे और अंतिम मैच में 21 सितम्बर को भीलवाड़ा किंग्स और इंडिया कैपिटल्स का मुकाबला होगा। 20 सितम्बर को आराम का दिन होगा।

हरभजन की टीम में ब्रेट ली, एंड्रयू फ्लिंटॉफ, रोमेश कालुविथाराना, दिमित्री मास्करेनहास, लांस क्लूजनर, मोहम्मद कैफ, कोरी एंडरसन, इमरान ताहिर, डैरेन सैमी और मुथैया मुरलीधरन अपने पुराने रंग से दर्शकों के बीच रोमांच पैदा करेंगे जबकि इरफान विस्फोटक बल्लेबाज भाई यूसुफ पठान, टीनो बेस्ट, ओवैस शाह, टिम ब्रेसनन, शेन वॉटसन, एस. श्रीसंत, फिदेल एडवर्ड्स, नमन ओझा और मोंटी पनेसर की बदौलत ताल ठोकते नजर आएंगे।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट का सीजन 2 चार-टीमों का फ्रैंचाइज़ी मॉडल है। कोलकाता और लखनऊ के अलावा इसके मैच नई दिल्ली, कटक और जोधपुर में भी खेले जाएंगे। लीग के सभी 16 मैचों सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जा रहा है। साथ ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर चार भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में इसकी स्ट्रीमिंग भी की जा रही है।

**टीमें इस प्रकार हैं : मणिपाल टाइगर्स:** हरभजन सिंह (कप्तान), ब्रेट ली, एंड्रयू फ्लिंटॉफ, वीआरवी सिंह, परविंदर अवाना, रितिंदर सिंह सोढ़ी, रोमेश कालुविथाराना, दिमित्री मस्करेनहास, लांस क्लूजनर, रेयान साइडबॉटम, मोहम्मद कैफ, फिल मस्टर्ड, कोरी एंडरसन, इमरान ताहिर, डैरेन सैमी और मुथैया मुरलीधरन।

**भीलवाड़ा किंग्स:** इरफान पठान (कप्तान), यूसुफ पठान, सुदीप त्यागी, टीनो बेस्ट, ओवैस शाह, टिम ब्रेसनन, शेन वॉटसन, एस. श्रीसंत, निक कॉम्पटन, मैट प्रायर, समित पटेल, फिदेल एडवर्ड्स, विलियम पोर्टरफील्ड, नमन ओझा और मोंटी पनेसर।

## ओमप्रकाश ने जीता पीजीटीआई टूर्नामेंट

जयपुर, 17 सितम्बर। रामबाग गोल्फ क्लब में पीजीटीआई द्वारा टाटा स्टील एवम् ए यू स्मॉल फाईनेन्स द्वारा प्रायोजित प्रो टूर्नामेन्ट कराया जा रहा है, जिसमें आज अन्तिम चौथे दिवस के खेल में महू के 36 वर्षीय ओमप्रकाश चौहान ने (67-66-65-64) का कार्ड खेलते हुए और दो स्कोर की बढत लेते हुए कुल 18 अण्डर का स्कोर बनाया और बढ़त बनाते हुए मैच के अन्तिम दिन प्रथम स्थान पर रहे और इस तरह ओमप्रकाश चौहान ने अपनी विजय के साथ रूपये 6,00,000/- का चैक प्राप्त किया व पीजीटीआई की ऑर्डर ऑफ मैरिट में 18वें स्थान पर पहुँच गए। चंडीगढ के अभिजीत सिंह चड्ढा (62-69-65-67), जो पिछले मैच में दो शॉट से आगे चल रहे थे, ने शनिवार को पट नहीं लगाने के बावजूद 67 का स्कोर बनाया, ये 17 अण्डर का कार्ड खेलते हुए उपविजेता रहे। चंडीगढ के ही एक अन्य गोल्फर अक्षय शर्मा ने 13 अण्ड का कार्ड खेल खेला रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि जयपुर के गोल्फर गिरिराज सिंह खड़का ने आज चौथे दिन एक अण्डर का कार्ड खेला और 29वें स्थान पर रहे व यह भी बताया कि जयपुर के ही अमैच्योर कैटेगरी के मनोविराज शेखावत ने अच्छा प्रदर्शन किया व अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया व अमैच्योर की ट्रॉफी हासिल की। पुरस्कार वितरण अशोक चाँदना, युवा मामले व खेल विभाग मंत्री, रामबाग गोल्फ क्लब के कप्तान डॉ. अशोक गुप्ता, पीजीटीआई सीईओ उत्तम मुण्डी द्वारा किया गया व डॉ. अशोक गुप्ता ने यह भी बताया कि 18 सितम्बर, (रविवार) को पीजीटीआई द्वारा अपने पेशेवर गोल्फर्स के साथ रामबाग गोल्फ क्लब के अमेच्योर गोल्फर्स को खिलाया जावेगा।






*नैब्रास्का के एक आदमी ने अपना 60वां जन्मदिन कुछ अनूठे अंदाज में मनाया। उसने एक विशालकाय कद्दू को खोखला करके नाव बनाई और मिज़ोरी नदी में 38 मील की दूरी तय की। उम्मीद है कि उसने गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। डुएन हैनसन, बैलव्यू शहर के सार्वजनिक बोट डॉक्स से सुबह 7.30 बजे 846 पाउण्ड के कद्दू में बैठकर रवाना हुए और शाम 6.30 नैब्रास्का शहर पहुँचे। हैनसन ने अपने रिकॉर्ड बनाने वाले इस प्रयास के लिए बैलव्यू के अधिकारियों को गवाह बनाया। कद्दू की नाव के पीछे नाव का नाम भी लिखा था, ''एस.एस. बर्टा।'' हैनसन की पत्नी, परिवार और नदी पर मौजूद उनके मित्रों ने इस यात्रा को रिकॉर्ड किया। कुछ तो सुरक्षा की दृष्टि से उनके पीछे भी गए। कद्दू की सबसे लम्बी यात्रा का पूर्व रिकॉर्ड 25.5 मील का है, जो 2018 में बना था। यह जानकारी गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की वैबसाइट पर है। गिनीज़ बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की प्रवक्ता काईली गैलोवे ने कहा कि ''वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए हैनसन की एप्लीकेशन मिली है हम अभी प्रमाणों की जांच कर रहे हैं।'' हैनसन नैब्रास्का में रहते हैं तथा बड़े-बड़े कद्दू व अन्य सब्जियां उगाना उनका शौक है।*

# 'तेजस्वी यादव हमारे सी.बी.आई. अधिकारियों को लगातार धमकियां दे रहे हैं'

## सी.बी.आई. ने प्रैस कॉन्फेंस करके यह आरोप लगाये

- **गौरतलब है कि, आई.आर.सी.टी.सी. घोटाले में अभी तेजस्वी यादव जमानत पर हैं और बिहार के उप-मुख्यमंत्री हैं। सी.बी.आई. ने कोर्ट में तेजस्वी यादव की जमानत रद्द करने की अपील की है।**
- **सी.बी.आई. ने कहा है कि, तेजस्वी यादव मामले की जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए उनकी जमानत रद्द कर दी जाए, ताकि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। सी.बी.आई. ने कोर्ट में दायर याचिका में यह भी कहा कि, तेजस्वी यादव के बाहर रहने से इस मामले के कई गवाह प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में उनको दी गई राहत रद्द कर दी जाए।**

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। इण्डियन रेलवे केटरिंग सर्विसेज़ (आई.आर.सी.टी.सी.) घोटाला मामले में सीबीआई ने बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जमानत रद्द कराने के लिए अदालत का रुख किया है। सीबीआई ने अदालत में याचिका दायर कर तेजस्वी यादव की जमानत रद्द करने की मांग की है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल की अदालत ने सीबीआई की याचिका पर तेजस्वी यादव को नोटिस जारी किया है।

सीबीआई का कहना है कि, तेजस्वी यादव जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और सी.बी.आई. के अधिकारियों बुरी तरह से धमकियां दे रहे हैं। अदालत ने तेजस्वी यादव से पूछा है कि सीबीआई की याचिका को देखते हुए क्यों न उनकी जमानत रद्द कर दी जाए। हालांकि, अभी अदालत ने यादव को जवाब देने के लिए तलब किया है। ज्ञात रहे कि आईआरसीटीसी घोटाले में अभी तेजस्वी यादव जमानत पर हैं और बिहार के उप-मुख्यमंत्री पद पर हैं।

तेजस्वी यादव आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोपी हैं। इस मामले में वो जमानत पर चल रहे हैं। सीबीआई मामले की जांच कर रही है। अब सीबीआई ने अदालत दलील पेश की है कि यह एक गंभीर मामला है। यादव मामले की जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए उनकी जमानत रद्द कर दी जाए, ताकि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। सीबीआई ने याचिका में यह भी कहा कि तेजस्वी यादव के बाहर रहने से इस मामले के कई गवाह प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में यादव को दी गई राहत को रद्द कर दिया जाए। बता दें कि लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत कई लोग इस मामले में आरोपी हैं। यह मामला राउज एवेंन्यू अदालत में चल रहा है। इसकी जांच सीबीआई के साथ ही ईडी भी कर रही है। इस मामले में आईआरसीटीसी के होटल के टेंडर में धोखाधड़ी का खुलासा हुआ था, जिसके बाद दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत से लालू के परिवार के सदस्यों को जमानत मिल गई थी, परंतु अब सीबीआई का कहना है कि तेजस्वी यादव प्रभावशाली पद पर हैं और मामले में हस्तक्षेप कर जांच प्रभावित कर रहे हैं।

सीबीआई ने याचिका में कहा है कि बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक प्रेसवार्ता में खुलेआम सीबीआई अधिकारियों को धमकी भरे अंदाज में संदेश दिया है, क्योंकि इस समय वह एक प्रभावशाली पद पर हैं ऐसे में उनके द्वारा कही गई बातें जांच को प्रभावित कर सकती हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि यादव ने यह प्रेसवार्ता बिहार में कई जगहों पर सीबीआई की छापेमारी को लेकर की थी।

# कांग्रेस में लोकतंत्र है या परिवारवाद: यहां राजा का बेटा ही राजा बनेगा?

## पी.सी.सी. सदस्यों की सूची में पिता-पुत्र, पति-पत्नी, पिता-पुत्री, मां-पुत्री की जोड़ियां शामिल हुईं

- **जबकि, लोकसभा में हार के बाद राहुल गांधी ने परिवारवाद से पीछा छुड़ाने के लिए कहा था कि, अब गांधी परिवार से कोई भी कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनेगा।**
- **लेकिन, कांग्रेस के राजस्थान के नेताओं ने राहुल गांधी के कहने के बिल्कुल विपरीत परिवारवाद को जमकर बढ़ावा दिया।**

जयपुर, 17 सितम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस पर परिवारवाद का ऐसा ठप्पा लगा है कि इसका पीछा छुड़ाने के लिए खुद राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के दौरान कहा था कि आने वाला कांग्रेस अध्यक्ष गांधी परिवार से नहीं होगा। लगता है कि राहुल गांधी के यह कहने के बावजूद कांग्रेस के नेता इस बात को मानने के लिए कतई तैयार नहीं है। यही कारण है कि राजस्थान में जिस तरह से प्रदेश कांग्रेस सदस्यों के नाम सामने आए हैं, उसके बाद कहा जा रहा है कि कांग्रेस में लोकतंत्र नहीं बल्कि राजशाही हो गई है, जहां राजा का बेटा राजा बनता है।

प्रदेश कांग्रेस के लगभग 60 से ज्यादा सदस्य ऐसे हैं, जो पूरी तरह से परिवारवाद का चोला पहनकर सदस्य बने हैं। इस सूची के जाहिर होने से पहले ही स्पष्ट हो गया है कि उदयपुर में जो डिक्लेरेशन सामने आया था, उसकी धज्जियां राजस्थान में ही उड़ा दी गई है।

राजस्थान में नेताओं ने जमकर परिवारवाद चलाते हुए अपने परिवारजनों को प्रदेश कांग्रेस सदस्य बनाया है और इनमें छोटे से लेकर बड़े, सभी नेता शामिल हैं। अपने पारिवारिक सदस्यों को पीसीसी सदस्य बनाने के पीछे नेताओं की मंशा यह भी है कि अगला विधानसभा चुनाव अपने परिवार में से ही किसी को लड़ाएं। ऐसे में कांग्रेस में लंबे समय से काम करने वाले कार्यकर्ताओं का कहना है कि राहुल गांधी चाहे जितनी भारत जोड़ो यात्रा कर ले, लेकिन कांग्रेस के यह नेता चाहते ही नहीं कि कांग्रेस के साथ कोई जुड़े।

राजस्थान से परिवारवाद की बात करें तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां खुद पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते प्रदेश कांग्रेस के सदस्य हैं वहीं उनके पुत्र एवं लोकसभा में पहले ही उम्मीदवार बनाकर राजनीति में उतार दिए गए वैभव गहलोत को भी पीसीसी सदस्य बनाया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत ने अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के दोनों ब्लॉक से खुद को और अपने बेटे बालेंदु को सदस्य बनाया है।

दौसा से मंत्री मुरारी लाल मीणा ने खुद को और अपनी पत्नी सविता मीणा को सदस्य बनाया है। इसी तरह से जोधपुर जिला प्रमुख लीला मदेरणा पीसीसी सदस्य बनी है, तो उनकी विधायक पुत्री दिव्या भी पीसीसी सदस्य बनी हैं। इसी तरह सरकारी उप सचेतक महेंद्र चौधरी खुद पीसीसी सदस्य बने, तो पत्नी सुनीता चौधरी को भी पीसीसी सदस्य बना लिया। इसी तरह से आलोक बेनीवाल निर्दलीय विधायक होने के वजह से खुद सदस्य नहीं बन सकते थे, तो सरिता बेनीवाल को पीसीसी सदस्य बना दिया। वहीं पाली से सांसद का चुनाव लड़ चुके बद्रीराम जाखड़ खुद भी पीसीसी सदस्य बने हैं, तो उनकी बेटी मुन्नी गोदारा भी पीसीसी सदस्य हैं।

करणपुर से विधायक गुरमीत कुन्नर खुद भी पीसीसी सदस्य हैं तो उन्होंने अपने बेटे रूबी कुन्नर को भी पीसीसी सदस्य बना दिया है। विधायक बाबूलाल बैरवा ने अपने बेटे अवधेश को पीसीसी सदस्य बना दिया, तो निर्दलीय बाबूलाल नागर ने भी अपने बेटे विकास को पीसीसी सदस्य बना दिया। गुजरात के प्रभारी रघु शर्मा अपने बेटे को विधायक बनाना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने खुद पीसीसी सदस्य बनने के स्थान पर अपने पुत्र सागर शर्मा को पीसीसी सदस्य बनाया है।

वही मंत्री लालचंद कटारिया ने अपने छोटे भाई की पत्नी रेखा कटारिया को पीसीसी सदस्य बना दिया है। इसी लाइन को आगे बढ़ाते हुए मंत्री राजेंद्र यादव ने भी अपने बेटे मधुर यादव को पीसीसी सदस्य बनाया है। विधायक मीना कंवर ने अपने पति उम्मेद सिंह को पीसीसी सदस्य बनाया है। इसी तरह से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ गिरिजा व्यास के भाई गोपाल शर्मा को पीसीसी सदस्य बनाया गया है।

इसी लाइन पर चलते हुए विधायक नरेंद्र बुड़ानिया ने अपने बेटे अमित बुड़ानिया को पीसीसी सदस्य बनवाया है। वैसे तो जहां सचिन पायलट पीसीसी सदस्य बने हैं, वही उनकी मां रमा पायलट भी पीसीसी सदस्य बनी है, लेकिन सचिन पायलट जहां दो बार संसद सदस्य होने के अलावा वर्तमान में विधायक हैं, तो उनकी मां रमा पायलट भी पहले विधायक और सांसद रह चुकी हैं। इसके बावजूद उन्हें भी परिवारवाद की सूची में जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा विधायक विनोद चौधरी ने अपने बेटे को पीसीसी सदस्य बनाया है।

इसी तरह से मंत्री परसादी लाल मीणा ने अपने बेटे कमल मीणा को पीसीसी सदस्य बनाया है। इनके अलावा भी बहुत सारे ऐसे नाम है,जहां नेताओं ने अपने परिवार को राजनीतिक विरासत सौंपने का प्रयास किया है।

## 'भारत जोड़ो यात्रा से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उत्तर प्रदेश में केवल दो दिन गुजारेगी। येचुरी ने जोर देते हुये कहा कि अपनी यात्रा का कार्यक्रम तय करना कांग्रेस का अपना अन्दरूनी मामला हैं।

पार्टी के पोलित ब्यूरो की दो दिन की मीटिंग के बाद, उन्होंने दृढ़ तापूर्वक कहा कि वामंपथी दलों के कांग्रेस की यात्रा में शामिल न होने को कोईमहत्व नहीं दिया जाये, क्योंकि हर पार्टी के अपने कार्यक्रम होते हैं।

उन्होंने कहा कि आज धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक दलों के संगठित प्रयास जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ भाजपा के हिन्दुत्व एजेंडा को रोका जा सके। येचुरी ने जोर देते हुये कहा कि सभी दलों को, स्थानीय स्तर पर भिन्न-भिन्न बिन्दुओं पर फोकस करते हुये, राष्ट्रीय स्तर पर संगठित होगा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा हिन्दू एजेंडा तथा साम्प्रदायिकता पर जोर दिये जाने को रोकने के लिये, सभी धर्मनिरपेक्ष तथा लोकतान्त्रिक दलों के संगठित प्रयासों का समय आ गया है।

सी.पी.आई. (एम) नेता ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुये कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ संघर्ष करती है, लेकिन उनकी पार्टी को, भाजपा से लड़ने के लिये, राष्ट्रीय स्तर पर तृणमूल कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने में कोई परेशानी नहीं हैं।

## डब्ल्यु.एच.ओ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होकर 5 हजार 747 होने के उपरांत यह सिफारिश सामने आई। शनिवार को देश में 29 जनों की करोना से मौत हुई। इसमें केरल में कल मरे 13 जनों की संख्या भी शामिल है। कर्नाटक में आज सुबह 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में कोविड-19 से 4 लोगों की मौत की खबर है।

इसके बाद राजस्थान और महाराष्ट्र का नम्बर है जहां इस बीमारी से दो-दो जनों की मौत हुई, जबकि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, ओडीशा, तमिलनाडू, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल में एक-एक जने की मौत हुई। इसके साथ ही भारत में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 5 लाख 28 हजार 302 हो गई है। भारत में इसके एक्टिव केस बढ़कर 46 हजार 848 हो गए, जबकि रिकवर हुए मरीजों की संख्या 4 करोड़ 39 लाख 53 हजार 374 है जिससे रिकवरी रेट 98.71 प्रतिशत हो गई है। डेली पॉज़िटिविटी रेट 1.69 प्रतिशत और वीकली रेट 1.74 प्रतिशत रही।

करोना वैक्सीनेशन के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अब तक 216.14 करोड़ वैक्सीन लगाई जा चुकी है, जिसमें पिछले 24 घंटों में लगाई गई 23.92 लाख वैक्सीन्स शामिल हैं। अब तक 89.12 प्रतिशत टैस्ट किए जा चुके हैं, जिनमें पिछले 94 घंटों में किए गए 3.40 लाख टैस्ट शामिल हैं।

## प्रदेश अध्यक्ष...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। सभी नेताओं ने हाथ खड़े करके राहुल गांधी के प्रति समर्थन जताकर सियासी तौर पर मैसेज देने का प्रयास किया। गहलोत ने खुद सदस्यों की मंशा रखी, इसलिए सियासी तौर पर इसका महत्व है। गहलोत ने एक बार फिर राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने के लिए हाथ खड़े करवाकर मुद्दे को हवा देने का प्रयास किया है कि सभी लोग राहुल गांधी को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। इसके पीछे एक बार फिर अशोक गहलोत की यह मंशा भी निकल कर आ रही है, जिसमें कि वह बार-बार ऐसा जाहिर कर रहे हैं कि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनना चाहते। जबकि पिछले सप्ताह ही खुद अशोक गहलोत ने बयान दिया था कि यदि आलाकमान और सोनिया गांधी कहेगी, तो वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए तैयार हैं। अब प्रदेश कांग्रेस सदस्यों की बैठक में उनकी ओर से प्रदेश रिटर्निंग अधिकारी के जाने के बाद सदस्यों से राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने की मंशा पूछने को लेकर कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

इस बैठक में 400 में से आधे सदस्य भी मौजूद नहीं रहे और जानकारी के मुताबिक करीब 175 सदस्य ही इस बैठक में मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चूंकि प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य भी होते हैं, लेकिन इसके बावजूद डॉ बी डी कल्ला को छोड़कर सचिन पायलट, नारायण सिंह, डॉ चंद्रभान, डॉ गिरिजा व्यास बैठक में मौजूद नहीं थे। वहीं सरकार के कई मंत्री भी बैठक में मौजूद नहीं थे।

# अमेरिकी मीडिया में प्र.मंत्री मोदी की बढ़ा-चढ़ाकर तारीफें छपीं

## वॉशिंगटन पोस्ट और द न्यूयॉर्क टाइम्स ने प्र.मंत्री की राष्ट्रपति पुतिन को दी गई सीख को लीड बनाकर पेश किया

- **द न्यूयॉर्क टाइम्स ने शीर्षक दिया, भारत के नेता ने पुतिन को बताया कि, यह दौर युद्ध का नहीं है। अखबार ने लिखा है कि, बैठक का लहजा मित्रवत था और दोनों नेताओं ने अपने पुराने साझा इतिहास का जिक्र किया। मोदी के टिप्पणी करने से पहले पुतिन ने कहा कि, वह यूक्रेन में युद्ध को लेकर भारत की चिंताओं को समझते हैं।**
- **वॉशिंगटन पोस्ट ने तो इस घटना को और एक कदम बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया, इस न्यूज पेपर ने लिखा, मोदी ने पुतिन को आश्चर्यजनक रूप से सार्वजनिक फटकार लगाते हुए कहा कि, आधुनिक दौर युद्ध का युग नहीं है और मैंने आपसे इस बारे में पहले फोन पर भी बातचीत की है। इसमें कहा गया कि, इस निंदा के कारण पुतिन सब तरफ से अत्यधिक दबाव में आ गए हैं।**

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। अमेरिकी मीडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को जमकर तारीफ की। यह सराहना रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को पीएम मोदी की ओर से दी गई सीख को लेकर हुई। मोदी ने पुतिन से शुक्रवार को कहा था कि यह यूक्रेन में युद्ध करने का समय नहीं है। दरअसल, मोदी और पुतिन के बीच उज्बेकिस्तान के समरकंद में बातचीत हुई, जिसे अमेरिकी मीडिया ने बड़ी कवरेज दी है। द वॉशिंगटन पोस्ट ने टाइटल दिया, मोदी ने यूक्रेन में युद्ध के लिए पुतिन को फटकार लगाई। इस न्यूजपेपर ने लिखा, मोदी ने पुतिन को आश्चर्यजनक रूप से सार्वजनिक फटकार लगाते हुए कहा... आधुनिक दौर युद्ध का युग नहीं है और मैंने आपसे इस बारे में फोन पर बात की है। इसमें कहा गया कि इस निंदा के पुतिन सब तरफ से अत्यधिक दबाव में आ गए हैं।

पुतिन ने मोदी से कहा, मैं यूक्रेन में संघर्ष पर आपका रुख जानता हूं, मैं आपकी चिंताओं से अवगत हूं, जिनके बारे में आप बार-बार बताते रहते हैं। हम इसे जल्द से जल्द रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, विरोधी पक्ष यूक्रेन के नेतृत्व ने बातचीत प्रक्रिया छोड़ने का ऐलान किया। उसने कहा कि वह सैन्य माध्यमों से यानी युद्धक्षेत्र में अपना लक्ष्य हासिल करना चाहता है। फिर भी, वहां जो भी हो रहा है, हम आपको उस बारे में सूचित करते रहेंगे। यह द वाशिंगटन पोस्ट और द न्यूयॉर्क टाइम्स के वेबपेज की मुख्य खबर थी। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने शीर्षक दिया, भारत के नेता ने पुतिन को बताया कि यह युद्ध का दौर नहीं है। उसने लिखा, बैठक का लहजा मित्रवत था और दोनों नेताओं ने अपने पुराने साझा इतिहास का जिक्र किया। मोदी के टिप्पणी करने से पहले पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध को लेकर भारत की चिंताओं को समझते हैं। न्यूजपेपर ने कहा, मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग की यूक्रेन के हमले के बाद पुतिन के साथ पहली आमने-सामने की बैठक के एक दिन बाद टिप्पणियां कीं।

## ज्ञानवापी मस्जिद...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पक्ष प्लेस ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रोविजन्स) एक्ट 1991 को बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा सकता है, जिसके तहत 1947 के बाद से सभी धर्मस्थलों के विवाद को खारिज कर दिया गया, सिर्फ अयोध्या को इससे अलग रखा गया था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के (ए.आई.एम.पी.एल.बी.) के महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि जिला जज ने 1991 के कानून का उल्लंघन किया है जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे अनिवार्य करार दिया था। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि जिला जज ने 1991 के कानून की उपेक्षा की और उन याचिकाओं को खारिज करने की बजाय स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि जिला जज का आदेश अंतिम नहीं है। मुस्लिम संगठन सुप्रीम कोर्ट जाएंगे 1991 के कानून के क्रियान्वयन के लिए। ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध समिति ने जिला जज के फैसले का विश्लेषण करने के लिए कई वकीलों से बात की है। ज्ञानवापी मस्जिद - श्रृंगार गौरी केस में वादी रेखा पाठक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में कैविएट दायर की है कि कोई भी फैसला देने से पूर्व उसका पक्ष सुना जाए।

# अमित शाह की सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई?

हैदराबाद, 17 सितम्बर। तेलंगाना राष्ट्रीय समिति (टी आर एस) नेता गोसुला श्रीनिवास ने हैदराबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के काफिले के सामने अपनी कार खड़ी कर दी। यह देख होम मिनिस्टर की सिक्योरिटी टीम ने गाड़ी वहां से हटवा दी। वहीं, श्रीनिवास ने उनके ऊपर दबाव डालने का आरोप लगाया है। साथ ही उनकी गाड़ी के साथ तोड़फोड़ भी हुई है।

टीआरएस नेता गोसुला श्रीनिवास ने कहा, मेरी कार को जिस तरह से रोका गया, उसे देखकर मैं टेंशन में आ गया। पुलिस अधिकारियों से इसकी मैं शिकायत करूंगा। उन्होंने मेरी गाड़ी में तोड़फोड़ की है।

यह एक गैर-जरूरी तनाव है जिसे जानबूझकर खड़ा किया गया। मालूम हो कि गृह मंत्री शाह ने शनिवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हैदराबाद की मुक्ति का श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया। उन्होंने वोट बैंक की राजनीत के कारण मुक्ति दिवस मनाने के वादे से मुकर जाने वालों पर निशाना साधा।

# निज़ाम शासन से मुक्ति दिवस या...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वर्ष होने वाले राज्य विधान सभा चुनाव तथा 2024 के आम चुनावों में होने वाली टक्कर को मद्देनजर रखे हुये था। आज का दिन दोनों पक्षों द्वारा पूरे वर्ष किये जाने उन आयोजनों का शुभारम्भ था, जिनमें शाब्दिक आतिशबाजी पूरे वर्ष, एक वर्ष के अन्दर ही होने वाले विधानसभा चुनावों तक, देखने को मिलती रहेगी। 1948 में आज के दिन, अर्थात् 17 सितम्बर को ही, तत्कालीन केन्द्रीय गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा की गई सैन्य कार्यवाही के बाद हैदराबाद स्टेट, जहाँ उस समय निज़ाम का शासन, भारतीय संघ में शामिल कर लिया गया था।

के.सी.आर. तथा उनकी सरकार पर अमित शाह के चुभते हुये हमले के जवाब में, के. चन्द्रशेखर राव ने अपनी आक्रामक प्रतिक्रिया में भाजपा को एक ऐसी विभाजनकारी ताकत बताया, जो राज्य की शान्ति एवं भाईचारे का नष्ट करने के लिये कमर कसे हुये हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा कि भाजपा की हर योजना पराजित एवं नेस्तानाबूद कर दी जायेगी। आज के दिन, जो 1948 में हैदराबाद के भारतीय संघ में शामिल होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, के.सी.आर. ने कहा कि भाजपा का आयोजन उसके ''विभाजक एजेंडा'' से जुड़ा हुआ है। ''तेलंगाना नेशनल इंटीग्रेशन डे'' मनाते हुये, मुख्यमंत्री ने नामपल्ली के पब्लिक गार्डन्स में राष्ट्र ध्वज फहराया, और उससे कुछ ही दूरी पर, केन्द्रीय गृहमंत्री ने भी राष्ट्रध्वज फहरा कर ''हैदराबाद लिबरेशन डे'' बनाया।

राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुये, केन्द्रीय गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि इस जगह (तेलंगाना) के शासक वोट बैंक की राजनीति के कारण आज के दिन को मुक्ति दिवस के रूप में मनाने की हिम्मत नहीं कर सकते। प्रसंगवश बता दे कि मुख्यमंत्री ने मुक्ति दिवस का आमंत्रण स्वीकार नहीं किया था। उन्होंने आमन्त्रण स्वीकार करने के स्थान पर, यह सवाल कर डाला कि ''भाजपा 9 नवम्बर को गुजरात की जूनागढ़ रियासत के भारत में हुये एकीकरण का जश्न क्यों नहीं मनाती, हैदराबाज पर ही फोकस करना क्यों चाहती है।'' भाजपा, जिसने पिछले आम चुनाव में तेलंगाना से 4 लोकसभा सीटें जीती थीं, इस बार और भी अच्छा प्रदर्शन करने की सुखद कल्पनाओं में खोई हुई है, क्योंकि वहाँ अब कांग्रेस कमजोर हो गई है। वस्तुतः भाजपा नेता यह मानकर चल रहे हैं कि टी.आर.एस. और कांग्रेस भविष्य में मिल जायेंगी उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे लोगों से मिलते समय, अपनी बातचीत में इस बात को जरूर कहें।

आज के भाषण, जो साफ तौर पर एक चुनावी भाषण था, में के.सी.आर. ने उनकी सरकार द्वारा पिछले आठ साल में किये गये काम बार-बार गिनाये तथा लोगों का स्मरण दिलाया कि राज्य को अपने अधिकारों गरिमा एवं स्वाभिमान की खातिर किस तरह लड़ना पड़ा था।

के.सी.आर. ने कहा, ''हमारे सामने वैसी स्थिति फिर से नहीं आनी चाहिये। .........आपको तेलंगाना दिलाने वाले व्यक्ति के रूप में, आपको इस बात के प्रति सचेत करना मेरा प्राथमिक कर्तव्य है कि इस प्रदेश को उसी दुर्व्यवस्था की स्थिति में मत पहुँच जाने देना।.........हमें तरक्की की ओर आगे बढ़ ते रहने की जरूरत है।'' उन्होंने ''बाँटने के एजेंडा'' वाले दल के खिलाफ आगाह करते हुये कहा कि ऐसे लोगों से होशियार रहिये, जो धर्म का दुरूपयोग कर रहे हैं तथा लोगों को बाँट रहे हैं। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुये कहा कि वे आगे के संघर्ष के लिय तैयार रहें।

# अपनी लगातार जीत से चिंतित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। इनमें हथियारों के अधिक सहयोग और रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का जिक्र किया गया है। यह घोषणा ज़ैलेन्स्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंद्रीय यर्माक और नाटो के पूर्व महासचिव आंद्रे फो रॉस्मसन ने की। यर्माक ने कहा ''हमें एक ऐसी मिलिटरी फोर्स की जरूरत है जो आक्रमणकारी को अपूरणीय क्षति पहुंचा सके। सुरक्षा गारंटियों का उद्देश्य ऐसी शक्ति बनने के लिए मदद पाना है।''

प्रकट रूप से, कीव द्वारा प्रस्तुत पैकेज मॉस्को को नागवार गुजरा है। यूक्रेन पर किया गया सुनियोजित आक्रमण इतना अधिक श्रमसाध्य रहा है कि राष्ट्रपति पुतिन और उनके अधिकारियों ने ऐसी उम्मीद नहीं की होगी। हाल ही के हफ्तों में गंभीर क्षति पहुंचने के बावजूद रूस अब भी स्वयं को पूर्वी यूरोप की एक पूर्व प्रतिष्ठित शक्ति के रूप में देखता है और अपनी शक्ति के सामने आने वाली किसी भी चुनौती के प्रति उसने कठोर प्रतिक्रिया दी है। रूस की सुरक्षा-परिषद के उपाध्यक्ष दमित्री मेदवेदेव के अनुसार कीव की मित्र मण्डली ने ''सुरक्षा गारंटियों'' के एक ऐसे प्रोजैक्ट की आशंका प्रकट कर दी है जो तीसरे विश्व युद्ध की एक प्रस्तावना है।

उन्होंने कहा कि ''वास्तव में, यूक्रेन के नाज़ियों को कोई भी किसी प्रकार की गारंटी नहीं देगा, आखिरकार ऐसा करना नाटो संधि में अनुच्छेद 5 को लागू करने के समान है। मेदवेदेव ने आगे कहा कि ''यदि ये बेवकुफ इस तरह के हथियारों से कीव सरकार को निरंतर उकसाना जारी रखेंगे तो आज नहीं तो कल सैन्य अभियान अन्य स्तर पर पहुंच जाएगा।'' ''उसके बाद सब कुछ जल उठेगा। उनके लोग पूर्णतया दुःखी हो जाएंगे, उनकी भूमि सचमुच जल उठेगी और पत्थर भी पिघल जाएंगे। हमें भी भारी क्षति होगी। यह हर किसी के लिए बहुत बुरा होगा।'' गत फरवरी माह में किए गए आक्रमण के लिए यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की चुनौती को प्रमुख कारण के रूप में देखा जा रहा है और पश्चिमी देशों को ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकृत करने से पूर्व बहुत ध्यानपूर्वक सोचना होगा, जिसे तीसरे विश्व युद्ध के पूर्व संकेत के रूप में देखा जाता हो।

## नीतीश-सोनिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अगले सप्ताह या 25 सितम्बर के आसपास मुलाकात का समय मांगा है जिसमें वे अपनी चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। वे इण्डियन नैशनल लोकदल के संस्थापक और पूर्व उप प्रधानमंत्री देवी लाल की जयंती में भाग लेने के लिए दिल्ली आ रहे हैं। इस उपलक्ष में अगले रविवार 25 सितम्बर को एक रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली में कई विपक्षी नेता एकत्रित होंगे क्योंकि आई.एन.एल.डी. के प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला ने नीतीश कुमार, शरद पवार, अखिलेश यादव और डॉ. फारुख अब्दुल्लाह को बुलाया है। नीतीश इन नेताओं से पहले ही मिल चुके हैं तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और वामपंथी नेताओं से भी मुलाकात कर चुके हैं। नीतीश खेमे के सूत्रों ने कहा कि वे सोनिया से मुलाकात कर उन्हें तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.सी. आर., दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तथा प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मतभेद दूर करने के लिए समझाएंगे। गत यात्रा में नीतीश राहुल गांधी से मिल चुके हैं पर सोनिया से नहीं मिल पाए थे क्योंकि तब वे विदेश में थीं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908